@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

शनिवार, 24 अगस्त 2024

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 288 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# पुतिन और जेलेंस्की को युद्ध नहीं, समाधान का संदेश देकर लौटे प्रधानमंत्री मोदी

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 23 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की यात्रा और राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ संयुक्त वक्तव्य के साथ अमेरिका सहित दुनिया को भारत के रुख के बारे में बता दिया है। प्रधानमंत्री ने भरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि युद्ध के मैदान से समस्या का समाधान नहीं निकल सकता। जेलेंस्की की मौजूदगी में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने रूस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी इस बारे में स्पष्ट कहा था। प्रधानमंत्री ने अपील की कि रूस और यूक्रेन को युद्ध की स्थिति से बाहर आने के लिए दोनों को आपसी सहमति की मेज पर आना चाहिए। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा से इसी तरह की उम्मीद की जा रही थी। माना जा रहा है कि यूक्रेन की यात्रा से पहले भारत के विदेश मंत्रालय ने रूस और अमेरिका, दोनों को विश्वास में लिया था। प्रधानमंत्री ने जिस अंदाज में राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात की, उससे भी इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रधानमंत्री की इस यात्रा पर अमेरिका, रूस, चीन, यूरोपीय देश समेत दुनिया के देशों की निगाह थी। संयुक्त राष्ट्र भी इस यात्रा से उम्मीद लगाकर बैठा था। वायुसेना के पूर्व एयर वाइस मार्शल एनबी सिंह कहते हैं कि प्रधानमंत्री ने संदेश देने की कोशिश की है कि भारत न तो रूस का पिछलग्गू है और न उसकी अमेरिका के पीछे घूमने की मंशा है। भारत एक स्वतंत्र, निष्पक्ष विदेश नीति वाला संप्रभु राष्ट्र है। भारत संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुरुप शांति प्रिय लोकतांत्रिक देश है। हाल ही में प्रधानमंत्री रूस गए थे। वहां राष्ट्रपति पुतिन से मिले थे। मोदी जब रूस जा रहे थे, उसी समय अमेरिका में नाटो के देश बैठक कर रहे थे। इसकी टाइमिंग और रूस में पुतिन से प्रधानमंत्री के गले मिलना, ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर दुनियाभर से छींटाकशी की गई थी। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी नाखुशी जाहिर की थी। अमेरिका की भी प्रतिक्रिया आई थी। हालांकि, प्रधानमंत्री ने अपनी इस यात्रा के दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध पर पुतिन से बात की थी। यूक्रेन में बच्चों के अस्पताल पर रूस के हमले को लेकर भी प्रधानमंत्री भारत की संवेदना जाहिर की थी। एनबी सिंह कहते हैं कि इसके बाद प्रधानमंत्री यूक्रेन गए हैं। आज वहां उनकी राष्ट्रपति जेलेंस्की से वार्ता हुई है। प्रधानमंत्री ने यूक्रेन में भी अपने रूख को उसी आत्मविश्वास से जाहिर किया है। विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी एसके शर्मा कहते हैं कि यूक्रेन की यात्रा सबकुछ संतुलित करने के उद्देश्य से थी। यह एक सफल यात्रा में बदल गई है। भारत को जो संदेश देना था, वह उसने दे दिया है। वरिष्ठ पत्रकार रंजीत कुमार का कहना है कि प्रधानमंत्री ने मास्को और कीव में रूस-यूक्रेन के बीच में संघर्ष को लेकर कोई अलग बात नहीं की है। प्रधानमंत्री का जेलेंस्की की मौजूदगी में पुतिन से हुई वार्ता का हवाला देना भी कोई सामान्य बात नहीं है। इससे अधिक इस यात्रा से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती थी। सामरिक और रणनीतिक मामलों के जानकार अनिल शर्मा कहते हैं कि भारत जैसे देश से इससे अधिक क्या उम्मीद की जा सकती है। यह दुनिया को पता है कि भारत के चाहने से युद्ध नहीं रुकेगा। इस युद्ध से यूरोप समेत दुनिया के तमाम देशों को बड़ा नुकसान हो रहा है, लेकिन भारत ने जो पहल की है, वह बड़ी बात है। अनिल शर्मा कहते हैं कि जब से रूस-यूक्रेन सैन्य संघर्ष चल रहा है, तब से दुनिया के सभी बड़े देश दो खेमों में बंटे हैं।



## पुरानी पेंशन को एनपीएस में बदलने का फार्मूला, सरकार को नहीं होगा घाटा

नई दिल्ली, 23 अगस्त। देश में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बहस छिड़ी है। सरकारी कर्मचारी संगठन, केंद्र पर लगातार दबाव बनाए हुए हैं कि उन्हें गारंटीकृत पुरानी पेंशन ही चाहिए। वित्त मंत्रालय की कमेटी 15 जुलाई को स्टाफ साइड जेसीएम के प्रतिनिधियों से चर्चा कर चुकी है। उस चर्चा में सरकार की तरफ से जो बातें कहीं गई, उन पर कर्मचारी संगठन सहमत नहीं दिखाई पड़े थे। अब पीएम मोदी, शनिवार को स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे। कर्मचारी नेताओं के मुताबिक, दरअसल, सरकार केवल एनपीएस सुधार पर बात करना चाहती है, जबकि कर्मचारी संगठन, ओपीएस की मांग कर रहे हैं। नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मंजीत सिंह पटेल, कहते हैं कि कर्मियों को गारंटीकृत पेंशन सिस्टम ही चाहिए। उन्होंने सरकार को वह फार्मूला भी सुझाया है कि किस तरह से सरकार, एनपीएस को ओपीएस में बदल सकती है। पटेल कहते हैं कि अगर एनपीएस में ओपीएस वाले सारे फायदे मिल रहे हैं तो नाम से कोई मतलब नहीं है। पेंशन स्कीम का कोई भी नाम रखा जा सकता है। उन्होंने सरकार को एक ऐसा सुझाव दिया है, जिसमें एनपीएस को ओपीएस में बदलकर केंद्र सरकार हर साल एक लाख करोड़ रुपये के राजस्व की वापसी कर सकती है। बतौर डॉ. मंजीत पटेल, सरकार पर आर्थिक बोझ को कम करने और पेंशन के लिए मार्केट से व्यवस्था करने के उद्देश्य से 01.01.2004 से पुरानी पेंशन व्यवस्था को त्यागकर नेशनल पेंशन सिस्टम को अमल में लाया गया था। पश्चिम बंगाल को छोड़कर सभी राज्यों में अलग अलग समय पर इस नई पेंशन व्यवस्था को लागू कर दिया गया। पिछले सात आठ वर्षों से इस व्यवस्था के खिलाफ राज्यों और केंद्र में बड़े बड़े आंदोलन चल रहे हैं। कुछ राज्यों ने यथा सिक्किम, नागालैंड, पंजाब ने इस मसले पर कमेटियां गठित की हैं और कई राज्यों ने यथा हिमाचल, झारखंड, राजस्थान आदि ने ओल्ड पेंशन को फिर से लागू करने के आदेश जारी किए हैं। आंदोलन के बढ़ते दबाव के चलते केंद्र सरकार ने भी पिछले वर्ष 2023 के अप्रैल में एनपीएस को रिव्यू करने के लिए एक कमेटी गठित की थी।

## बदलापुर में प्रदर्शन करने वालों पर दर्ज केस वापस हों: उद्धव ठाकरे

**कौमी संवाददाता**

मुंबई, 23 अगस्त। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बदलापुर कांड को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों के खिलाफ मामले को वापस लेने की मांग ली। बता दें कि बदलापुर के एक स्थानीय स्कूल में दो किंडरगार्टन लड़कियों के कथित यौन शोषण के खिलाफ बदलापुर में लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। एक न्यूज कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि विपक्षी गुट महाविकास अघाड़ी (एमवीए) ने 24 अगस्त को महाराष्ट्र बंद का आह्वान किया है। जाति और धर्म से ऊपर उठकर लोगों से इसमें भाग लेने का आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि दोपहर दो बजे तक बंद का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार पर भड़कते हुए ठाकरे ने कहा कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामले को वापस ले लेना चाहिए। महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने ढाई साल की बच्ची के




शरीर को जलाने के आरोप में एक निजी आश्रम के निदेशक के खिलाफ मामला दर्ज किया। यह अपराध मई और जुलाई के बीच किया गया। यह मामला तब प्रकाश में आया, जब एक बच्ची की दादी ने आरोपी दत्तगाइसमुधरे से मुलाकात की। दादी ने बच्ची के पेट, पीठ और कान के पीछे जलने वाले घाव देखे। बच्ची के माता-पिता भीख मांगते हैं। दादी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। ठाणे में शुक्रवार को एक खाड़ी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। ठाणे फायर स्टेशन को सुबह के 10:20 बजे फोन के जरिए शव के बारे में बताया गया। दमकल की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने शव को बाहर निकाला। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए एमवीए के सीएम चेहरे के बारे में पूछे जाने पर एनसीपी-एससीपी नेता शरद पवार ने कहा, जहां तक मेरी पार्टी का सवाल है, इसमें किसी को रुचि नहीं है। हम किसी को सीएम के चेहरे के तौर पर पेश नहीं कर रहे हैं। हम केवल सरकार में बदलाव चाहते हैं। महाराष्ट्र के नंदुरबार में उस समय दो महिलाएं बेहोश हो गई, जब नंदुरबार जिले में एक राष्ट्रीयकृत बैंक के बाहर भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि ये सभी लोग महाराष्ट्र सरकार की माझी लड़की बहिन योजना के लिए दस्तावेज जमा करने के लिए एकत्र हुए थे। मामले में एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब 1 बजे धड़गांव में भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा के बाहर हुई। उन्होंने बताया कि माझी लड़की बहिन योजना के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया के लिए दस्तावेज जमा करने के लिए सुबह से ही 100 से अधिक लोग, जिनमें से अधिकांश महिलाएं थीं, बैंक के बाहर एकत्र हुए थे।

## प्रधानमंत्री के विश्वासघात का जीता-जागता स्मारक है मनरेगा: खरगे

नई दिल्ली, 23 अगस्त। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को मनरेगा योजना को लेकर केंद्र सरकार की जमकर आलोचना की। खरगे ने आरोप लगाया कि मनरेगा की आज जो स्थिति है, वह प्रधानमंत्री मोदी के ग्रामीण भारत से विश्वासघात का जीता जागता स्मारक है। खरगे ने कहा कि 2005 में इसी दिन कांग्रेस के नेतृत्व वाली तत्कालीन यूपीए सरकार ने ग्रामीण भारत के करोड़ों लोगों को काम का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) लागू किया था। सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में खरगे ने लिखा कि वर्तमान में देश में 13.3 करोड़ सक्रिय श्रमिक हैं जो कम मजदूरी, बेहद कम कार्यदिवस और जॉब कार्ड रद्द होने के बावजूद मनरेगा पर निर्भर हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि प्रौद्योगिकी और आधार का उपयोग करने की आड़ में मोदी सरकार ने सात करोड़ से ज्यादा श्रमिकों के जॉब कार्ड रद्द कर दिए हैं। इसके चलते ये लोग मनरेगा से कट गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि मनरेगा के लिए इस साल का बजट आवंटन कुल बजटीय आवंटन का सिर्फ 1.78 प्रतिशत है, जो 10 साल का सबसे कम है। खरगे ने तर्क दिया कि मोदी सरकार द्वारा कम आवंटन इस योजना को कृत्रिम रूप से दबाने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि हाल ही में संसद की स्थायी समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि मनरेगा के तहत दी जाने वाली दैनिक मजदूरी अपर्याप्त है। उदाहरण के लिए, 2014 से उत्तर प्रदेश के लिए दैनिक मजदूरी दर में प्रति वर्ष सिर्फ 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि महंगाई इससे कहीं अधिक बढ़ी है।

# शरद पवार ने की महाराष्ट्र बंद का आह्वान वापस लेने की अपील

**सौरभ शर्मा**

मुंबई, 23 अगस्त। बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को देखते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) द्वारा आहूत 'महाराष्ट्र बंद' को वापस लेने की शुक्रवार को अपील की। शनिवार (24 अगस्त) के बंद का आह्वान विपक्षी गठबंधन द्वारा किया गया था, जिसमें राकांपा (एसपी) भी एक घटक है। बंद का आह्वान ठाणे जिले के बदलापुर में एक स्कूल में चार वर्षीय दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न के विरोध में किया गया था। पवार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि बंद का आह्वान संविधान में निहित मौलिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए किया गया था, लेकिन न्यायपालिका का भी सम्मान किया जाना चाहिए। इससे पहले दिन में, बंबई उच्च न्यायालय ने राजनीतिक दलों या व्यक्तियों को महाराष्ट्र बंद का आह्वान करने से रोक दिया। मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार बंद को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पवार ने कहा, ''समय का अभाव होने के कारण उच्च न्यायालय के आदेश (बंद पर) के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में अपील करना संभव नहीं है। भारतीय न्यायपालिका एक संवैधानिक संस्था है और दिए गए आदेश के सम्मान में बंद का आह्वान वापस लिया जाना चाहिए।'' राज्यसभा सदस्य पवार ने कहा कि बदलापुर स्कूल में हुई शर्मनाक घटना को लेकर जबरदस्त रोष है और लोगों के गुस्से की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए बंद का आह्वान किया गया था। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख पटोले ने महाराष्ट्र बंद पर कहा कि वह अदालत के आदेश का सम्मान करेंगे, लेकिन मुंह पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराएंगे। मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उसने 24 अगस्त को होने वाले महाराष्ट्र बंद के संबंध में विपक्षी दलों के गठबंधन एमवीए के नेताओं व कार्यकर्ताओं को नोटिस भेजे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एमवीए ने ठाणे जिले के बदलापुर के एक स्कूल में किंडरगार्टन (केजी) की दो छात्राओं के यौन उत्पीड़न के विरोध में शनिवार को राज्य में बंद का आह्वान किया है। एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (एसपी) शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि शहर में कोई अप्रिय घटना न हो यह सुनिश्चित करने के लिए एमवीए के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को ये नोटिस भेजे गए हैं। अधिकारी ने बताया कि नोटिस में नेताओं और कार्यकर्ताओं से शांतिपूर्वक बंद का पालन करने का आग्रह किया गया है।



# नेपाल बस हादसा: 24 की मौत 15 घायल अस्पताल में भर्ती

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

महराजगंज, 23 अगस्त। गोरखपुर से यात्रियों को लेकर नेपाल गई एक भारतीय बस शुक्रवार को पोखरा से काठमांडो जाने के दौरान नेपाल तनहुन के अबुखैरेनी में मार्स्यांगडी नदी में गिर गई। जिसमें बस चालक समेत 24 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 15 लोग घायल हैं। सूचना के बाद सीमावर्ती जिला महराजगंज के नौतनवा तहसील के एसडीएम और सोनौली पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। घटना सोनौली सीमा से करीब 170 किमी दूर मस्यागड़ी नदी में घटी है। तनाहुन के एसपी वीरेंद्र शाही ने बताया कि मार्सयांगडी अंबुखैरेनी ग्रामीण नगर पालिका के वार्ड नंबर दो स्थित ऐन पहरा के पास नदी में बस गिर गई। स्थानीय पुलिस कार्यालय के निरीक्षक अबू खैरेनी मौके पर पहुंच गए हैं। नेपाल में यात्रियों को ले जा रही बस के नदी में गिरने से बड़ा हादसा हो गया। शुरुआती जानकारी में बस के नदी में गिरने से 24 भारतीयों की मौत हो गई। इस बस में कुल 42 यात्री सवार थे। राजधानी काठमांडो में अपने गंतव्य से लगभग 110 किलोमीटर दूर तनहुन जिले में मार्सयांगडी नदी में गिर गई, जिससे ये दर्दनाक हादसा हुआ। बस पोखरा से काठमांडो जा रही थी। दुर्घटना के बाद राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। सेना और पुलिस की रेस्क्यू टीम ने 24 शवों को बरामद किया और 15 घायलों को बाहर निकालने में कामयाबी पाई। दुर्घटनाग्रस्त बस पोखरा के मझेरी रिजार्ट में ठहरे हुए भारतीय को लेकर काठमांडो जा रही थी। बताया जा रहा है कि गोरखपुर सिटी के एक ट्रेवल्स से बस को बुक किया था। महाराष्ट्र के सभी यात्री इलाहाबाद से बस में सवार हुए थे। सभी यात्री पहले चित्रकूट गए फिर वहां से गोरखपुर होते हुए नेपाल गए थे। कुल तीन बस बुक कराई गई थीं। पर्यटकों के दल में कुल 110 लोग थे। जिस बस की दुर्घटना हुई है वह 45 सीट की है। इसमें एक नाबालिक और दो चालक-सहचालक सहित 42 यात्री सवार थे। जिसमे 16 लोगों को निकाल कर उपचार के लिए अस्पताल में ले जाया गया है।



## ओडिशा विधानसभा में हंगामा, स्पीकर के आसन तक पहुंचे विधायक

भुवनेश्वर, 23 अगस्त। ओडिशा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान बीजू जनता दल और कांग्रेस के विधायकों ने जमकर हंगामा किया। वे गंजम जिले में शराब त्रासदी को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। कार्यवाही के दौरान बीजेडी और कांग्रेस के नेता सदन के बीचों-बीच आकर हंगामा किया। कुछ विधायक तो विधानसभा अध्यक्ष के आसन तक भी पहुंच गए। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें आसन के पास से दूर किया। विपक्ष राज्य के आबकारी मंत्री के इस्तीफे की भी मांग कर रहा है। दरअसल, चिकिटी प्रखंड के माउंडपुर, जेनसाही और करबालुआ गांवों के करीब 20 लोग सोमवार शाम एक स्थानीय गैर-लाइसेंसी दुकान से देसी शराब पीने के बाद बीमार पड़ गए थे। इनमें से दो की मौत भी हो गई थी। 13 का बेहरामपुर के एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। विपक्ष ने जहरीली शराब से हुई मौतों का मुद्दा ओडिशा विधानसभा में लगातार दो दिन तक उठाया। बीजद ने अवैध देशी शराब की दुकानों के प्रसार को रोकने में विफल रहने के लिए राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की। इस मुद्दे पर बुधवार और गुरुवार को सदन की कार्यवाही बाधित हुई। इससे पहले आबकारी मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि राज्य सरकार सभी अवैध देसी शराब की दुकानों को बंद करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने गुरुवार को बेहरामपुर में एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दौरा कर बीमार लोगों से मुलाकात की थी। मंत्री ने कहा था कि मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि सभी पीड़ितों का मुफ्त इलाज किया जाएगा।

# सीबीआई को मिली आरोपी संजय रॉय की रिमांड

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 23 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) और राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी है। हालांकि बंगाल में अभी भी डॉक्टर प्रदर्शन कर रहे हैं। कोलकाता की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या मामले के मुख्य आरोपी संजय रॉय पर पॉलीग्राफ परीक्षण करने की अनुमति दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अदालत ने पहले ही मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और चार अन्य डॉक्टरों पर झूठ का पता करने वाले परीक्षण की मंजूरी दी है। ये सभी 8-9 अगस्त की मध्यरात्रि में अस्पताल में ड्यूटी पर थे। सीसीटीवी फुटेज और डॉक्टर के शव के पास पाए गए एक ब्लूटूथ उपकरण मिलने के बाद रॉय की गिरफ्तारी हुई, जिन्हें कॉलेज के सेमिनार हॉल में प्रवेश करते देखा गया था। जहां महिला डॉक्टर का शव मिला था। सीबीआई आरजी कल मेडिकल कॉलेज के पूर्व अधिकारी अख्तर अली के आरोपों की भी जांच करेगी। अख्तर अली ने संदीप घोष पर वित्तीय अनियमितता के आरोप लगाए थे। कोलकाता मामले के आरोपी संजय रॉय की रिमांड सीबीआई को मिल गई है। पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद आज आरोपी संजय रॉय को अदालत में पेश किया गया। जहां से अदालत ने आरोपी की रिमांड सीबीआई को सौंप दी। अदालत ने सीबीआई को संजय रॉय की 14 दिन की रिमांड दी है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले में आरोपी संजय राय को आज अदालत में पेश किया गया। इस दौरान अदालत में जमकर हंगामा हुआ क्योंकि वकील संजय रॉय का विरोध कर रहे थे। वकीलों में आरोपी के खिलाफ भारी गुस्सा है। कोलकाता की घटना को लेकर भाजपा समर्थकों ने शुक्रवार को नंदीग्राम पुलिस स्टेशन में हंगामा किया। भाजपा समर्थकों ने थाना घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस दौरान भाजपा समर्थक पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। भाजपा के 100 से ज्यादा समर्थकों ने पुलिस स्टेशन में बैरिकेड तोड़ दिए और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की भी की। प्रदर्शनकारियों में महिलाएं भी शामिल थीं। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी भी की। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में ब्रिटेन में विरोध प्रदर्शन हुआ। इस दौरान भारतीय छात्रों, विभिन्न संस्थाओं और प्रवासी संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। महिला संगठनों ने गुरुवार को लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर और ब्रिटेन के कई अन्य शहरों में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर शांति मार्च आयोजित किया। वहीं स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया - यूनाइटेड किंगडम (एसएफआई-यूके) ने बुधवार को लिवरपूल शहर में एक मार्च का आयोजन किया। आरजी कर कॉलेज एवं अस्पताल में डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मुख्य आरोपी संजय रॉय को कोलकाता स्थित छ्व्क्रढ्ढ कार्यालय से सियालदह कोर्ट ले जाया गया। आज उसकी पुलिस हिरासत खत्म हो रही है। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कोलकाता मामले पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों पर कहा कि आज ममता बनर्जी के मगरमच्छी आंसुओं का कोई मतलब नहीं है क्योंकि उनके कामों में सिर्फ क्रूरता भरी हुई है। क्यों उनकी सरकार ने संदीप घोष को एक बार फिर ह्रस्ष्ठ (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) बनाकर पुरस्कृत किया है? पहले तो उन्हें 4 घंटे में बहाल कर दिया गया। उन पर कार्रवाई करने की बजाय उन्हें स्पेशल पोस्टिंग दे दी गई। हमने यह भी देखा है कि कैसे बंगाल सरकार के वकील कपिल सिब्बल कोर्ट में हंस रहे थे और वकीलों और जजों को उनसे कहना पड़ा कि यह हंसने वाली बात नहीं है। कल सुप्रीम कोर्ट ने स्नढ्ढक्रमें देरी के लिए ममता बनर्जी सरकार को फटकार लगाई। उसने कहा कि 30 साल में ऐसी विसंगतियां कभी नहीं देखीं।



## अंतरिक्ष दिवस भविष्य में स्पेस सेक्टर में किए जाने वाले कामों की परिकल्पना: इसरो चीफ

नई दिल्ली, 23 अगस्त। पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि यह दिन भविष्य में अंतरिक्ष क्षेत्र में किए जाने वाले कामों की परिकल्पना है। अंतरिक्ष दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ नई दिल्ली के भारत मंडपम में एक प्रदर्शनी में शिरकत की। इस प्रदर्शनी में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और भारत की उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में इसरो चेयरमैन एस सोमनाथ ने कहा कि बीते साल हमने सफलतापूर्वक चंद्रयान-3 मिशन को लॉन्च किया था। हमने कभी इसकी कल्पना नहीं की थी कि इसका इतना व्यापक असर होगा। मिशन के कुछ दिन बाद प्रधानमंत्री ने कंट्रोल सेंटर का दौरा किया और 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने का एलान किया। साथ ही चंद्रयान-3 की लैंडिंग वाली जगह को शिव-शक्ति पॉइंट का नाम दिया। सोमनाथ ने कहा कि आज देशभर के शैक्षिक संस्थानों, विज्ञान संगठनों, एनजीओ आदि में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। इसे लेकर बहुत उत्साह का माहौल है। इसरो चीफ ने कहा कि मैं इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि क्योंकि उन्होंने ही देश में अंतरिक्ष कार्यक्रमों को बनाने प्रेरणा और दूरदृष्टि दी। इसरो चीफ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भी अंतरिक्ष संबंधी गतिविधियों में रुचि दिखाने के लिए धन्यवाद दिया। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस देश में अंतरिक्ष संबंधी इको-सिस्टम को बनाने में मदद करेगा। भारत 23 अगस्त, 2024 को अपना पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मना रहा है। 2023 में, इसी दिन, चंद्रयान 3 ने चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग पूरी की। भारत चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा देश और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के निकट उतरने वाला पहला देश बना।



## आईएईए प्रमुख ग्रॉसी कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र का दौरा करेंगे



**एजेंसी**

**वियना।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी अगले सप्ताह रूस के कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र का दौरा करेंगे। आईएईए ने रूसी समाचार एजेंसी स्पूतनिक को यह जानकारी दी। वियना में अंतरराष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थायी प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने कहा कि श्री ग्रॉसी की यात्रा अगले सप्ताह की शुरुआत में होने की संभावना है। आईएईए ने कहा, हम अगले सप्ताह यात्रा के होने की पुष्टि कर सकते हैं।

## पाकिस्तान में स्कूल वैन पर गोलीबारी, दो बच्चों की मौत, पांच घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के अटक जिले में एक स्कूल वैन पर अज्ञात लोगों की ओर से की गयी गोलीबारी में दो बच्चों की मौत हो गयी और पांच बच्चों समेत छह लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ढेरी कोट इलाके में हुए इस जघन्य हमले में दो बच्चों की मौत हो गयी और पांच बच्चे घायल हो गये। मारे गये और घायल हुए सभी बच्चों की उम्र 10 से 12 साल के बीच थी।



घटना में स्कूल वैन का ड्राइवर भी घायल हुआ है। स्थानीय अखबार 'डॉन' के अनुसार, घायलों और शवों को अस्पताल ले जाया गया है। क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी (आरपीओ) बाबर सरफराज अल्पा ने बताया कि इस घटना को आपसी रंजिश के कारण अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा, गोलियां ड्राइवर को निशाना बनाकर चलायी गयी थीं, लेकिन बच्चे भी इनकी चपेट में आ गये। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने घटना की निंदा की है और कहा है कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। श्री जरदारी ने एक बयान में कहा, मासूम बच्चों को निशाना बनाना एक जालिम और शर्मनाक कृत्य है।

## इलेक्ट्रिक स्कूटर चार्ज करते समय लगी आग, चार बच्चों समेत छह लोगों की दर्दनाक मौत

**बेलग्राड।** सर्बिया में एक घर में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में चार बच्चे शामिल हैं। सर्बिया के उत्तरी शहर नोवी साद में शुक्रवार की सुबह एक घर में आग लग गई। आग सुबह तीन बजे लगी। सर्बियाई पुलिस ने बताया कि आग की सूचना पर जब पुलिस और मेडिकल टीम मौके पर पहुंची तो सभी पीड़ितों की मौत हो चुकी थी।



नोवी साद शहर सर्बिया की राजधानी बेलग्राड से करीब 90 किलोमीटर दूर है। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच से ऐसा लग रहा है कि इलेक्ट्रिक स्कूटर को चार्ज करते समय आग लगी। मृतकों में शामिल चार बच्चों की उम्र दो से सात साल के बीच है। पुलिस मृतकों की शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है। माना जा रहा है कि सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य थे।

## ब्रिटिश यूट्यूबर को भारतीयों का मजाक उड़ाना पड़ा महंगा, परमाणु हमले की धमकी देने पर घिरे; हटानी पड़ी पोस्ट

**लंदन।** ब्रिटिश यूट्यूबर माइल्स रूटलेज एक बार फिर चर्चाओं में है। उसने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भारतीयों का मजाक बनाते हुए एक के बाद एक कई नस्लवादी टिप्पणियां की हैं। इतना ही नहीं भारत का मजाक बनाते हुए उसने देश पर परमाणु बम गिराने की बात तक कह दी। इससे सोशल मीडिया यूजर्स का गुस्सा भड़क गया है। लोगों ने नस्लवादी टिप्पणियों के लिए माइल्स की कड़ी आलोचना की। इस पर यूट्यूबर ने अपने पोस्ट हटा लिए। रूटलेज ने अपने वीडियो में भारतीयों के बात करने के तरीके का भी मजाक उड़ाया। उसने एक अलग ट्वीट में भारत का मजाक बनाते हुए परमाणु हथियार लॉन्च करने की धमकी दी। उसने कहा, %जब मैं इंग्लैंड का प्रधानमंत्री बनूंगा तो मैं ब्रिटिश हितों और मामलों में हस्तक्षेप करने वाली किसी भी विदेशी शक्ति को स्पष्ट चेतावनी के रूप में परमाणु साइलो खोलूंगा। मैं बड़ी घटनाओं के बारे में बात नहीं कर रहा हूं।

# कमला हैरिस ने राष्ट्रपति पद के लिए 'डेमोक्रेटिक उम्मीदवारी' स्वीकार की, अपनी मां को किया याद

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी नेता कमला हैरिस ने शुक्रवार को शिकागो में पार्टी के एक सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी को आधिकारिक तौर पर स्वीकार कर लिया। इसके बाद उन्होंने अपने भाषण में अपनी और अपनी भारतीय मां के बारे में बहुत सी बातें बताईं। उनकी मां श्यामला गोपालन भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक थीं।

कमला ने कहा कि उनके जमैकी मूल के पिता डोनाल्ड जैस्पर हैरिस ने उन्हें हमेशा 'निडर' बनने के लिए प्रेरित किया और उनकी मां श्यामला गोपालन ने उन्हें जिंदगी में हमेशा 'कठोर और साहसी' बनने की शिक्षा दी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उनकी बहन माया का भी उनकी जिंदगी पर विशेष प्रभाव रहा है। वह कहती हैं कि 'मेरी मां ने उन्हें (खुद के साथ बहन माया को भी) अन्याय के बारे में कभी शिकायत न कर इसके खिलाफ लड़ना सिखाया है।' उन्होंने कहा, 'मेरी मां श्यामला हैरिस



एक अनोखी शख्सियत थीं। अब उनकी मुझे रोज याद आती है। मुझे पता है कि वह आज मेरी उम्मीदवारी स्वीकार करने के मौके पर वह आसमान से नीचे देख कर मुस्कुरा रही होंगी।' अपनी मां के बारे में बताते हुए हैरिस ने कहा कि उनकी मां सिर्फ 19 साल की उम्र में वैज्ञानिक बनने के सपने को लेकर अकेले अमेरिका आई थीं। वह आगे कहती हैं, 'मेरी मां 19 साल की थीं जब उन्होंने अकेले भारत से अमेरिका के कैलिफोर्निया की यात्रा की। उनका सपना स्तन कैंसर का इलाज ढूंढने वाली वैज्ञानिक बनने का था। जब उन्होंने अपनी पढ़ाई खत्म की तो तो उन्हें पारंपरिक तरीके से शादी कर घर लौटना चाहिए था। लेकिन उनकी किस्मत को कुछ और मंजूर था। इसके बाद वह जमैका के एक छात्र, मेरे पिता डोनाल्ड हैरिस से मिली। वे प्यार में पड़ गए, फिर उन्होंने शादी कर ली।' अपने पिता के बारे में बात करते हुए, हैरिस ने कहा, 'मेरे शुरुआती जीवन में, उन्होंने मुझे निडर होना सिखाया। इसके बाद मेरे माता-पिता के बीच तालमेल नहीं रहा। जब मैं शुरुआती शिक्षा ले रही थी तब वह अलग हो गए... यह मेरी मां ही थी, जिन्होंने हमें पाला।'

अपने भाषण के दौरान, उन्होंने 'अमेरिकियों को एकजुट करने वाली' और 'अमेरिका के भविष्य के लिए लड़ने वाली' राष्ट्रपति बनने की भी शपथ ली। इसके बाद उन्होंने कहा, 'इस चुनाव के साथ, देशवासियों के पास पुराने बुरे अनुभवों, निराशावाद और विभाजनकारी झगड़ों से आगे बढ़ने का एक बहुमूल्य अवसर है। किसी एक पार्टी या गुट के सदस्य के रूप में नहीं बल्कि अमेरिकियों के रूप में हमें आगे बढ़ने का एक नया रास्ता तैयार करने का यह सबसे अच्छा मौका है।'

# आइसलैंड में ज्वालामुखी विस्फोट शुरू



**एजेंसी**

**रेक्जाविक।** आइसलैंड में ग्रिंडाविक शहर के पास ज्वालामुखी विस्फोट शुरू हो गया है और आस-पास के इलाके को खाली करने की घोषणा की गई है। आरयूवी ब्रॉडकास्टर ने शुक्रवार को ग्रिंडाविक फायर चीफ ईनार स्वेन जोंसन का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ज्वालामुखी विस्फोट एक शक्तिशाली भूकंप के बाद हुआ।

श्री जोंसन ने कथित तौर पर कहा कि इलाके को खाली करने का काम लगभग पूरा हो चुका है लेकिन निकाले जाने वाले लोगों की सही संख्या अज्ञात है। वहीं आइसलैंडिक मौसम सेवा के प्रवक्ता बेनेडिक्ट ओफेगसन ने कहा कि दरार लगभग 1.5 किलोमीटर लंबी है और ज्वालामुखी का लावा तेज गति से बह रहा है। श्री ओफीगसन ने ब्रॉडकास्टर को यह कहते हुए उद्धृत किया 'अभी यह संभावना नहीं है कि ग्रिंडाविक खतरे में है लेकिन हम इस बारे में निश्चितता के साथ कुछ भी नहीं कह सकते हैं जब तक कि चीजें स्थिर नहीं हो जातीं।

उल्लेखनीय है कि आइसलैंड बड़ी टेक्टोनिक प्लेटों के चौराहे पर स्थित है और वहां उच्च ज्वालामुखी गतिविधि आम बात है।

# पाकिस्तान के पंजाब में घात लगाकर किए गए हमले में 11 पुलिसकर्मियों की मौत

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में डकैतों द्वारा पुलिस वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में कम से कम 11 पुलिसकर्मी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, हमला प्रांत के रहीम यार खान जिले के माचका इलाके में हुआ, जब डाकुओं ने 20 से अधिक पुलिसकर्मियों को लेकर जा रही दो पुलिस वैन पर रॉकेट से हमला किया, जो इलाके में एक चेक पोस्ट पर साप्ताहिक ड्यूटी से लौट रहे थे। पुलिस ने कहा कि अचानक रॉकेट हमला तब हुआ जब वाहन में खराबी आ गई और पुलिसकर्मी ऑटोमोटिव मरम्मत के लिए रुके, जिससे 11 पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। हमले के बाद, बचाव और पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, जहां कम से कम दो पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर है।



घटना पर संज्ञान लेते हुए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पुलिस काफिले पर हमले की कड़ी निंदा की और हमलावरों के खिलाफ तत्काल और प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा, 'पुलिसकर्मी अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना अपराधियों और आतंकवादियों से भिड़ते हैं।

पूरा देश पुलिस बल के बहादुर और समर्पित अधिकारियों और कर्मियों को श्रद्धांजलि देता है।

# बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का राजनयिक पासपोर्ट किया रद्द

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को दिए जा रहे 30 फीसदी आरक्षण के विरोध को लेकर पूरे देश में हुए खूनी संघर्ष के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत आईं शेख हसीना का राजनयिक पासपोर्ट अब रद्द कर दिया गया है। बांग्लादेशी गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनके सलाहकारों, पूर्व कैबिनेट सदस्यों और हाल ही में भंग हुई राष्ट्रीय संसद के सभी सदस्यों को अपने राजनयिक पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। समाचार एजेंसी के अनुसार, जारी किया गया यह निर्देश उनके परिवार के सदस्यों पर भी लागू होता है। अधिसूचना पर गृह मंत्रालय के वरिष्ठ सूचना अधिकारी फैसल हसन के हस्ताक्षर हैं। जिसमें राजनयिक पासपोर्ट जमा करने पर सामान्य पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया का विवरण दिया गया है। निर्देशों में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि अगर कोई व्यक्ति अपना



राजनयिक पासपोर्ट जमा करने में विफल रहता है तो उसके खिलाफ क्या कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें, बांग्लादेश में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए देश की तमाम सरकारी नौकरियों में दिए जा रहे आरक्षण के विरोध में एक जुलाई से प्रदर्शन की शुरुआत छात्रों ने की थी। पांच जून को ढाका हाईकोर्ट ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को आरक्षण को फिर से लागू करने का आदेश दिया था।

बांग्लादेश में 30 फीसदी नौकरियों में 1971 के स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के बच्चों के अलावा पौत्र-पौत्रियों के लिए, प्रशासनिक जिलों के लोगों के लिए 10 फीसदी, महिलाओं के लिए 10 फीसदी, जातीय अल्पसंख्यक समूहों को 5 फीसदी और विकलांगों को 1 फीसदी आरक्षण नौकरियों में दिया जा रहा है। इसके अलावा बांग्लादेश में आरक्षण व्यवस्था के अंतर्गत महिलाओं, विकलांगों और जातीय अल्पसंख्यक लोगों के लिए भी सरकारी नौकरियों में आरक्षण का प्रावधान पहले से ही है। इस रिजर्वेशन सिस्टम को 2018 में वहां की सुप्रीम कोर्ट द्वारा निलंबित कर दिया गया।

# यूक्रेन ने काला सागर में खड़ी नाव पर किया हमला, रूसी नौसेना ने 17 लोगों को बचाया

**एजेंसी**

**मॉस्को।** रूस के काला सागर बंदरगाह कावकाज पर खड़ी एक नाव पर यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने हमला किया। नाव पर सवार कुल 17 लोगों को रूसी नौसेना ने बचा लिया है। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी है।

रूसी नेशनल गार्ड के दक्षिणी जिले ने अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल के माध्यम से जारी एक बयान में कहा, यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा कावकाज बंदरगाह में नौका पर हमला करने के बाद रूसी गार्ड की नौसैनिक टुकड़ी ने बचाव अभियान में भाग लिया। हुए हमले में 30 ईंधन टैंक ले जा रही फ़ेरी को निशाना बनाया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, कावकाज बंदरगाह केर्च जलडमरूमध्य के पूर्वी



किनारे पर क्रास्नोडार क्षेत्र में स्थित है। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनामिन कोंद्रायेव ने पुष्टि की कि हमले में हुई क्षति के कारण नौका डूब गई थी, हालांकि बंदरगाह के भीतर आग लगने की कोई सूचना नहीं मिली। ईंधन के फैलाव को रोकने के लिए उपाय किए गए थे। इससे पहले गुरुवार को, रूस के वोल्गोग्राड क्षेत्र में एक सैन्य सुविधा में यूक्रेनी ड्रोन हमले से आग लग गई थी। रूसी वायु रक्षा बलों ने हमले को सफल नहीं होने दिया। इस कारण से अधिकांश यूक्रेनी ड्रोन नष्ट हो गए। इसकी जानकारी वोल्गोग्राड के गवर्नर आंद्रेई बोचारोव को क्षेत्रीय प्रशासन के

**रूसी नेशनल गार्ड के दक्षिणी जिले ने अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल के माध्यम से जारी एक बयान में कहा, यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा कावकाज बंदरगाह में नौका पर हमला करने के बाद रूसी गार्ड की नौसैनिक टुकड़ी ने बचाव अभियान में भाग लिया।**

टेलीग्राम चैनल द्वारा दिया गया। बता दें कि यह हमला मारिनोवका गांव के पास हुआ। इस दौरान यूक्रेनी ड्रोन ने एक रूसी सैन्य स्थल को निशाना बनाया। हालांकि, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# दशिमक के आसमान में विस्फोटों की आवाजें सुनाई दी



**एजेंसी**

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दशिमक के आसमान में विस्फोटों की आवाजें सुनाई दी गयी है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि सीरियाई वायु रक्षा बलों द्वारा हवाई लक्ष्यों पर गोलीबारी किए जाने के कारण दमिश्क के केंद्र में विस्फोटों की आवाज़ें सुनी गईं।

सीरियाई राजधानी के ऊपर आसमान में विस्फोटों की आवाज़ें सुनी गईं एवं आसमान में हवाई लक्ष्यों पर वायु रक्षा प्रणालियाँ भी काम करती देखी गईं। बाद में सीरियाई राज्य समाचार एजेंसी ने बताया कि सीरियाई वायु रक्षा बल दमिश्क के उपनगरों में इज़राइली हमलों को पीछे हटा रहे थे।

# पीएम मोदी ने पोलैंड के राष्ट्रपति के साथ यूक्रेन, पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों पर की चर्चा

**एजेंसी**

**वारसॉ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज सेबेस्टियन डूडा ने यहां बेल्वेडर पैलेस में हुई द्विपक्षीय बैठक में दौरान खाद्य प्रसंस्करण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ऊर्जा और बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत-पोलैंड साझेदारी को गहरा करने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने बैठक के बाद बताया, उन्होंने भारत-पोलैंड संबंधों को बढ़ाकर रणनीतिक साझेदारी में बदलने का स्वागत किया। उन्होंने यूक्रेन और पश्चिम एशिया में संघर्षों सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन गंगा के दौरान यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को निकालने में पोलैंड की अमूल्य और समय पर सहायता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

मंत्रालय ने कहा कि दोनों देश नागरिकों के लिए अधिक लाभ सुनिश्चित करने के लिए एक सामाजिक सुरक्षा समझौते पर भी सहमत हुए हैं।

बैठक के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत पोलैंड के साथ मधुर संबंधों को बहुत महत्व



देता है। हम आने वाले समय में दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए तत्पर हैं। राष्ट्रपति डूडा के कार्यालय ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच चर्चा के प्रमुख विषयों में से एक यूक्रेन में चल रहे युद्ध और इसके वैश्विक परिणाम थे।

पोलैंड के राष्ट्रपति के अंतर्राष्ट्रीय नीति ब्यूरो के प्रमुख मिज़्को पावलक ने बैठक से पहले घोषणा की कि राष्ट्रपति डूडा और प्रधानमंत्री मोदी के बीच बातचीत का एक महत्वपूर्ण विषय प्रधानमंत्री मोदी की हाल की मास्को यात्रा के संदर्भ में सुरक्षा मुद्दे और यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रामकता के अलावा स्विट्जरलैंड में शांति शिखर सम्मेलन के दौरान बातचीत और शांति प्रक्रिया में इसकी भूमिका भी होगी, जिसमें भारत ने भाग लिया था।

पोलिश वेब पोर्टल इंटरिया के साथ एक साक्षात्कार में पावलक ने कहा कि ÷चर्चा का एक अतिरिक्त आयाम राष्ट्रपति डूडा की हाल की चीन यात्रा होगी÷। पीएम मोदी की पोलैंड यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ पर हो रही है। पोलैंड में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की आखिरी यात्रा 1979 में हुई थी। इससे पहले, पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ बातचीत के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने पोलैंड की कंपनियों को मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड पहल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। टस्क ने कहा कि पूरी दुनिया भारत की शासन व्यवस्था की निरंतर लोकतांत्रिक प्रकृति की प्रशंसा करती है, जो 'दुनिया के उस हिस्से में आम नहीं है'। परस्पर सहयोग के लिए कई क्षेत्रों की पहचान करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पोलैंड खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी है और पोलिश कंपनियां भारत में स्थापित किए जा रहे मेगा फूड पार्कों में शामिल हो सकती हैं। उन्होंने यूक्रेन और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्षों के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि यह सभी के लिए गहरी चिंता का विषय बना हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत का दृढ़ विश्वास है कि युद्ध के मैदान में किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया जा सकता। किसी भी संकट में निर्दोष लोगों की जान जाना पूरी मानवता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। हम शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए बातचीत और कूटनीति का समर्थन करते हैं। इसके लिए भारत अपने मित्र देशों के साथ मिलकर हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है।

# अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ से 10 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**काबुल।** अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ के कारण दस लोगों की मौत हो गई है। देश के राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के एक अधिकारी ने यह जानकारी साझा की है। समाचार एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार, प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनान सैक ने बताया कि हाल के दिनों में देश के कुछ हिस्सों में अचानक आई बाढ़ के कारण 10 लोगों की जान चली गई और आठ अन्य घायल हो गए।

सैक ने ात कहा कि प्राकृतिक आपदा की घटनाओं में 100 आवासीय घर पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट हो गए और कृषि भूमि को गंभीर नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण के कार्यवाहक प्रमुख ने सभी प्रांतीय अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया। मई के बाद से युद्धग्रस्त देश के विभिन्न हिस्सों में बारिश के कारण हुई दुर्घटनाओं में लगभग 400 लोगों की मौत हो गई है, सैकड़ों अन्य घायल हो गए हैं, साथ ही संपत्ति को भारी



नुकसान हुआ है। सूचना और संस्कृति के प्रांतीय निदेशक कुरैशी बैडलोन ने बुधवार को कहा कि पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत के कुछ हिस्सों में अचानक आई बाढ़ के कारण कम से कम एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हो गई है और सात अन्य घायल हो गए हैं।

अधिकारी के अनुसार, मंगलवार रात भारी बारिश के कारण प्रांतीय राजधानी जलालाबाद शहर और पड़ोसी सुर्ख रॉड जिले में अचानक बाढ़ आ गई, प्रारंभिक जानकारी में 18 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है।

# यूक्रेन ने कुर्स्क में रूसी परमाणु संयंत्र पर हमला करने की कोशिश की : पुतिन

**एजेंसी**

**मॉस्को,।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दावा किया कि यूक्रेनी सेना ने कुर्स्क क्षेत्र में आक्रमण के दौरान कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) पर हमला करने का प्रयास किया था। आरटी की रिपोर्ट के अनुसार, कैबिनेट की बैठक में पुतिन ने कहा, कल रात, दुश्मन ने परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हमला करने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को सूचित कर दिया गया है। उन्होंने खुद आने और स्थिति का आकलन करने के लिए विशेषज्ञों को भेजने का वादा किया है। मुझे उम्मीद है कि वे वास्तव में ऐसा करेंगे। इस महीने की शुरुआत में हजारों सैनिकों ने कुर्स्क क्षेत्र में प्रवेश किया और कुरचटोव शहर तक पहुंचने का प्रयास किया, जहां परमाणु संयंत्र स्थित है। मॉस्को ने आक्रमण को आतंकवादी कृत्य घोषित किया है और आक्रमणकारियों को पीछे हटाने के लिए अतिरिक्त सैनिकों को तैनात किया है।

आईएईए के पास पहले से ही यूरोप की सबसे बड़ी ऐसी सुविधा जापोरिज्जिया एनपीपी पर काम करने वाले पर्यवेक्षक हैं। मिशन को 2023 की गर्मियों में तैनात किया गया था, क्योंकि यूक्रेनी सैनिकों ने संयंत्र को जब्त करने का प्रयास किया था। रूसी मीडिया के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में, यूक्रेन के एक ड्रोन हमले में प्लांट के कूलिंग टावर में से एक में आग लग गई थी।

रूसी मीडिया के अनुसार, रोसाटॉम के सीईओ एलेक्सी लिखाचेव ने आईएईए प्रमुख राफेल ग्रॉसी के साथ दोनों बिजली संयंत्रों की स्थिति पर चर्चा की है और उन्हें व्यक्तिगत रूप से स्थिति का आकलन करने के लिए कुर्स्क आने के लिए आमंत्रित किया है।

रिपोर्टों के अनुसार, ग्रॉसी ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है और अगले सप्ताह कुर्स्क जाने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद, वह यूक्रेन जाकर यूक्रेनी नेता वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की से बात करेंगे। ग्रॉसी के अनुसार, आईएईए कुर्स्क एनपीपी के पास किसी भी लड़ाकू अभियान को लेकर बहुत चिंतित है, क्योंकि यह दुर्घटनाग्रस्त चेरनोबिल एनपीपी के समान ही रिएक्टर संचालित करता है, जिसका कोर काफी खुला हुआ है।

उन्होंने कहा कि मारक क्षमता के भीतर सैनिकों की उपस्थिति मेरे और एजेंसी के लिए बहुत चिंता का विषय है। लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि उनका मतलब किस सेना से था। मास्को ने परमाणु संयंत्रों पर हमलों के अपराधी की पहचान न करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी की बार-बार आलोचना की है। उनका दावा है कि आईएईए के कर्मचारी अच्छी तरह से जानते हैं कि यूक्रेन इसके लिए जिम्मेदार है।

# मोदी ने प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर बधाई दी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को प्रथम 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' पर देशवासियों को बधाई दी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर सभी को बधाई। हम अंतरिक्ष क्षेत्र में अपने देश की उपलब्धियों को बड़े गर्व के साथ याद करते हैं। यह हमारे अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के योगदान की सराहना करने का भी दिन है। हमारी सरकार ने इस क्षेत्र से संबंधित कई भविष्योन्मुखी निर्णय लिए हैं और आने वाले समय में हम और भी अधिक करेंगे। उल्लेखनीय है कि देश के चंद्रयान-3 मिशन ने 23 अगस्त 2023 को चांद की सतह पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग पूरी की थी एवं इसके बाद प्रज्ञान रोवर की सफल तैनाती की गई। इसके कारण ही 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' घोषित किया गया।

# माथुर ने धनखड़ से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शुक्रवार को सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने यहां मुलाकात की। उपराष्ट्रपति ने सोशल



मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी दी। श्री माथुर ने उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में श्री धनखड़ से मुलाकात की एवं उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया।

# बम की झुठी खबर : एयर इंडिया का विमान त्रिवेंद्रम में उतरा




**नई दिल्ली।** मुंबई से तिरुवनंतपुरम जा रहे एयर इंडिया के एक विमान को सुबह लगभग साढ़े सात बजे बम की धमकी मिली, जिसके बाद विमान को आपात स्थिति में तिरुवनंतपुरम हवाईअड्डे पर उतारना पड़ा। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी। अधिकारियों ने कहा कि 135 यात्रियों के साथ एआई 657 (बॉम्बे-त्रिवेंद्रम) उड़ान सुबह लगभगआठ बजे सुरक्षित रूप से उतरी और उतरने के बाद हवाईअड्डे पर पूरी तरह से निकासी कर ली गई। विमान की जांच के बाद दोपहर 12.10 बजे आपातकाल हटा लिया गया। सूत्रों ने कहा कि वापसी उड़ान एआई 658, जो सुबह 8.45 बजे के लिए निर्धारित थी, जिस रद्द कर दिया गया लेकिन एयर इंडिया ने यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की।

# जून में 21.67 लाख नये कर्मचारी ईएसआईसी से जुड़े

**नई दिल्ली ।** इस साल जून में 21.67 लाख से अधिक नये कर्मचारी ईएसआईसी से जुड़े जो रोजगार में वृद्धि की तरफ इशारा करता है। रोजगार पाने वालों में इन व्यक्तियों में बड़ी संख्या में युवा हैं।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के मुताबिक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा जारी अनंतिम पे-रोल डाटा बताता है कि जून 2024 में 21.67 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। जून, 2024 में 13,483 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई स्कीम के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है, जिससे अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इसके अतिरिक्त, जून 2023 की तुलना में शुद्ध पंजीकरण में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। आंकड़ों से यह पता चलता है कि जून माह के दौरान जोड़े गए कुल 21.67 लाख कर्मचारियों में से 10.58 लाख 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं। यह कुल पंजीकरण का लगभग 49 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त, पेरोल डेटा के जेंडर-वार विश्लेषण से पता चलता है कि जून 2024 में महिला सदस्यों का शुद्ध नामांकन 4.32 लाख रहा है। इसके अतिरिक्त, जून 2024 में कुल 55 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी ईएसआई स्कीम के तहत पंजीकरण कराया है, जो समाज के हर वर्ग को इसका लाभ पहुंचाने की ईएसआईसी की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है।

# दिल्ली पुलिस का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा, कहा मालीवाल पर हमले के पीछे बड़ी साजिश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष दिल्ली पुलिस ने 13 मई को राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर किए गए 'क्रूर हमले' के पीछे बड़ी साजिश का दावा करते हुए आरोपी बिभव कुमार की जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया है।

दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से 12 जुलाई को जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को चुनौती देने वाली बिभव की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करते हुए पुलिस ने शीर्ष अदालत के समक्ष यह विरोध दर्ज कराया। पुलिस ने हालांकि कहा, इसके (हमले के) बाद के दिनों में जिम्मेदार लोक सेवकों द्वारा लिए गए विरोधाभासी सार्वजनिक रुख की भी सही परिप्रेक्ष्य में जांच की जानी चाहिए ताकि यह पता लगाया जा सके कि याचिकाकर्ता के हाथों शिकायतकर्ता/पीड़ित पर किए गए क्रूर हमले के पीछे कोई बड़ी साजिश थी या नहीं। पुलिस ने कहा कि






अपराध के तुरंत बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और याचिकाकर्ता काफी समय तक साथ थे। याचिकाकर्ता बिभव श्री केजरीवाल का करीबी और उनके सरकारी आवास पर हुए इस कथित हमले का आरोपी है।हलफनामे में पुलिस ने यह भी कहा कि अपराध के बाद के दिनों में घटना के संबंध में पार्टी के दो जिम्मेदार व्यक्तियों ने भी पूरी तरह से अपना रुख बदल लिया था। पुलिस ने कहा कि यह 'बहुत गंभीर मामला' है, क्योंकि पीड़िता दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी की मौजूदा सांसद है। उन्हें बहुत संवेदनशील स्थान (मुख्यमंत्री आवास) पर 'बेरहमी से पीटा गया'।

पुलिस ने अदालत के समक्ष कहा, पीड़िता काफी समय तक दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रहीं। उन पर इस तरह का हमला समाज में महिलाओं की सुरक्षा पर संदेह पैदा करता है। पुलिस ने यह भी कहा कि इस घटना का आम जनता के मन पर गहरा असर पड़ा है और उक्त मामले में किसी भी निर्णय का जनता के मन पर व्यापक असर पड़ेगा। याचिकाकर्ता पर आरोप है कि उसने 13 मई को यहां श्री केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर सुश्री मालीवाल पर हमला किया था। उसके खिलाफ 16 मई को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद उसे 18 मई को उसे गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के खिलाफ महिला को निर्वस्त्र करने के इरादे से उस पर आपराधिक बल का प्रयोग करने, हमला करने या आपराधिक हत्या करने का प्रयास करने से संबंधित धाराएं लगाई गई हैं।

# भारत और श्रीलंका के सैन्य अधिकारियों ने रक्षा सहयोग पर चर्चा की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के सैन्य अधिकारियों ने परस्पर हित और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के मुद्दों पर (सीडीएस) जनरल शैवेंद्र सिल्वा के साथ टेली कॉल पर बातचीत की तथा भारत और श्रीलंका के बीच चल रहे संयुक्त सैन्य अभ्यास मिरता शक्ति



चर्चा की है। सेना के प्रवक्ता ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा, सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने श्रीलंका के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ 2024 सहित आपसी हित और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की।

भारत और श्रीलंका की सेनाओं के बीच संपर्क और आदान-प्रदान की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है।

# शाह तीन दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आएंगे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आएंगे।

इस दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल होंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार श्री शाह आज रात 10 बजे रायपुर हवाईअड्डा पहुंचेंगे। वह हवाईअड्डे से सीधे मेफेयर रिजॉर्ट जाएंगे। वह 24 अगस्त की सुबह 10.30 बजे महाप्रभु वल्लभाचार्य आश्रम चंपारण का दौरा करेंगे एवं 11.30 रायपुर के निजी होटल से इंटर स्टेट को-ऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक लेंगे जिसमें छत्तीसगढ़ और उससे जुड़े सात राज्यों के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से चर्चा करेंगे।

श्री शाह नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के सुरक्षा एवं विकास संबंधी बैठक में दोपहर 2.30 शामिल होंगे। इसके बाद 25 अगस्त की सुबह 10.30 बजे एनसीबी ऑफिस का उद्घाटन करेंगे साथ ही 25 अगस्त की दोपहर 1.30 बजे निजी होटल में सहकारिता के विस्तार संबंधी बैठक में शामिल होंगे जिसमें सहकारी संगठनों के कामकाज और विकास पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके बाद वह दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# हेमंत सोरेन संवैधानिक पद पर बैठकर लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रहे है : शिवराज सिंह चौहान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार भाजपा के जन आक्रोश रैली से डर चुकी है और इस आंदोलन को कुचल नहीं सकती है। श्री चौहान ने अधिकारियों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के इशारे पर जो लोग ऐसा कर रहे हैं अगर वे लोग अलोकतांत्रिक तरीके से उन्होंने आंदोलन को रोकने की



कोशिश की तो हम लोग लोकतंत्र का पालन करने वाले लोग हैं हमें तो इंदिरा नहीं रोक पाई तो हेमंत क्या रोकेंगे। अधिकारियों को समझनी होगी कि यह दो महीने की सरकार है। श्री चौहान ने कहा कि डीजीपीको आदेश दे रहे हैं । एसपी को आदेश दे रहे हैं,भाजपा को रोको । कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करो। बसे रोक रहे है। भाजपा कार्यकर्ताओं को जेल भेजेंगे। भाजपा डरने वाली नही है।बस मालिकों को रांची न जाने की हिदायत दे कर धमकाया जा रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को जगह जगह रोका जा रहा है। श्री चौहान ने कहा कि यह अन्याय की अति है, जुल्म की पराकाष्ठा है। एक डरा हुआ मुख्यमंत्री हीं ऐसा कर सकता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन से ना झारखंड संभल रहा है ना पार्टी संभल रही। चौहान ने चेतावनी देते हुए कहा कि बीजेपी के कार्यकर्ता ऐसी गीदडभभकी से डरने वाले नहीं है हम अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे, हमारा कार्यकर्ता लड़ेगा। झारखंड की जनता को अहिंसतात्मक तरीके से न्याय दिलाकर रहेंगे। हेमंत सोरेन सरकार

# अमित शाह को रेप्को बैंक ने सौंपा 19 करोड़ से अधिक का चेक, खूब खुश दिखे गृहमंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सरकारी उद्यम रेप्को बैंक से लाभांश के रूप में 19.08 करोड़ रुपये का चेक प्राप्त किया. यह बैंक गृह मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में है. शाह ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 11 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर दर्ज करने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने पर रेप्को बैंक को बधाई दी. रेप्को बैंक (रिपैट्रिएट्स कोऑपरेटिव एंड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट बैंक) एक सहकारी बैंक है जिसकी स्थापना भारत सरकार ने 1969 में पड़ोसी देशों मुख्य रूप से श्रीलंका और बर्मा से आए प्रवासियों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए की थी. अब यह बैंक कई तरह की वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराता है.

गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ÷आज गृह मंत्रालय की ओर से रेप्को बैंक के चेयरमैन ई संथानम तथा प्रबंध निदेशक ओ एम गोकुल से भारत सरकार की शेयर पूंजी पर



लाभांश के रूप में 19.08 करोड़ रुपये का चेक प्राप्त किया। गृह मंत्रालय के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बैंक ने यह सिद्ध कर दिया है कि राष्ट्र की सेवा के लिए प्रतिबद्धता से क्या हासिल किया जा सकता है.

रेप्को बैंक एफएफआर डिवीजन, गृह मंत्रालय और भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में है. संवैधानिक रूप से, बैंक एक बहु-राज्य सहकारी समिति है. बैंक को भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की राज्य सरकारों के सहयोग से बढ़ावा दिया गया था.

**इन राज्यों में काम करता है बैंक**

बैंक का परिचालन क्षेत्र दक्षिण भारतीय तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी तक फैला हुआ है. बैंक का मुख्यालय चेन्नई में है. भारत सरकार के पास बैंक में सबसे बड़ी हिस्सदारी है. 31.03.2023 तक बैंक की कुल 152.43 करोड़ रुपये शेयर पूंजी में भारत सरकार का हिस्सा 76.32 करोड़ रुपये, तमिलनाडु सरकार 7.13 करोड़, आंध्र प्रदेश सरकार के पास 1.05 करोड़, तेलंगाना सरकार के पास 0.75 करोड़, केरल सरकार 0.61 करोड़, कर्नाटक सरकार के पास 0.17 करोड़ रुपये और प्रत्यावर्तित और अन्य 'ए' श्रेणी शेयर धारक 66.40 करोड़ रुपये था.

# भारत- ब्राजील ने समुद्री सुरक्षा सहयोग बढाने के उपायों पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** भारत और ब्राजील ने साझा समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से मिलकर निपटने तथा समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढाने के उपायों पर चर्चा की है। भारत की यात्रा पर आये ब्राजील नौसेना के कमांडर एडमिरल मार्कोस सैम्पाइओ ओलसेन ने यहां नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी से मुलाकात की और परिचालन संबंधी गतिविधियों, तकनीकी सहयोग तथा प्रशिक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इससे पहले ब्राजीलियाई कमांडर का साउथ ब्लॉक लॉन में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ाना और समुद्री सुरक्षा में साझा चुनौतियों पर सहयोग करने के लिए समान विचार वाली नौसेनाओं की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करना है।

भारतीय नौसेना विभिन्न पहलों के माध्यम से ब्राजील की नौसेना के साथ सहयोग करती है, जिसमें परिचालन संबंधी बातचीत, प्रशिक्षण सहयोग और अन्य समुद्री क्षेत्र शामिल हैं। दोनों नौसेनाएं मिलन और भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका समुद्री (आईबीएसएएमएआर) जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भी बातचीत करती रही हैं। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग संयुक्त रक्षा समिति के माध्यम से किया जाता है, जिसका संचालन संबंधित रक्षा मंत्रालयों द्वारा किया जाता है। ब्राजीलियाई नौसेना के कमांडर का दिल्ली में रक्षा सचिव, राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक और सेना उप प्रमुख से मिलने का भी कार्यक्रम है।

एडमिरल ओलसेन गुरुग्राम में सूचना संलयन केंद्र- हिंद महासागर क्षेत्र भी जाएंगे और रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेंगे। वह मुंबई का भी दौरा करेंगे, जहां वह पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के साथ बातचीत करेंगे, साथ ही स्वदेशी युद्धपोतों और पनडुब्बियों, नौसेना डॉकयार्ड, और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड का दौरा भी करेंगे।


**PUBLIC NOTICE**

Public at large is hereby informed that my client Sh. Joginder Singh S/o late Sh. Jile Singh R/o S-4/2, Old Mahaveer Nagar, Tilak Nagar, West Delhi, Delhi-110018, all his family members and relatives have severed their relations with his son Rajeev Budhwar. Now my Client have no relation, whatsoever with the above-said Rajeev Budhwar. Sh. Joginder Singh disowns him from all his movable and immovable properties. Any person dealing with him in any manner shall be doing so at his or her own risk and consequences. My client shall not be responsible in any manner whatsoever for the acts and deeds done by Rajeev Budhwar.
**SHUBHAM SAINI Advocate**
Office: 169 AKSHARDHAM APPARTMENT SECTOR 19 DWARKA NEW DELHI

**Name Change**

I, NO-14859434P, Rank-L/NK, Name-MOHD ADIL KHAN residing at H NO-267B, ROAD NO-07, KRISHNA NAGAR, IZZAT NAGAR, BAREILLY, UP-243122 have changed my father's name from MOHD ASLAM KHAN to MOHAMED ASLAM KHAN for all future purposes Vide Affidavit dated 23/08/2024 before Notary Public Delhi.

**Name Change**

I, PADAM SINGH S/o AITA SINGH GURUNG R/o H NO-494, POCKET-7, PHASE-1, NASIRPUR, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110045, have changed my name from PADAM SINGH to PADAM SINGH GURUNG for all future purposes.

**Name Change**

I, Bharti Taneja W/o Chirag Gaba R/o H.No-823, Sector-4, Urban Estate, Gurgaon, Haryana-122001,Have Changed My Name To Bharti For Future Purpose.

**PUBLIC NOTICE**

My clients Bijendra Singh Tomar S/o Mahipal Singh Tomar and Smt. Satyavati Tomar W/o Bijendra Singh Tomar both R/o Plot No.2A/9, Flat No.5, Kishan Garh, Vasant Kunj, New Delhi- 110070 have disowned/ debarred their son Mukul Tomar from their all moveable/immovable properties/assets and severed relations with them, my clients shall not be responsible for any acts done by them in future.
**AJAY SHARMA Advocate**
Ch.No.478, Lawyers Chamber Block, Saket Courts, New Delhi-17

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my Client Shri. Lavdesh Kumar S/o Kamal Kishor and Smt Kavita W/o Shri Lavdesh Kumar, R/o- WZ-77, Phase-2, Om Vihar Uttam Nagar, West Delhi, Delhi -110059 has disowned and debarred his son namely Shri Deepak Dhunna from her movable and immovable properties and has also discard all kinds of relationship with them because they have become disobedient and are not under her control. My Client shall not be liable for any loss, damage and consequences, if any suffers while dealing with them and they shall do as their own risk cost and consequences.
**YAMINI SHARMA ADVOCATE**
Office At Wz-32, Bal Udhyan Road Uttam Nagar New Delhi 110059

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारा ग्राहक श्री ओमपाल यादव फ्रीहोल्ड आवासीय प्लॉट के मालिक हैं, जिसका क्षेत्रफल 195 वर्ग गज यानी खसरा नंबर 444 में से 163 वर्ग मीटर है, जो ग्राम कुलेसरा परगना दादरी, तहसील और जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में स्थित है, सदाचार के अनुसार, बिक्री विलेख दिनांक 23.01 .2023 जो एसआर-सदर ग्रेटर नोएडा के कार्यालय में दस्तावेज़ संख्या 2011, पुस्तक संख्या 1 खंड संख्या 42279 के पृष्ठ संख्या 319-338 दिनांक 23.01.2023 पर विधिवत पंजीकृत है, मूल रूप से श्रीमती पूरन सिंह, श्री ननुवा सिंह, श्री मेक सिंह , श्री हरि सिंह और श्री चोब सिंह सभी पुत्र श्री रिसाल सिंह दिनांक 29.06.1996 को बिक्री विलेख के आधार पर पूर्ण मालिक थे, उसके बाद श्री चोब सिंह की मृत्यु हो गई, उसके बाद उनके कानूनी उत्तराधिकारियों ने श्री ओमपाल यादव के पक्ष में बिक्री विलेख निष्पादित किया, अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि उक्त संपत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति का कोई अधिकार नहीं है, और इसका वित्त इनक्रेड फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड शाखा सी.पी. द्वारा किया गया है। नई दिल्ली। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के अधिकार स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**PUBLIC NOTICE**

BE IT KNOWN TO GENERAL PUBLIC THAT MY CLIENT SH JAGRAM BAWARIYA S/O. LATE HEERA LAL R/O. H NO. 286, BLOCK-1-2, MAIN ROAD, SANGAM VIHAR, NEW DELHI HAS SEVERED ALL HIS RELATIONS WITH HIS SON RAM DAYAL BAWARIYA AND DAUGHTER IN LAW SMT FORANTA AND GRANDCHILDREN PAYAL, KAJAL, GAURI AND ANKUSH AND DISOWNED THEM FROM ALL HIS MOVEABLE AND IMMOVABLE PROPERTIES INCLUDING THE PROPERTY NO. 286, BLOCK-1-2. MAIN ROAD, SANGAM VIHAR, NEW DELHI AND PROPERTY SITUATED AT VILLAGE AT DISTT DAUSA, RAJASTHAN AND ALSO FROM OTHER CONSIDERATION OF ANY KIND WHATSOEVER MAY BE RELATED TO THEM DUE TO THEIR CRUEL AND DISOBEDIENT CONDUCT AND BEHAVIOUR. MY CLIENT SHALL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY ACTS, DEEDS DONE BY HIS SAID SON, DAUGHTER IN LAW AND GRANDCHILDREN IN FUTURE IN ANY MANNER.
**Mohammad Raja Advocate**
Chamber No.243, Saket Court Complex, New Delhi-110017



**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma



**Name Change**

I, GYANARANJAN NAYAK S/O DWARIKANATH NAYAK residing at 308-A H-31 SECOND FLOOR TANDOORI CHOWK TIHAR VILLAGE TILAK NAGAR DELHI-110018 have changed my name to GYAN RANJAN NAYAK permanently

**Name Change**

I, BHARAT GOURA S/O VINOD KUMAR residing at H.NO-2C-59, 1ST FLOOR, WARD NO-12, NEAR SANATAN DHARM MANDIR, N.I.T, FARIDABAD, HARYANA -121001 have changed my name to BHARAT GORA for all future purposes.

**Name Change**

I hitherto known Sonu Teotia D/O Krishan Teotia R/O House No. 421,Vedrampuram,Bulandshahr, Uttar pradesh201005 have changed my name and shall hereafter be known as Aayushi Teotia.

**Name Change**

I,Vandana Bhati D/o Rajkumari R/o 685, Sector-9, Near St.Anthony School, Faridabad,Haryana-121006, Have Changed My Name To Vandana Singh For All Future Purpose

**सार्वजनिक सूचना**

यह जनसाधारण की सूचना के लिए है की ग्लोबल रिपब्लिकन पार्टी (पार्टी का नाम) नाम का राजनैतिक दल जिसका मुख्यालय 71, 3RD फ्लोर ,मात्रु आशीष अपार्टमेंट त्रिभोवन नगर , सामने अखंडानन्द कॉलेज ,वेद रोड ,सूरत ,गुजरात -395004 में स्थित है (पार्टी कार्यालय का पूरा पता दे), और जो भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत है, अपना नाम बदलकर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया (भीमराव आम्बेडकर) (पार्टी का नया नाम) करना प्रस्तावित करता है। प्रस्तावित नए नाम पर यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वे अपनी आपत्तियां, कारणो सहित, सचिव (राजनैतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली -110001 को इस नोटिस के प्रकाशन होने से 30 दिन के भीतर भेज सकते है।

**Name Change**

I, FATEH SINGH YADAV Father of No-18018815Y, Rank-HAV, Name-SATBIR YADAV residing at SAHEDPUR BAG WARD NO-1, KHAIRTHAL, ALWAR, RAJASTHAN-301404 have changed my name from FATEH SINGH YADAV to FATEH SINGH for all future purposes vide Affidavit Dated 22/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**

I, SUMAN SINGH Mother of No-15449027F, Rank-SEP, Name-VIKAS SINGH residing at VILL-PURE LAXMI NARAYAN, GOPALPUR, PO-PARSHADEPUR, PS-DEEH, TEHSIL-SALON, DISTT-RAEBARELI, UP-229129 have changed my name from SUMAN SINGH to SUMAN DEVI for all future purposes vide Affidavit Dated 23/08/2024 before Notary Public, Delhi

**Name Change**

I, Abhishek Bidhuri S/o Shri Ramkesh Bidhuri R/o House No. C-51, Tekhand Village, New Delhi-110020 have changed my Minor Daughter Name from Redhi Bidhuri to Riddhi Bidhuri for all the purpose. Her Mother's Correct Name is Nirmala.

**Name Change**

I hitherto known as ILIYAS alias MD. ELIYAS alias MOHD. ELIYAS S/o MUSTAK, residing at 1/13, Double Storey, Jangpura Extn., Jangpura, South Delhi, Delhi-110014, have changed my name and shall hereafter be known as MOHD. ELIYAS.

**Name Change**

I, HUKUMPAL SINGH Father No-15449027F, Rank-SEP, Name-VIKAS SINGH residing at VILL-PURE LAXMI NARAYAN, GOPALPUR, PO-PARSHADEPUR, PS-DEEH, TEHSIL-SALON, DISTT-RAEBARELI, UP-229129 have changed my name HUKUMPAL SINGH to HUKUM PAL SINGH for all future purposes vide Affidavit Dated 23/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

**To Whom so ever it may concern**

Mr. Vinod Sharma s/o Net Ram Sharma is absolute owner of Plot No. 5789, Gali No. 7 area measuring 40 sqyds situated at New Chandrawal, Delhi-110007 and Lost Original Notarised GPA, ATS and Will executed by Mr. Hari Sharan Sharma in favour of Mr. Net Ram Sharma in respect to said Plot i.e Plot No. 5789 area measuring 40 sqyds, dated 03/05/1990 and FIR for has been Done vide FIR No. 2051942/2024 dated 23/08/2024 if anybody found above mentioned deed kindly contact on- 9540419009 within 7 days.
**(Advocate Deepak Malik)**
Off: -Shop no. 2, 1st First floor Kataria complex, Near Axis Bank, New Railway Road Gurugram-122001

**विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में वृद्धि**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 05671/05672 गुवाहाटी-आनंद विहार ट.-गुवाहाटी स्पेशल की संचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 05671 | गुवाहाटी | आनंद विहार टं. | बुधवार | 21.08.24 | 28.08.24 एवं 04.09.24 |
| 05672 | आनंद विहार टं. | गुवाहाटी | शुक्रवार | 23.08.24 | 30.08.24 एवं 06.09.24 |

शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय-सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2622/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि श्री राधे श्याम, संपत्ति संख्या ए-514, पूर्वी भाग अहाता नं. 29, ब्लॉक-ए, जिसका क्षेत्रफल 100 वर्ग गज में निर्मित संपत्ति के स्वामी हैं, जो सधोरा कलान, कॉलोनी, शास्त्री नगर, दिल्ली-110052 में स्थित है। यह संपत्ति श्री राम किशन द्वारा श्री करतार सिंह से दिनांक 15.03.1963 को एक बिक्री विलेख के माध्यम से खरीदी थी। इसके बाद, श्री राम किशन का निधन दिनांक 02.09.1982 को हुआ, और सीता रानी का भी निधन हो गया, जिनके कानूनी उत्तराधिकारी श्रीमती निर्मला देवी, श्रीमती मीना देवी, श्रीमती राजरानी, श्रीमती निना देवी, श्रीमती रीना शर्मा, अनिल कुमार और श्री राधे श्याम हैं। इसके बाद श्रीमती निर्मला देवी, श्रीमती मीना देवी, श्रीमती राजरानी, श्रीमती निना देवी, और श्रीमती रीना शर्मा ने दिनांक 05.08.2019 को एक त्याग विलेख के माध्यम से अपने अविभाजित हिस्से को श्री राधे श्याम को सौंप दिया। इसके बाद, अनिल कुमार का निधन हो गया, जिनके कानूनी उत्तराधिकारी श्रीमती ममता रानी और श्री चेतन शर्मा हैं। उन्होंने भी दिनांक 24.10.2019 को एक त्याग विलेख के माध्यम से अपने हिस्से को श्री राधे श्याम को सौंप दिया। कृपया ध्यान दें कि उक्त संपत्ति से संबंधित उत्तरजीविता प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं हैं। वही संपत्ति अब बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखा कौशांबी, गाज़ियाबाद, उ.प्र. द्वारा वित्तपोषित की जाएगी। यदी किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के लिए कोई आपत्ति है, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 05 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें ! ऐसा न करने पर, उपरोक्त संपत्ति के लिए विषय संपत्ति के संबंध में शून्य और शून्य के रूप में दावा माना जाएगा.
**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122, Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

## विजय कुमार यादव ने संभाला एसडीएम कोसली का पदभार

**एजेंसी**

**रेवाड़ी।** वर्ष 2020 बैच के एचसीएस अधिकारी विजय कुमार यादव ने एसडीएम कोसली का पदभार संभाल लिया है। इससे पहले वे सेवा हरियाणा में संयुक्त निदेशक के पद पर नियुक्त थे। एचसीएस विजय कुमार यादव सीटीएम भिवानी, प्राथमिक हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग पंचकूला व हरियाणा गौ सेवा आयोग में सचिव, निदेशक (प्रशासन) प्रारंभिक शिक्षा हरियाणा के पद पर भी सेवाएं दे चुके हैं। नवनियुक्त एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार उपमंडल कोसली में विधानसभा आम चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाए जाएंगे। उन्होंने चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि वे ईमानदारी व निष्पक्ष होकर अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि चुनाव लोकतंत्र का पर्व है इसलिए पात्र नागरिक अपने मताधिकार का बढ़ चढ़कर प्रयोग करें। इसके अलावा अन्य नागरिकों को भी मतदान के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें।



## विकास के लिए समर्पित हैं विधायक सुरेंद्र पंवारः समीक्षा पंवार

**सोनीपत।** समाज सेविका समीक्षा पंवार ने सोनीपत की जनता के प्रति आदर और सम्मान का इज़हार किया। उन्होंने कहा कि सोनीपत विधानसभा क्षेत्र के लिए समर्पित विधायक सुरेंद्र पंवार के लिए जनता उनके परिवार की तरह है। उनके हर सुख-दुख में शामिल होना उनकी जिम्मेदारी है। समीक्षा पंवार ने सोनीपत के विभिन्न इलाकों जैसे मालिक कॉलोनी, मॉडल टाउन, वेस्ट रामनगर और ब्रह्म कॉलोनी में जनसंपर्क अभियान के दौरान क्षेत्रवासियों से संवाद किया। इस दौरान, लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। समीक्षा पंवार ने कहा कि विधायक सुरेंद्र पंवार ने सोनीपत को विकास की राह पर ले जाने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। सरकार से बजट की मांग के बावजूद कोई सहायता नहीं मिलने पर भी उन्होंने अपने दम पर कई विकास कार्यों को करवाया। सोनीपत को स्मार्ट सिटी बनाने का उनका सपना आज भी जीवंत है और इसे हर हाल में पूरा करने का उन्होंने संकल्प लिया है।



## भाजपा चुनाव समिति की बैठक में राव नरबीर सिंह का मुद्दा उठाया गया

**गुरुग्राम।** भाजपा चुनाव समिति की बैठक में राव नरबीर सिंह के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की गई। यह कदम पार्टी के केंद्रीय पार्लियामेंट बोर्ड की सदस्य सुधा यादव ने उठाया। जानकारी के मुताबिक सुधा यादव ने यह मुद्दा केंद्रीय नेताओं और मुख्यमंत्री के सामने उठाया, तर्क करते हुए कि राव नरबीर सिंह के हालिया बयान पार्टी के खिलाफ हैं। राव नरबीर सिंह ने हाल ही में भाजपा के खिलाफ टिप्पणी की थी कि दक्षिण हरियाणा में भाजपा को कोई सीट नहीं मिलेगी। इस बयान को लेकर पार्टी में असंतोष और नाराजगी है।

## जजपा के साथ गठबंधन को लेकर नहीं चल रही बात, दुष्यंत चौटाला न फैलाएं भ्रम :संदीप पाठक

**फतेहाबाद (हरियाणा)।** हरियाणा के फतेहाबाद में आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की। इस दौरान कार्यकर्ताओं से चुनाव में जुटने की अपील करते हुए डोर टू डोर चुनाव प्रचार करने के निर्देश दिए।मीडिया से बातचीत करते हुए संदीप पाठक ने दुष्यंत चौटाला को आप के साथ गठबंधन को लेकर भ्रम न फैलाने की नसीहत दी। आप की जननायक जनता पार्टी से गठबंधन को लेकर कोई बातचीत नहीं हो रही है। आप डोर टू डोर अभियान चला रही है और विधानसभा चुनाव में हम बड़ी जीत हासिल करेंगे। भाजपा के मंत्री जे.पी. दलाल के नई सरकार को छह महीने में गिराने के बयान पर संदीप पाठक ने कहा कि यह भाजपा की मानसिकता है, इससे पहले भी कई राज्यों में भाजपा इस प्रकार की कोशिश कर चुकी है। चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं को इस तरह की बयानबाजी से बचना चाहिए। हरियाणा सरकार में मंत्री जे.पी. दलाल ने विवादित बयान देते हुए कहा है, हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी। अगर राम रूस (रूठ) गया और किसी तरीके से नहीं बनी तो भी हमारे दिल्ली वाले बनी हुई सरकार को छह महीने से ज्यादा टिकने नहीं देंगे। जेपी दलाल के इस बयान के बाद विपक्षी दलों के नेता निशाना साध रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात को लेकर संदीप पाठक ने कहा कि उनकी मुलाकात से भाजपा को दिक्कत है।

# किसानों की जमीन हड़पकर दामाद को खुश करने में लगे रहते थे हुड्डाः नायब सैनी

### कलायत रैली में मंच पर एकजुटता दिखाते हुए सीएम



**एजेंसी**

**कैथल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा दामाद को खुश करने के लिए कौड़ियों के भाव किसाने की जमीन हड़प लेते थे। कलायत विधानसभा में महारा हरियाणा-नॉन-स्टॉप हरियाणा जन आशीर्वाद रैली में बोलते हुए सीएम ने कांग्रेस पर जोरदार प्रहार किया। कलायत की विधायक कमलेश ढांडा द्वारा आयोजित रैली में नायब सैनी ने कहा कि हुड्डा हमारा हिसाब मांगते घूम रहे हैं, लेकिन हुड्डा के 10 साल के कार्यकाल के एक-एक मिनट का हिसाब मेरे पास है। किस तरह दलितों के घरों को जलाया गया, किस तरह युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ की गई। पंजाबियों पर अत्याचार किए गए। नायब सैनी ने कहा कि हुड्डा राज में भोले-भाले किसानों की जमीनों को कोडियों के भाव हड़प लिया जाता था और उल्टा किसानों पर ही केस दर्ज करवाकर दामाद को खुश किया जाता था। ऐसे आदमी हमारा हिसाब मांग रहे हैं, जिनका खुद का हिसाब ही बिगड़ा पड़ा है। नायब सैनी ने कहा कि मैं पंजाबी समाज को नमन करता हूं, जिस पंजाबी समाज ने अपने खून से इस देश को सींचा है, उन पर कांग्रेस राज में कितने अत्याचार किए गए। अत्याचार सहकर भी वे देश को आगे बढ़ाने में लगे रहे, लेकिन आज कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके पुत्र उसी पंजाबी समाज के बारे में कहते हैं कि ये हमारी संस्कृति से मेल नहीं खाते, हुड्डा ने पंजाबियों को बाहरी बताकर उनका अपमान किया है। पंजाबी समाज उन्हें माफ नहीं करेगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी यहीं नहीं रुके और कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा जनता को बरगला रहे हैं और अनाप-शनाप झूठ बोल रहे हैं। हुड्डा भाजपा के 10 साल का हिसाब मांग रहे हैं, मैं कहना चाहूंगा कि मेरे 70 दिनों हिसाब भी इनसे सुना नहीं जाएगा। हमने जिस तरह मिशन मोड़ में काम करके युवाओं को नौकरी, किसानों के खाते में रुपये, सोलर पैनल, 100-100 गज के प्लॉट दिए हैं, उस तरह का काम हुड्डा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में नहीं किया।

जन आशीर्वाद रैली में जनता से भरे पंडाल में नायब सैनी ने कपिल मुनि की धरती को नमन करते हुए कहा कि यहां मौजूद अपार जनसमूह को देखकर मुझे पूरा विश्वास को गया है कि पूरे हरियाणा में सबसे ज्यादा वोट से कलायत में ही कमल खिलेगा। नायब सैनी ने कहा कि 4 अक्टूबर को जब रिजल्ट आएगा तो हुड्डा को कोई भी सीट नहीं मिलेगी। रैली में सांसद नवीन जिंदल, विधायक कमलेश ढांडा, जिला प्रभारी अमरपाल राणा ने भी संबोधित किया।

## रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर से चुनाव प्रचार पर रहेगा प्रतिबंधः अभिषेक मीणा

**एजेंसी**

**रेवाड़ी।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में लाउडस्पीकर से चुनाव प्रचार से संबंध में भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए प्रतिबंध लगाए हैं। आदेशों के अनुसार चुनाव अवधि के दौरान, लाउडस्पीकर का उपयोग, चाहे वह किसी भी प्रकार के वाहनों पर लगाया गया हो या चुनाव प्रचार के लिए सार्वजनिक बैठकों में लगाया गया हो, केवल सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक ही इस्तेमाल किया जा सकेगा।

जिलाधीश अभिषेक मीणा ने बताया कि लाउडस्पीकर के द्वारा रात्रि 10 से सुबह 6 बजे के बीच चुनाव प्रचार व अन्य गतिविधि नहीं की जा सकेगी। आदेशों की उल्लंघना पर लाउडस्पीकरों को उपकरणों सहित जब्त कर लिया जाएगा। सभी राजनीतिक दल, उम्मीदवार और ट्रक, टेम्पो, कार, टैक्सी, वैन, तिपहिया वाहन, स्कूटर, साइकिल, रिक्शा आदि सहित चलती गाड़ी पर लाउडस्पीकर का उपयोग करने की संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी से पूर्वानुमान लेनी होगी व पंजीकरण पहचान संख्या सूचित करनी होगी। अगर कोई भी वाहन जिस पर उक्त लिखित परमिट के बिना लाउडस्पीकर का उपयोग किया जाता है, उसे लाउडस्पीकर और उपकरणों के साथ तुरंत जब्त कर लिया



जाएगा। राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके कार्यकर्ताओं, समर्थकों और समर्थकों द्वारा उपरोक्त निर्देश के किसी भी उल्लंघन या गैर.अनुपालन को गंभीरता से लिया जाएगा और भारतीय न्याय संहिता 223 और कानून के अन्य प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस और अन्य लोक सेवकों पर लागू नहीं होगा।

## सांसद नवीन जिंदल ने गढ़ी पाडला स्थित ड्राइविंग इंस्टीट्यूट का किया दौरा

**एजेंसी**

**कैथल।** सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि ड्राइविंग के प्रोफेशन को आसान और लाभकारी बनाने की दिशा में भरपूर प्रयास किया जाएगा। इसके लिए सरकार के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं व अनुभवी लोगों का सहयोग भी लिया जाएगा। सांसद नवीन जिन्दल आज कैथल के सोसायटी फॉर अशोक लीलैंड ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट गढ़ी पाडला में विजिट के दौरान बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने ड्राइविंग की ट्रेनिंग भी ली। संस्थान की ओर से इंचार्ज अश्वनी कुमार, चीफ इंस्ट्रक्टर राजबीर सिंह व कपिल ने सांसद को बताया कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करके युवा विदेश में ड्राइविंग के क्षेत्र में अपना रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एक साल में लगभग 3000 युवाओं को संस्थान ट्रेनिंग दे रहा है। प्रति माह 260 के करीब युवा यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करके हैवी लाइसेंस प्राप्त कर रहे है, जिसमें से 12 प्रतिशत विदेश में जाकर ड्राइविंग में अपना करियर बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में इस तरह के चार ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट हैं। जिनमें से दो रोहतक और हिसार में और एक कैथल में है। इस मौके पर जाए। उन्होंने संस्थान अधिकारियों को बताया कि ड्राइविंग के क्षेत्र में युवाओं को कैसे रोजगार दिलाया जा सकता है, यह जानने के लिए उन्होंने



सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि उनका यहां दौरा करने का उद्देश्य है कि ड्राइविंग के प्रोफेशन को रोजगार दायक बनाया जा सके। फील्ड में चुनौतियां अधिक होने और आमदनी कम होने के कारण अधिकतर लोग नहीं चाहते कि आगे उसके बच्चे भी इस प्रोफेशन में आएं। उनका प्रयास रहेगा कि इस प्रोफेशन को सुधार कर आरामदायक और लाभकारी बनाया हाल ही में जापान के ड्राइविंग संस्थाओं का दौरा किया था। जापान में ड्राइवरों की बेहद आवश्यकता है, वहां एक युवा प्रति माह एक लाख रुपए से अधिक इस प्रोफेशन में कमा सकता है। इसलिए संस्थान युवाओं को बेहतर तरीके से प्रशिक्षित करें। इस अवसर पर उनके साथ विधायक लीला राम, तुषार ढांडा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जिला चुनाव अधिकारी का मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**एजेंसी**

**पलवल।** जिला चुनाव अधिकारी एवं डीसी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने एसपी चंद्र मोहन के साथ होडल विधानसभा के मतदान केंद्रों व मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ होडल विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम रणवीर सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला चुनाव अधिकारी एवं डीसी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने शहीद बदन सिंह राजकीय माध्यमिक विद्यालय मितरोल के मतदान केंद्र (बूथ नंबर- 10, 11 व 12), राजकीय प्राइमरी विद्यालय तुमसरा में बनाए गए बूथ नंबर 72 व 73, राजकीय प्राइमरी विद्यालय सराय में बनाए गए बूथ नंबर 77, 78 व 79, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंचारी (नया भवन) में बनाए गए बूथ नंबर 117, 118, 119, 121, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भुलवाना में बनाए गए बूथ नंबर 149, 150, 151, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होडल शहर में बनाए गए बूथ नंबर



172,173,174,177 एवं होडल के सरकारी कॉलेज में बनाए गए मतगणना केंद्र के साथ-साथ लघु सचिवालय होडल का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों पर निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित बीएलओज और अधिकारियों को अपने-अपने केंद्रों पर शांतिपूर्वक, निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। यदि किसी को कोई समस्या आती है तो वह समय रहते अपने नोडल ऑफिसर या रिटर्निंग अधिकारी को बताए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान ड्यूटी का काम बहुत जिम्मेदारी वाला होता है, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी ईमानदारी अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर शौचालय और बिजली-पानी की व्यवस्था भी दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए। एसपरी चंद्रमोहन ने चुनाव के दौरान सुरक्षा को लेकर मतदान केंद्रों और मतगणना केंद्र का जायजा लिया।

# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए मंडलायुक्त की अपील

**एजेंसी**

**सोनीपत।** मंडलायुक्त संजीव वर्मा ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे आगामी विधानसभा चुनावों में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। और इसके उल्लंघन की शिकायतें सी-विजिल एप के माध्यम से की जा सकती हैं। लघु सचिवालय में हुई बैठक में मंडलायुक्त ने रिटर्निंग अधिकारियों




और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों से मृत मतदाताओं के नाम हटाने और नए युवा मतदाताओं के नाम शामिल करने का काम प्राथमिकता से किया जाए। सभी राजनीतिक दल अपने प्रचार सामग्री जैसे होर्डिंग्स और बैनर, केवल जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही लगाएं। इसके लिए ऑनलाइन अनुमति ली जा सकती है। मंडलायुक्त ने रिटर्निंग अधिकारियों को मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन करने के निर्देश दिए, खासकर दिव्यांग मतदाताओं के लिए। उन्होंने 18 वर्ष की आयु के सभी युवाओं को मतदान के लिए जागरूक करने पर जोर दिया।

बैठक में उपस्थित उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के लिए टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को भी चेतावनी दी कि वे चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार ही प्रचार सामग्री छापें, अन्यथा सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अन्य अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## मैं नहीं हो रहा रिटायर, पार्टी का फैसला होगा सर्वमान्य : भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**चंडीगढ़।** चुनाव आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए तारीख का ऐलान कर दिया है। हरियाणा में 1 अक्टूबर को मतदान होना है। जबकि, नतीजों की घोषणा 4 अक्टूबर को होनी है। इसी बीच कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आईएएनएस से खास बातचीत की। हमारी पार्टी पूरी तरह से तैयार है। पांच सितंबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रदेश इलेक्शन कमेटी की बैठक हो चुकी है।

## जिला में विधानसभा आम चुनाव के लिए बनाए गए कुल 792 पोलिंग बूथः अभिषेक मीणा

**एजेंसी**

**रेवाड़ी।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी शेड्यूल अनुसार रेवाड़ी जिला में पहली अक्टूबर को होने वाले 15वीं विधानसभा के आम चुनाव को लेकर तैयारियां प्रभावी रूप से जारी हैं। जिला रेवाड़ी में विधानसभा आम चुनाव के तहत कुल 7921 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। बावल में 257, कोसली में 276 तथा रेवाड़ी विस में 259 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिला चुनाव कार्यालय रेवाड़ी के आंकड़ों पर नजर डालें तो रेवाड़ी जिला में इस बार कुल 729572 वोटर बावल, कोसली व रेवाड़ी के विधायक का चुनाव करेंगे। रेवाड़ी जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र बावल, कोसली व रेवाड़ी में कुल वोटर की संख्या 729572 है, जिनमें 381068 पुरूष, 348497 महिलाएं व 7 थर्ड जेंडर शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र अनुसार आंकड़ों पर नजर डालें तो बावल विस क्षेत्र में कुल 227896 मतदाता हैं, जिनमें 119002 पुरूष व 108894 महिलाएं, कोसली विस क्षेत्र में कुल 250168 मतदाता हैं, 130689 पुरूष, 119478 महिलाएं व 1 थर्ड




**उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिला चुनाव कार्यालय रेवाड़ी के आंकड़ों पर नजर डालें तो रेवाड़ी जिला में इस बार कुल 729572 वोटर बावल, कोसली व रेवाड़ी के विधायक का चुनाव करेंगे।**

जेंडर तथा रेवाड़ी विस क्षेत्र में कुल 251508 मतदाता हैं, जिनमें 131377 पुरूष, 120125 महिलाएं व 6 थर्ड जेंडर हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से मतदाताओं की सुविधा का पूरा ख्याल रखते हुए उन्हें पहली अक्टूबर को मतदान के दिन विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मतदान के दिन मतदाताओं को ग्राउंड फ्लोर प मतदान केंद्र, पेयजल, रैम्प की सुविधा, महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था, रोशनी व बिजली की सुविधा, मेडिकल किट, मतदान केंद्र पर उचित छाया की व्यवस्था, स्थान व मार्गदर्शन के लिए उचित संकेतक सहित मतदाताओं का गर्मी, हीट वेव व हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए विशेष चिकित्सा व्यवस्था प्रबंधन किए जाएंगे।

## गुरुग्राम के सेक्टर-15 पावर हाउस 66 केवी से 220 केवी में अपग्रेड होगा : पीसी मीणा

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता पूर्वक बिजली आपूर्ति करने के लिए और संसाधनों को ओर मजबूत करने के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम और हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के अधिकारियों के साथ स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में बैठक हुई। इस बैठक में मंडलायुक्त हिसार एवं प्रबंध निदेशक डीएचबीवीएन पीसी मीणा ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति करने में बेहतर सुधार जारी रखे जाएं।

उन्होंने अतिभारित (ओवरलोडेड) चल रहे पावर हाउस की क्षमता का आंकलन किया और भविष्य की मांग के अनुरूप पुराने सब स्टेशनों की क्षमता में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी जरूरत है वहां पर संसाधनों में वृद्धि की जाए और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाए। एचवीपीएन अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2021 से 220 केवी सब-स्टेशन सेक्टर 15 पार्ट 2 निर्माणाधीन है जोकि 400 केवी सब-स्टेशन सेक्टर-72 गुरुग्राम (पीजीसीआईएल) और 220 केवी सब-स्टेशन सेक्टर-72 गुरुग्राम (एचवीपीएनएल) से कनेक्ट होगा। इसकी कमिशिंग के बाद इससे



बिजली आपूर्ति बेहतर होगी।

फिलहाल पुराने गुरुग्राम में बिजली की आवश्यकता के अनुसार 220 केवी ग्रिड पावर हाउस नहीं है। वर्तमान और भविष्य में बिजली की मांग को पूरा करने के लिए एचवीपीएनएल/डीएचबीवीएन ने मौजूदा 66 केवी को 220 केवी पावर हाउस में अपग्रेड करने की योजना बनाई थी। एचवीपीएन ने सेक्टर- 15 पार्ट 2 में पुराने गुरुग्राम के लिए 220 केवी जीआईएस सब स्टेशन का निर्माण और मौजूदा बुनियादी ढांचे के उन्नयन और सेक्टर-72 से मल्टी सर्किट टावरों पर 220 केवी ट्रांसमिशन लाइनों का निर्माण करने, सेक्टर-72, 71, 48, 39, 38 से गुजरने वाली पुरानी लाइन की मौजूदा आरओडब्ल्यू का उपयोग करते हुए एनएच- 48 के साथ सेक्टर-15 तक निर्माण जारी है। इससे गुरुग्राम के लोगों को विशेष रूप से सेक्टर- 02, 14, 15, 16, 17, 18, 23, 30, 31, 32, ओल्ड रेलवे रोड, न्यू रेलवे रोड, सिविल लाइंस, फ्रेंड्स कॉलोनी, पटेल नगर, मिनी सेक्रेटेरिएट और आसपास के लगते क्षेत्रों को लाभ होगा।

## हरियाणा पुलिस ने बनाया चुनाव सेल, मतदान तक 24 घंटे करेगा काम

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने चुनावों के मद्देनजर पंचकूला स्थित पुलिस मुख्यालय में चुनाव सेल स्थापित किया है। इसके माध्यम से प्रदेश स्तर पर चुनाव का प्रबंधन किया जाएगा ताकि लोग भय मुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि चुनाव सेल द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था सुचारू रखने के साथ साथ चुनाव संबंधी कई अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी। इस सेल के ओवरऑल इंचार्ज अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था संजय कुमार को लगाया गया है जबकि सुपरविजन के लिए स्टेट पुलिस नोडल ऑफिसर के रूप में पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा सौरभ सिंह को तैनात किया गया है।

चुनावी खर्च की निगरानी तथा कानून एवं व्यवस्था संबंधी रिपोर्ट के लिए नोडल अधिकारी पुलिस महानिरीक्षक, कानून एवं व्यवस्था हरदीप दून को लगाया गया है। इसके अलावा प्रदेश के सभी जिलों में डीएसपी तथा एसीपी स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो पुलिस मुख्यालय में स्थापित किए गए चुनाव सेल में निर्धारित बिंदुओं के बारे में रोजाना अपने जिलों की रिपोर्ट भेजेंगे। कपूर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय में बनाए गए चुनाव सेल के माध्यम से प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के तहत जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करवाया जाएगा। इलेक्शन सेल द्वारा पुलिस बल की उपलब्धता तथा उसकी तैनाती तथा इससे संबंधित मुद्दों को लेकर जिलों से तालमेल स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में क्रिटिकल (जटिल) बूथों की पहचान करते हुए वहां पर अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती का निर्णय भी लिया जाएगा।जिलों द्वारा रोजाना सीजर रिपोर्ट, चुनाव संबंधी शिकायतें, आदर्श आचार संहिता के पालन संबंधी रिपोर्ट भी चुनाव सेल को भेजी जाएगी। इलेक्शन सेल 24 घंटे संचालित रहेगा। राजपत्रित अवकाश तथा छुट्टी वाले दिन भी यहां पर स्टाफ की ड्यूटी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में अलग-अलग स्तर पर मॉनीटरिंग की जा रही है।

# किरण चौधरी ने राज्यसभा उपचुनाव के लिए किया नामांकन, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को किया धन्यवाद

**एजेंसी**

**चंडीगढ़ ।** राज्यसभा उपचुनाव के लिए हरियाणा से भाजपा उम्मीदवार किरण चौधरी ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब देब मौजूद रहे।राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन करने के बाद किरण चौधरी ने कहा, मैं सबसे पहले भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पीएम मोदी, मनोहर लाल खट्टर, जेपी नड्डा और नायब सिंह सैनी समेत सभी विधायकों का धन्यवाद करती हूं। भाजपा के साथ हमारे परिवार का बहुत पुराना रिश्ता रहा है। प्रधानमंत्री मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की नीतियों से प्रभावित होकर मैं भाजपा में शामिल हुई हूं। मैंने हमेशा ईमानदारी और नीयत के साथ काम किया है। आने वाले समय में राज्यसभा में हरियाणा के सभी विषयों को उठाऊंगी।मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि किरण चौधरी ने नामांकन दाखिल किया है। मैं उन्हें बहुत-बहुत बधाई देता हूं, हमारे सभी विधायक यहां मौजूद हैं। किरण चौधरी को अन्य विधायकों ने भी समर्थन दिया है। किरण चौधरी का लंबा अनुभव रहा है, वह दिल्ली विधानसभा की अध्यक्ष भी रही हैं। वह राज्यसभा में हरियाणा के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगी। सीएम सैनी ने आगे कहा, किरण चौधरी को जोगीराम सिहाग, अनूप धानक, नयनपाल रावत, रामनिवास सूरजाखेड़ा, रामकुमार गौतम और गोपाल कांडा ने भी समर्थन दिया है। पार्टी ने सर्व सहमति से उन्हें राज्यसभा में भेजने का फैसला लिया है। अलग-अलग दल की अपनी राजनीति होती है, जितनी आवश्यकता है उससे ज्यादा विधायकों को उन्हें समर्थन है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था। भाजपा की ओर से किरण चौधरी ने नामांकन किया है। हालांकि, विपक्ष ने उपचुनाव के लिए फिलहाल कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। विपक्ष अगर कोई उम्मीदवार नहीं उतारता है तो किरण चौधरी राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुनी जाएंगी। कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा की ओर से पूर्व में कहा गया है कि राज्यसभा के लिए उनकी पार्टी कोई उम्मीदवार नहीं उतारेगी।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 73 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (पीएसयू) ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक,दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.12 डॉलर यानी 0.16 फीसदी की गिरावट के साथ 77.10 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.11 डॉलर यानी 0.15 फीसदी लुढ़ककर 72.90 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## बीसी जिंदल समूह का नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में प्रवेश, प्रारंभिक लक्ष्य 5,000 मेगावाट

**नयी दिल्ली।** बीसी जिंदल उद्योग समूह ने देश के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में प्रवेश की घोषणा की । समूह ने इसके लिये एक अलग कंपनी बनायी है। वार्षिक18,000 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार करने वाले सात दशक से अधिक समय से कार्यरत इस समूह ने अगले पांच वर्षों में अपने इस कारोबार में लगभग 2.5 अरब डॉलर के निवेश की योजना बनायी है। बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार जिंदल इंडिया रिन्युएबल एनर्जी ने सौर, पवन, हाइब्रिड एवं एफडीआरई (सुनिश्चित एवं संप्रेषण योग्य नवीकरणीय ऊर्जा) के रूप में पांच गीगावॉट (पांच हजार मेगावाट) विद्युत उत्पादन का लक्ष्य रखा है। मूल रूप से स्टील पाइप और फिटिंग निर्माता के रूप में कार्यरत बीसी जिंदल समूह ओडिशा के अंगुल में 1,200 मेगावॉट थर्मल पावर उत्पादन के मौजूदा पोर्टफोलियो के साथ अब नवीकरणीय उद्यम के लिये उपरोक्त् विशेष कंपनी शुरू की है। कंपनी ने कहा है कि यह इकाई नवीकरणीय विद्युत उत्पादन, सोलर सेल्स एवं मोड्यूल मैनुफैक्चरिंग कारोबार की देखरेख करेगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जिंदल इंडिया रीन्युएबल एनर्जी, सौर ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिये पीवी सेल्स एवं मोड्यूल्स का निर्माण भी करेगी। बी सी जिंदल समूह के श्याम जिंदल ने कहा, '' हमने सौर, पवन, हाइब्रिड एवं एफडीआरई मोड्स से पांच गीगावॉट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य रखा है। जिंदल इंडिया रिन्युएबल एनर्जी का इस सेगमेन्ट में प्रवेश 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा इंस्टॉल करने के देश के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों में योगदान देगा। हमारा यह कदम हरित एवं स्थायी भविष्य के निर्माण की दिशा में उल्लेखनीय कदम है। ''

## नोकिया की 4 जी कनक्टिविटी से लैस होगा तीसरा चंद्र मिशन

**नयी दिल्ली।** नोकिया ने आर्टेमिस तीसरे चंद्र मिशन के लिए उपयोग किए जाने वाले अगली पीढ़ी के स्पेससूट में उन्नत 4जी/एलटीई संचार क्षमताओं को एकीकृत करने के लिए एक्सिओम स्पेस के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नोकिया और एक्सिओम स्पेस एक्सिओम एक्स्ट्रावेहिकुलर मोबिलिटी यूनिट में हाई-स्पीड सेलुलर-नेटवर्क क्षमताओं को शामिल करेंगे, जो चंद्रमा पर कई किलोमीटर तक एचडी वीडियो, टेलीमेट्री डेटा और वॉयस ट्रांसमिशन का समर्थन करेंगे। यह उन्नति आर्टेमिस तीसरा के चालक दल के सदस्यों को वास्तविक समय के वीडियो को कैप्चर करने और चंद्रमा की सतह का पता लगाने के दौरान पृथ्वी पर मिशन नियंत्रकों के साथ संवाद करने में सक्षम बनाएगी।एक्सिओम स्पेस के कार्यकारी उपाध्यक्ष (एक्सट्रावेहिकुलर एक्टिविटी) रसेल राल्स्टन ने कहाः÷ एक्सिओम स्पेस हमारे अगली पीढ़ी के स्पेससूट की उन्नत क्षमताओं को विकसित करने के लिए नोकिया के साथ काम करने के लिए उत्साहित है। चंद्रमा पर हाई-स्पीड 4जी/एलटीई नेटवर्क क्षमता जोड़ना अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी से जोड़ने, महत्वपूर्ण डेटा एक्सचेंज की सुविधा प्रदान करने और लंबी दूरी पर हाई-डेफिनिशन वीडियो संचार को सक्षम करने के लिए एक महत्वपूर्ण पुल के रूप में काम करेगा।

## खाद्य तेल और दालों में मिलाजुला रुख

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव बरकरार रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 34 रिंगिट की तेजी लेकर 3922 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.17 सेंट चढ़कर 39.75 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुखी तेल 72 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि सोया रिफाइंड में 74 रुपये प्रति क्विंटल कि आई गिरावट रही। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# ईएसआईसी ने जून महीने में 21.67 लाख नए सदस्य जोड़े

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने जून महीने में अपनी ईएसआई योजना के तहत 21.67 लाख नए कर्मचारियों को जोड़ा है। ईएसआईसी ने जून, 2023 में 20.27 लाख नए सदस्य जोड़े थे। ये आंकड़ा पिछले साल की समान अवधि की तुलना में लगभग सात फीसदी अधिक है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि ईएसआईसी ने जून महीने में ईएसआई योजना के तहत 21.67 लाख नए कर्मचारियों को जोड़ा है। ईएसआईसी ने जून, 2023 में 20.27 लाख नए सदस्य जोड़े थे। मंत्रालय के मुताबिक जून में जोड़े गए कुल 21.67 लाख कर्मचारियों में से 10.58 लाख कर्मचारी (लगभग 49 फीसदी) 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं। मंत्रालय ने बताया कि जून 2024 में




ईएसआईसी से जुड़ने वाली महिला सदस्यों की संख्या 4.32 लाख है। इस दौरान 55 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों का भी ईएसआई योजना के तहत पंजीकरण किया गया है। जून 2024 में कुल 13,483 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया, जिससे अधिक कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी। हालांकि, यह आंकड़ा स्थायी नहीं है क्योंकि समय के साथ-साथ आंकड़ों में बदलाव आते रहते हैं। उल्लेखनीय है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम, भारतीय कर्मचारियों के लिए बीमा धनराशि का प्रबंधन करता है।

# एफएसएसएआई ने दुग्ध उत्पादों से ए1-ए2 जैसे दावों को हटाने का दिया निर्देश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने ई-कॉमर्स कंपनियों सहित खाद्य व्यवसाय से जुड़ी कंपनियों से कहा कि वे दूध और दूध से बने उत्पादों की पैकेजिंग पर से 'ए1 और ए2' जैसे दावे को तुरंत हटा दें। खाद्य सुरक्षा नियामक ने इस तरह की लेबलिंग को भ्रामक बताया है।

एफएसएसएआई ने जारी बयान में लाइसेंस संख्या या पंजीकरण प्रमाणपत्र संख्या के तहत,ए1 और ए2 नाम से दूध और दूध उत्पादों जैसे घी, दूध आदि की बिक्री या विपणन के संबंध में स्पष्टीकरण जारी किया है। नियामक ने कहा कि यह दावा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अनुरूप नहीं हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने जारी अपने नवीनतम आदेश में कहा कि उसने इस मुद्दे की




जांच के उपरांत पाया है कि ए1 और ,2 का अंतर दूध में बीटा-केसीन प्रोटीन की संरचना से जुड़ा हुआ है। हालांकि, मौजूदा एफएसएसएआई नियम इस अंतर को मान्यता नहीं देते हैं। नियामक ने खाद्य व्यवसाय संचालकों एफबीओ (फूड बिजनेस ऑपरेटर) को अपने उत्पादों से ऐसे दावों को हटाने का निर्देश दिया है। साथ ही ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को भी इन दावों को उत्पादों और वेबसाइटों से तुरंत हटाने के लिए कहा है।

उल्लेखनीय है कि एफएसएसएआई ने कंपनियों को पहले से छपे लेबल को खत्म करने के लिए छह महीने का वक्त दिया है। इसके बाद कोई और समय विस्तार नहीं दिया जाएगा।

# इंडियन फॉस्फेट का आईपीओ 26 अगस्त को खुलेगा, प्राइस बैंड 94-99 रुपये प्रति शेयर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/उदयपुर।** इंडियन फॉस्फेट लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 26 अगस्त, 2024 को निवेश के लिए खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 94-99 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इंडियन फॉस्फेट लिमिटेड की योजना इसके जरिए 67.36 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी ने जारी एक बयान में कहा कि उसका आईपीओ 26 अगस्त, 2024 को 2024 को खुलेगा और 29 अगस्त को बंद होगा।

कंपनी के मुताबिक इस आईपीओ का मूल्य दायरा 94-99 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। निवेश के लिए न्यूनतम लॉट साइज़ 1,200 शेयर तय है। वहीं, खुदरा निवेशकों को कम से कम 1,18,800 रुपये का निवेश करना होगा, जबकि एचएनआई के लिए न्यूनतम लॉट साइज़ निवेश 2 लॉट




(2,400 शेयर) है, जिसकी राशि 2,37,600 रुपये है।

इंडियन फॉस्फेट लिमिटेड की योजना इस आईपीओ से मिलने वाली इनकम का इस्तेमाल तमिलनाडु के कुड्डालोर ज़िले में SIPCOT औद्योगिक पार्क में सल्फ्यूरिक एसिड, LABSA 90 फीसदी और मैग्नीशियम सल्फेट के लिए एक नई विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए करना है। वहीं, कंपनी शुद्ध आय का कुछ हिस्सा कार्यशील पूंजी की ज़रूरतों को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करेगी। इंडियन फॉस्फेट लिमिटेड का आईपीओ एनएसई और एसएमई पर सूचीबद्ध होगा।

उल्लेखनीय है कि इंडियन फॉस्फेट लिमिटेड की स्थापना वर्ष 1998 में हुई थी। पिछले कुछ साल में कंपनी ने लीनियर अल्काइलबेन्जीन सल्फोनिक एसिड (LABSA 90 फीसदी) बनाने में एक्सपर्टिज हासिल की है। ये एक एनायनिक सर्फेक्टेंट है। इसका इस्तेमाल सभी तरह के डिटर्जेंट पाउडर, केक, टॉयलेट क्लीनर और लिक्विड डिटर्जेंट बनाने के लिए किया जाता है।

## देश की जीडीपी ग्रोथ रेट पहली तिमाही में 6 फीसदी रहने का अनुमान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सरकारी पूंजीगत व्यय में कमी तथा शहरी उपभोक्ता मांग में नरमी आने से देश की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में छह फीसदी रहने का अनुमान जताया है। हालांकि जून तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर के आधिकारिक आंकड़े 30 अगस्त को आएंगे। निवेश सूचना और क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा (आईसीआरए लिमिटेड) ने जारी बयान में कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अप्रैल-जून तिमाही में छह फीसदी रहने का अनुमान है, जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे कम है। इक्रा ने पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहने की उम्मीद जताई है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज 8.2 फीसदी की ग्रोथ से कम है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर का आधिकारिक आंकड़ा 30 अगस्त, 2024 को जारी करेगा। इससे पिछले वित्त 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 8.2 फीसदी रही थी। हालांकि, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को चालू वित्त वर्ष में जीडीपी ग्रोथ 7.2 फीसदी और पहली तिमाही में वृद्धि दर 7.1 फीसदी रहने का अनुमान है।

उल्लेखनीय है कि आईसीआरए लिमिटेड एक भारतीय स्वतंत्र और पेशेवर निवेश सूचना और क्रेडिट रेटिंग एजेंसी है। इस कंपनी की स्थापना 1991 में हुई थी। इसका मूल नाम इन्वेस्टमेंट इंफॉर्मेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ऑफ इंडिया लिमिटेड था। हालांकि, इसे इक्रा के नाम से जाना जाता है।

# सेबी ने जारी किया कंसल्टेशन पेपर, 6 सितंबर तक दी जा सकती है राय

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/उदयपुर।** मार्केट रेगुलेटर सेबी आने वाले दिनों में क्रेडिट रेटिंग एजेंसीज, केवाईसी रजिस्ट्रेशन एजेंसीज, कस्टोडियंस, डिपॉजिटरीज और इंडेक्स प्रोवाइडर्स को सेल्फ अटेस्टेड डॉक्यूमेंट सबमिट करने की इजाजत देने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। इस संबंध में सेबी ने आज ही एक कंसल्टेशन पेपर जारी किया है। इस कंसल्टेशन पेपर पर सेबी के पास 6 सितंबर तक राय भेजी जा सकती है।

सेबी की ओर से जारी कंसल्टेशन पेपर में कंपनी लॉ कमेटी की रिपोर्ट का हवाला दिया गया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र सरकार पारदर्शिता बढ़ाने और कारोबार में व्यक्तिगत स्वार्थ पर अंकुश लगाने के लिए ट्रस्ट आधारित सिस्टम को बढ़ावा देना चाहती है। इसके तहत ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए एफिडेविट की जगह सेल्फ डिक्लेरेशन की इजाजत देने का प्रस्ताव किया गया है। कमेटी की रिपोर्ट में कहा गया है




कि कई राज्यों ने एफिडेविट की जगह पर सेल्फ डिक्लेरेशन का इस्तेमाल करना शुरू भी कर दिया है। कंपनी लॉ कमेटी की रिपोर्ट में इस बात का भी उल्लेख है कि सेल्फ डिक्लेरेशन वही काम करता है, जो काम एफिडेविट के जरिए होता है लेकिन सेल्फ डिक्लेरेशन में औपचारिकताएं कम होती हैं। इसके साथ ही कानूनी व्यवस्था के तहत एफिडेविट के जरिए फर्जी बात कहे जाने पर उसी सजा का प्रावधान है, जो प्रावधान फर्जी सेल्फ डिक्लेरेशन देने पर है। ऐसी स्थिति में एफिडेविट की जगह सेल्फ डिक्लेरेशन या सेल्फ सर्टिफिकेशन का इस्तेमाल करने से कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि औपचारिकताएं कम हो जाने की वजह से काम की सुविधा बढ़ सकेगी। सेबी के कंसल्टेशन पेपर में ये भी कहा गया है कि एफिडेविट का इस्तेमाल करने से न केवल खर्च बढ़ता है, बल्कि उनकी वजह से गैर जरूरी एप्रुवल्स का बोझ भी बढ़ जाता है।

इन बातों को ध्यान में रखकर ही सेबी ने अपने कंसल्टेशन पेपर में कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि नोटरी से डॉक्यूमेंट को अटेस्ट करने के नियम से सेल्फ अटेस्टेशन की तुलना में किसी अतिरिक्त उद्देश्य की पूर्ति नहीं होती है। ऐसी स्थिति में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए नोटराइज्ड एफिडेविट की जगह सेल्फ अटेस्टेड डॉक्यूमेंट का इस्तेमाल किया जा सकता है। सेबी ने इस कंसल्टेशन पेपर के जरिए लोगों से राय मांगी है। 6 सितंबर तक लोगों की राय एकत्र की जाएगी, जिसके बाद इस पर विचार विमर्श करने के बाद सेबी किसी आखिरी फैसले पर पहुंचेगी।

## एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया 'एक्सिस कंजम्पशन फंड'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक्सिस कंजम्पशन फंड लॉन्च करने की आज घोषणा की। निफ्टी इंडिया कंजम्पशन टीआरआई के मुकाबले बेंचमार्क किया गया यह नया फंड ऑफर (एनएफओ) 23 अगस्त से 6 सितंबर 2024 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। भारत के संपन्न उपभोग क्षेत्र की शक्ति का दोहन करने और निवेशकों को देश की बढ़ती उपभोक्ता मांग से लाभ उठाने का अवसर प्रदान करने के मकसद से ही एक्सिस कंजम्पशन फंड को लॉन्च किया जा रहा है। इस फंड का प्रबंधन श्री हितेश दास, श्री श्रेयश देवलकर और सुश्री कृष्णा नारायण (विदेशी प्रतिभूतियों के लिए) द्वारा किया जाएगा, जो इस थीमेटिक निवेश अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक्सिस कंजम्पशन फंड का उद्देश्य एक विविध पोर्टफोलियो प्रदान करना है जो भारत के उपभोग-संचालित क्षेत्रों के व्यापक स्पेक्ट्रम को दर्शाता है, जिसमें एफएमसीजी, ऑटो, दूरसंचार, स्वास्थ्य सेवा, रियल्टी और अन्य क्षेत्र शामिल हैं। एक्सिस एएमसी के मुख्य निवेश अधिकारी आशीष गुप्ता ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''देश में विकसित हो रहे उपभोग पैटर्न विकास पथ का एक महत्वपूर्ण पहलू हैं। जैसे-जैसे हमारी आबादी की आकांक्षाएं बढ़ती हैं और खर्च करने की शक्ति बढ़ती है, इस क्षेत्र की कंपनियां निरंतर विकास के लिए तैयार रहती हैं। ऐसी स्थिति में एक्सिस कंजम्पशन फंड निवेशकों को इस उभरते रुझान में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। इस फंड का उद्देश्य एक मजबूत पोर्टफोलियो बनाना है जो इस गतिशील विकास को दर्शाता हो। यह फंड न केवल वर्तमान उपभोग रुझानों को दर्शाता है, बल्कि भविष्य के विकास चालकों का भी अनुमान लगाता है, जिससे हमारे निवेशक भारत के आर्थिक परिवर्तन का लाभ उठा सकते हैं। यह थीमेटिक एप्रोच हमारे देश की प्रगति के मूल चालकों के साथ जुड़ा हुआ है, जो संभावित रूप से दीर्घकालिक धन सृजन के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।''


# बैंक अपनी पहुंच बढ़ाकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करें : निर्मला सीतारमण

**एजेंसी**

**उदयपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों से आह्वान किया है कि वे बैंकिंग पहुंच बढ़ाते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करें।

वह उदयपुर के होटल लीला पैलेस में पश्चिम व मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के माध्यम से आमजन को लाभ देने के लिए बैंक के सभी अधिकारी समन्वय से कार्य करें।

वित्त मंत्री दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार सुबह उदयपुर पहुंचीं। वित्त मंत्री के डबोक एयरपोर्ट पहुंचने पर प्रशासनिक एवं बैंकिंग अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वहां से वे पिछोला किनारे स्थित होटल लीला पैलेस पहुंचीं। वहां उन्होंने पश्चिम-




मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के चेयरमैन और उनके प्रायोजित बैंकों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बैंकिंग क्षेत्र में आ रही चुनौतियों से निपटने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने पर चर्चा की गई। बैंकों की पिछले वित्तीय वर्ष की वार्षिक कार्ययोजना एवं प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव एम नागराजू, अपर सचिव एमपी तंगीराला सहित नाबार्ड के चेयरमैन के बी शॉ, आरबीआई के कार्यपालक निदेशक जयंत कुमार दास, बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी देवदत्त चांद, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक निधू सक्सेना, भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तिवारी ने अपने-अपने बैंकों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही बैंकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। बैठक में नाबार्ड, सिडबी, बैंक ऑफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, बैंक ऑफ इंडिया के नौ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के अधिकारियों के साथ ही पश्चिम मध्य क्षेत्र के छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, विदर्भ कोंकण ग्रामीण बैंक, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक, मध्यांचल ग्रामीण बैंक, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक, राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक, महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक के अध्यक्षों ने भाग लेकर अपने-अपने बैंकों की प्रगति रिपोर्ट और आगामी कार्ययोजना से केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने दोपहर बाद एयरपोर्ट रोड स्थित स्मॉल इंडस्ट्रीज डवलपमेंट बैंक कार्यालय का निरीक्षण भी किया।

# भारत की आर्थिक वृद्धि की गति बरकरार : वित्त मंत्रालय रिपोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर आई है। अनियमित मानूसन के बावजूद भारत की आर्थिक गति बरकरार है। आर्थिक समीक्षा में 6.5 से 7.0 फीसदी की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर हासिल करने की उम्मीद है।

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। मंत्रालय की जुलाई की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार महीनों में अपनी गति कायम रखी है। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार (अप्रैल-जुलाई) महीनों के दौरान वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह कर आधार के विस्तार तथा आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि के दम पर संभव हुआ है।रिपोर्ट के मुताबिक विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के क्रय प्रबंधकों के सूचकांक के मजबूत प्रदर्शन से भी घरेलू गतिविधियों में मजबूती का पता चलता है। विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि का कारण मांग का बढ़ना, नए निर्यात ऑर्डर में तेजी तथा उत्पादन कीमतों का बढ़ना है। आर्थिक समीक्षा में राजकोषीय मोर्चे पर कहा गया कि केंद्रीय वित्त वर्ष 2024-25 ने राजकोषीय मजबूती का मार्ग प्रशस्त किया है। मजबूत राजस्व संग्रह, राजस्व व्यय में अनुशासन तथा मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के समर्थन से राजकोषीय घाटे में कमी आने का अनुमान है। इसके साथ ही इसमें कहा गया कि पूंजीगत व्यय को उच्च स्तर पर बनाए रखा गया है, जिससे नए निजी निवेश चक्र को समर्थन मिल रहा है।मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक खुदरा महंगाई दर जुलाई 2024 में घटकर 3.5 फीसदी हो गई, जो सितंबर 2019 के बाद सबसे कम 59 माह का निचला स्तर है। ये खाद्य महंगाई में नरमी आने का नतीजा है। दक्षिण-पश्चिम मानसून में स्थिर प्रगति ने खरीफ की बुवाई का समर्थन किया है। रिपोर्ट के मुताबिक जलाशयों में जल स्तर का फिर से बढ़ना मौजूदा खरीफ तथा आगामी रबी फसल के उत्पादन के लिए एक अच्छा संकेत है। इससे आने वाले महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति दर को कम करने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट के मुताबिक कुल मिलाकर भारत की आर्थिक वृद्धि की गति बरकरार है। क्रय प्रबंधकों के सूचकांक के अनुसार विनिर्माण और सेवा का क्षेत्र बढ़ रहा है। वहीं, कर संग्रह, खासकर अप्रत्यक्ष कर (जो लेन-देन को दर्शाते हैं) अच्छी तरह बढ़ रहे हैं, तथा बैंक ऋण भी बढ़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक महंगाई दर कम हो रही है और वस्तुओं तथा सेवाओं दोनों का निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर रहा है। इसके अलावा शेयर बाजार अपने स्तर पर है, जबकि सकल प्रवाह बढ़ने के कारण प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ रहा है।

## लगातार छठे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 1.27 लाख करोड़ का मुनाफा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार लगातार छठे कारोबारी दिन बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ होने के बाद दिन के कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने की वजह से शेयर बाजार की चाल में मामूली गिरावट भी आई लेकिन लिवाली का जोर बने रहने की वजह से शेयर बाजार लगातार हरे निशान में ही कारोबार करता रहा। बाजार की तेजी के कारण 2 अगस्त के बाद आज पहली बार सेंसेक्स 81 हजार अंक के ऊपर पहुंच कर खुला और पूरे दिन के कारोबार के बाद 81 हजार के स्तर के ऊपर ही बंद होने में सफल भी रहा। दिन भर की खरीद-बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.18 प्रतिशत और निफ्टी 0.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान टेलीकॉम, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल, बैंकिंग और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। आईटी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 460.51 लाख करोड़



रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 459.24 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,053 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,454 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,509 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 90 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए।

एनएसई में आज 2,378 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,460 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 918 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर बढ़त के साथ और 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 25 शेयर हरे निशान में और 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 301.94 अंक के उछल कर 81,207.24 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलने के बाद से ही तेजडियों और मंदड़ियों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में लगातार उतार चढ़ाव होता रहा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 331.15 अंक की मजबूती के साथ 81,236.45 अंक के स्तर तक पहुंचा। बिकवाली का दबाव बनने पर ये सूचकांक 80,954.02 अंक तक गिर भी गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 147.89 अंक की तेजी के साथ 81,053.19 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 93.20 अंक की मजबूती के साथ 24,863.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल भी ऊपर नीचे होती रही। लिवाली का समर्थन मिलने पर ये सूचकांक उछल कर 24,867.35 अंक तक पहुंचा लेकिन बिकवाली शुरू हो जाने पर इसने 24,784.45 अंक तक गोता भी लगा दिया। दिनभर हुई खरीद बिक्री के बाद निफ्टी 41.30 अंक की बढ़त के साथ 24,811.50 अंक के स्तर पर बंद हुआ।पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ग्रासिम इंडस्ट्रीज 2.62 प्रतिशत, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 2.40 प्रतिशत, भारती एयरटेल 1.56 प्रतिशत, टाटा स्टील 1.46 प्रतिशत और आईसीआईसीआई बैंक 1.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

# हरियाणा में एक दशक बाद भाजपा को अभूतपूर्व चुनौती

जमीनी स्तर पर राजनीतिक स्थिति बताती है कि मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा होगा, केवल आधा दर्जन सीटों को छोड़कर, जहां बहुकोणीय मुकाबला हो सकता है, जिसमें जेजेपी, आईएनएलडी, आप (अगर अपने दम पर चुनाव लड़ने का फैसला करती है) और कुछ निर्दलीय शामिल हैं। भाजपा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर स्पष्ट है।भारत के चुनाव आयोग द्वारा 16 अगस्त को हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही, राष्ट्रीय एवं राज्य की राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी विशेष राजनीतिक परिस्थितियों से निपटने में लग गई हैं। उनके नेता कई हफ्तों से चुनावी मूड में थे, खासकर 4 जून, 2024 को लोकसभा आम चुनाव के नतीजे आने के बाद से।

सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के नेताओं को चुनावी सक्रियता में बनाये रखने वाली बात लोकसभा चुनाव के नतीजों की प्रकृति है। सत्तारूढ़ भाजपा को सीटों और वोटों के मामले में मिली हार ने एक तरफ उनके नेतृत्व में चिंता और अपने गढ़ को बचाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने की आवश्यकता को जन्म दिया है, वहीं कांग्रेस की जीत ने उनके कार्यकर्ताओं में उत्साह को दोगुना कर दिया है, जिससे उन्हें उम्मीद है कि वे राज्य में भाजपा को सत्ता से बेदखल कर सकते हैं।

सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के अलावा जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) और इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) सहित क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के पास अब केवल तीन सप्ताह का समय है, जिसके दौरान उन्हें टिकटों पर फैसला करना है, राजनीतिक अंतर्कलह के कारण उभरी सीमाओं को पाटना है और राज्य में राजनीतिक गठबंधन के मुद्दों को सुलझाना है। इसलिए, उन्हें पहले से ही बरकरार चुनावी सक्रियता में अपनी गति को बनाये रखते हुए चुनावी बारीकियों से निपटना होगा।

भाजपा पिछले 10 वर्षों से राज्य पर शासन कर रही है, लेकिन अब उसे एक अभूतपूर्व चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, जिसका खुलासा लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों से हुआ है। चुनाव से ठीक पहले जेजेपी के साथ उसका गठबंधन टूट गया था। पार्टी ने पंजाबी समुदाय से आने वाले मनोहर लाल खट्टर की जगह ओबीसी नेता नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया था। हालांकि, भाजपा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर को दूर नहीं किया जा सका।

भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में जीती गई राज्य की सभी 10 सीटों में से 5 खो दीं और उसका वोट शेयर भी 11.91 प्रतिशत घट गया। इसलिए, अगर पार्टी राज्य में अपनी सत्ता बरकरार रखना चाहती है, तो इस रुझान को बदलना उसके लिए सबसे महत्वपूर्ण है। भाजपा को अभी भी उम्मीद है कि पार्टी किसानों के गुस्से को कम करने के लिए ओबीसी का लाभ उठा सकेगी।हालांकि, भाजपा ने अपनी सारी उम्मीदें नहीं खोई हैं, क्योंकि लोकसभा के नतीजों से पता चलता है कि भाजपा ने 44 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल की है, जबकि विधानसभा चुनाव 2019 में उसने 90 में से 40 सीटें जीती थीं। भाजपा नेतृत्व को उम्मीद है कि थोड़ा और प्रयास करके पार्टी अपने दम पर बहुमत हासिल कर सकती है, भले ही राज्य में एनडीए मजबूत नहीं है क्योंकि भाजपा ने कुछ महीने पहले जेजेपी से नाता तोड़ लिया था। भाजपा नेतृत्व को यह भी उम्मीद है कि इंडिया ब्लॉक एकजुट होकर चुनाव नहीं लड़ सकता है, और इसलिए वे विधानसभा क्षेत्रों की संख्या के मामले में कांग्रेस पर बढ़त हासिल कर सकते हैं।लोकसभा के नतीजों से पता चलता है कि जेजेपी और इनेलो ने राज्य में अपना प्रभाव काफी हद तक खो दिया है। जेजेपी ने 2019 के विधानसभा चुनाव में 10 सीटें जीती थीं, लेकिन वह लोक सभा चुनाव के दौरान किसी भी विधानसभा क्षेत्र में बढ़त हासिल नहीं कर सकी। पार्टी को 1 प्रतिशत से भी कम वोट मिले, जिसे भाजपा के साथ जाने के लिए पार्टी के खिलाफ मतदाताओं के गुस्से के रूप में समझा गया। किसान समुदाय भाजपा से नाराज हैं, जो लगता है कि अपनी वफादारी जेजेपी से दूर कर चुके हैं। इनेलो ने 2019 में 1 सीट जीती थी, लेकिन उसका भी यही हश्र हुआ, और वह किसी भी विधानसभा क्षेत्र में बढ़त हासिल नहीं कर सकी, जो बताता है कि किसान समुदाय इनेलो के साथ भी नहीं है।हालांकि कांग्रेस ने भाजपा से 5 लोकसभा सीटें छीन ली थीं और अपने वोट शेयर में 15.16 प्रतिशत की वृद्धि की थी, लेकिन उसे केवल 42 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त मिली थी, जो भाजपा से 2 कम थी। यही कांग्रेस के लिए चुनौती है, जिसे सत्तारूढ़ भाजपा से मुकाबला करने और इंडिया ब्लॉक के लिए बहुमत हासिल करने के लिए स्पष्ट रूप से एक सहयोगी की आवश्यकता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कांग्रेस पिछले कुछ समय से राज्य में फिर से उभर रही है, जो जमीन पर और विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त के मामले में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है, जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 30 सीटें जीती थीं।आम आदमी पार्टी भले ही इंडिया ब्लॉक के हिस्से के रूप में कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ी हो, लेकिन वह एक भी लोकसभा सीट नहीं जीत पाई। हालांकि, इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि आप ने 4 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल की है।

इस प्रकार, इंडिया ब्लॉक ने कुल 90 में से 46 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल की है, जो स्पष्ट बहुमत का आंकड़ा है, जो भाजपा की बढ़त से 2 अधिक है। हालांकि, यह अभी भी अनिश्चित है कि आप और कांग्रेस इंडिया ब्लॉक के घटक के रूप में हरियाणा विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ेंगे या नहीं। आप नेतृत्व ने कई बार दोहराया है कि कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे की व्यवस्था केवल लोकसभा चुनाव के लिए थी।

फिर भी, जमीनी स्तर पर राजनीतिक स्थिति बताती है कि मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा होगा, केवल आधा दर्जन सीटों को छोड़कर, जहां बहुकोणीय मुकाबला हो सकता है, जिसमें जेजेपी, आईएनएलडी, आप (अगर अपने दम पर चुनाव लड़ने का फैसला करती है) और कुछ निर्दलीय शामिल हैं। भाजपा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर स्पष्ट है और किसान अभी भी पीएम मोदी की किसान विरोधी नीतियों से नाराज हैं, जिससे कांग्रेस को 2024 में राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा से सत्ता छीनने की उम्मीद जगी है।हरियाणा विधानसभा के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए राज्य विधानसभा चुनाव, जिसका कार्यकाल 4 नवंबर, 2024 को समाप्त होना है, 1 अक्टूबर को एक चरण में होंगे। कुल 17 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और चुनाव कार्यक्रम इस प्रकार है- अधिसूचना तिथि- 5 सितंबर; नामांकन की अंतिम तिथि- 12 सितंबर; नामांकन की जांच की तिथि- 13 सितंबर; नाम वापसी की अंतिम तिथि- 16 सितंबर; कुल 2.03 करोड़ मतदाता राजनीतिक दलों के भाग्य का फैसला करेंगे, जिनमें से 4.7 लाख पहली बार मतदाता हैं, जबकि विकलांग (पीडब्ल्यूडी) मतदाता 1.49 लाख, तीसरे लिंग 455 और 85+ वरिष्ठ नागरिक 2.46 लाख हैं।




## रोजाना के ऐसे काम जिनसे हो जाएगी लटकती तोंद गायब, जिम की भी नहीं पड़ेगी जरूरत!



**लटकती तोंद आजकल एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आ रही है। ये न सिर्फ आपका लुक बिगाड़ सकती है बल्कि कई बीमारियों को न्योता भी देती है। इसलिए पेट की चर्बी (Belly Fat) कम करना बेहद जरूरी है। इसके लिए आप घर के छोटे-मोटे कामों का सहारा भी ले सकते हैं। इससे आपके घर के काम भी निपट जाएंगे और आपकी एक्सरसाइज भी हो जाएगी।**

आजकल की भागदौड़ भरी लाइफ के कारण लोग अपनी सेहत पर कम ध्यान दे पाते हैं। यही कारण है कि आजकल युवाओं में भी तोंद निकलने की समस्या बढ़ने लगी है। इसके कई कारण हैं, जैसे- नींद पूरी न होना, अनहेल्दी खाना, फिजिकल एक्टिविटी कम करना, तनाव आदि।

इसलिए सही लाइफस्टाइल अपनाकर इस परेशानी से निजात पाया जा सकता है। आपको बता दें कि जिम जाने और हेल्दी डाइट अपनाने के साथ-साथ आपके घर के छोटे-मोटे काम भी पेट की चर्बी कम करने में मदद (Tips to reduce belly fat) कर सकते हैं। इस आर्टिकल में हम इसी बारे में जानेंगे।

झाड़ू लगाना- झाड़ू लगाना एक बेहतरीन कार्डियो एक्सरसाइज है। इसे करते समय आपकी पेट की मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है, जिससे चर्बी घटाने में मदद मिलती है। यह आपको लगातार गति में रखता है और कैलोरी बर्न करता है। साथ ही, झाड़ू लगाते समय आपको झुकना पड़ता है, जो आपकी रीढ़ की हड्डी के लिए भी फायदेमंद है।पोछा लगाना- पोछा लगाते समय आपको मलासन में बैठना पड़ता है। साथ ही, इसी पोजीशन में पीछे की ओर चलते हुए फर्श को साफ किया जाता है।इससे आपकी पेट और पीठ की मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। साथ ही, पेट पर दबाव पड़ने से पाचन भी बेहतर होता है और पेट की चर्बी घटाने में मदद मिलती है।

बागवानी करना- बागवानी एक फुल बॉडी एक्सरसाइज है, जिसमें आपको खुदाई, पौधों की देखभाल और खरपतवार हटाने का काम करना पड़ता है। यह आपके पेट की मांसपेशियों को टोन करता है और चर्बी कम करने में मदद करता है। साथ ही, पौधों को पानी देने और खुदाई करने से आपकी हाथ की मांसपेशियां भी मजबूत बनती हैं।

कपड़े धोना- हाथ से कपड़े धोना आपके शरीर के ऊपरी हिस्से के साथ-साथ पेट की मांसपेशियों को भी सक्रिय करता है। यह एक अच्छी कसरत हो सकती है, जो कैलोरी बर्न करती है और पेट की चर्बी को कम करने में मदद करती है।

घर की सफाई- पूरे घर की सफाई करना, जिसमें फर्नीचर की धूल झाड़ना, बाथरूम की सफाई और खिड़कियों को साफ करना शामिल है। ऐसा करने से आपके शरीर की कैलोरी बर्न होती है, जो फैट कम करने में मदद करती है।

बर्तन धोना- बर्तन धोने के दौरान लगातार खड़े रहना और हाथों का इस्तेमाल करना आपकी पेट की मांसपेशियों को सक्रिय करता है। इससे पेट की चर्बी घटाने में मदद मिलती है।

## संपादकीय

### बहुजन जागृति का प्रतीक है भारत बंद

आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये कतिपय निर्णयों के खिलाफ़ बुधवार को आयोजित सफल भारत बन्द इस बात का प्रतीक है कि अपने अधिकारों को लेकर दलित, ओबीसी एवं आदिवासी वर्ग फिर से जागरूक हो चले हैं। अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों में क्रीमीलेयर को मिल रहे आरक्षण तथा कोटा के भीतर कोटा बाबत शीर्ष न्यायालय के फैसलों से नाराज़ दलित संगठनों ने इस राष्ट्रव्यापी बन्द का ऐलान किया था। कोर्ट ने कहा था कि सरकार चाहे तो कोटे के भीतर कोटा तय कर सकती है। यह संविधान के अनुच्छेद 341 के खिलाफ नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा कि राज्य सरकारें इस बाबत मनमर्जी फैसला नहीं कर सकतीं। कोर्ट ने दो शर्तें भी लगाई हैं। उसने साफ किया है कि एससी के भीतर किसी एक ही जाति को शत-प्रतिशत आरक्षण नहीं दिया जा सकता और एससी में शामिल किसी जाति का कोटा तय करने से पहले उसकी हिस्सेदारी का पुख्ता डेटा होना चाहिये। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय उन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए फैसला दिया था जिनमें कहा गया है कि आरक्षण का फायदा कुछ ही जातियों को मिल रहा है और अनेक जातियां इससे वंचित हैं।दलित संगठनों के इस बंद को बहुजन समाज पार्टी, भीम आर्मी, भारत आदिवासी पार्टी आदि ने भी समर्थन दिया था। अनेक राज्यों में यह बेहद सफल रहा है। इन संगठनों के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बंद में शामिल रहे। उनकी मांग है कि सुप्रीम कोर्ट इस फैसले को वापस ले या पुनर्विचार करे। भारत बंद के अनेक राजनीतिक निहितार्थ हैं। इसे हाल के दिनों की एक महत्वपूर्ण परिघटना मानना चाहिये क्योंकि पिछले लगभग एक दशक से जो दलित, आदिवासी और ओबीसी वर्ग सड़कों की लड़ाई छोड़ चुका था और उनके नेताओं ने अपने ही वर्गों के हितों को दरकिनार कर दिया था, वे भी साथ खड़े और उनके पक्ष में लड़ाई करते हुए दिखे। बसपा प्रमुख मायावती, जिन पर अक्सर भारतीय जनता पार्टी की %बी% टीम होने का आरोप लगता रहा है, किसी आंदोलन का सीधा समर्थन करती दिखीं। हालांकि यह आंदोलन सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ़ कहा जा रहा है परन्तु उसका एक सिरा सत्ता में भी जाकर खुलता है क्योंकि केन्द्र ने इसे समय रहते स्पष्ट नहीं किया कि इस फैसले को लेकर वह क्या करने जा रही है और किस तरह से वह आरक्षण पर आंच नहीं आने देगी। अभी उसे संघ लोक सेवा आयोग के जरिये केन्द्रीय सचिवालय में उप सचिव स्तर के अधिकारियों की सीधी भर्ती (लेटरल एंट्री) का कदम वापस लेना पड़ा था। इस भर्ती में कोई पद आरक्षित नहीं थे। जब इसका सीधा विरोध हुआ तब सरकार को इस भर्ती को रद्द करना पड़ा।ऐसे निर्णयों के कारण अब जनता के कान खड़े हो गये हैं, खासकर उनके जिन्हें आरक्षण का लाभ मिलता रहा है। सरकार करीब 45 पद लेटरल एंट्री के जरिये भरने जा रही थी। यह बात सामने आई कि अगर वह भर्ती प्रतिस्पर्धा एवं परीक्षा के जरिये होती तो उसके जरिये आधे से ज्यादा पद ओबीसी, दलितों, आदिवासियों एवं अन्य आरक्षित वर्गों को मिलते। इसके खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मायावती, अखिलेश यादव आदि ने आवाज़ उठाई जिसका परिणाम यह हुआ कि खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को केन्द्रीय कार्मिक मंत्रालय को आदेश देकर यह विज्ञापन रद्द कराना पड़ा। हालांकि केन्द्रीय मंत्री अर्जुन सिंह मेघवाल का कहना है कि सरकार कहीं से भी आरक्षण को खत्म नहीं करने जा रही, लेकिन विपक्ष लोगों को इस बात को लेकर भ्रमित कर रहा है।सवाल यह है कि सरकार इस बाबत अपना सीधा व स्पष्ट बयान क्यों अब तक जारी नहीं कर पाई और कोर्ट के सामने भी अपना पक्ष नहीं रख सकी कि आरक्षण की व्यवस्था बनी रहेगी तथा सम्बन्धित वर्गों को कोई नुकसान नहीं होने जा रहा है। इसके पीछे खुद सरकार दोषी है। जनता की यह धारणा बन गई है कि केन्द्र सरकार आरक्षण विरोधी है। यह धारणा विकसित करने में स्वयं भारतीय जनता पार्टी का हाथ है। लोकसभा चुनाव के पहले जब भाजपा ने 370 और 400 पार का नारा लगाना शुरू किया था तो उसका मकसद संविधान को बदलना बतलाया गया था। यह बात भाजपा के कई उम्मीदवार सार्वजनिक तौर पर कहते रहे। अनंत हेगड़े, अरूण गोविल, लल्लू सिंह, ज्योति मिर्धा आदि चुनावी रैलियों में ऐलान करते रहे कि भाजपा को इतना बड़ा बहुमत इसलिये चाहिये क्योंकि उसे संविधान बदलना है।

## उन्हें डर है

समाज में गरीबी और अमीरी, अगड़ों और पिछड़ों की जो व्यवस्था बनी हुई है, वह बनी रहे, यह उच्च और सवर्ण तबके की सोच है। भाजपा ने सत्ता में आने के बाद इस सोच को और मजबूत किया। इसलिए देश में आर्थिक गैरबराबरी भी पहले से कई गुना बढ़ गई, इसके साथ ही अल्पसंख्यकों और दलितों पर अत्याचारों में भी बढ़ोत्तरी आई। आरक्षण को खत्म करने की कोशिशें नए सिरे से भाजपा के शासनकाल में शुरु हुईं।

18वीं लोकसभा के शुरुआती काल में ही देश में दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, किसानों, वंचित तबकों के सवालों पर विमर्श तेज होने लगा है, यह एक मजबूत होते लोकतंत्र की पहचान है। सुप्रीम कोर्ट ने अजा जजा वर्ग में उपवर्गों और क्रीमी लेयर को लेकर जो फैसला दिया था, उस पर देश के कई दलित और आदिवासी संगठनों ने अपनी असहमति दर्ज की थी। विपक्ष ने भी इस फैसले को ठीक नहीं बताया था, नतीजा यह हुआ कि केंद्र सरकार को ऐलान करना पड़ा कि वह इसे लागू नहीं करेगी। लेकिन बुधवार 21 अगस्त को इस फैसले को रद्द कराने की मांग पर भारत बंद का सफल आह्वान हुआ। इससे पहले सिविल सेवाओं में लैटरल एंट्री के जरिए प्रवेश का फैसला भी सरकार को वापस लेना पड़ा, क्योंकि विपक्ष ने आरोप लगाया था कि यह फैसला आरक्षण और संविधान विरोधी है। अपने फैसलों से भाजपा जितनी बार पीछे हट रही है, उतनी बार उसकी जुबान पर संविधान और बाबा साहेब अंबेडकर का नाम आ रहा है। भाजपा को अब चीख-चीख कर यह साबित करने की जरूरत पड़ रही है कि श्री मोदी समानता के अधिकार के रक्षक हैं, सामाजिक न्याय में उनका गहरा विश्वास है, संविधान में उनकी गहरी आस्था है। भाजपा की यह कोशिश बता रही है कि वह अब भीतर से असुरक्षित महसूस कर रही है। क्योंकि कांग्रेस के खिलाफ उसने जो अभियान छेड़ा था, वह असफल हो चुका है। वहीं न राहुल गांधी को उनके मार्ग से भाजपा हटा पाई है, न सोनिया गांधी की गरिमा पर कोई दाग लगा पाई है।दस बरस पहले जब भाजपा 10 सालों के अंतराल के बाद सत्ता में आई थी, तब कांग्रेस के खिलाफ नफरत गहरी करने का खेल काफी तेज हो गया था। भाजपा के शीर्ष नेताओं नरेन्द्र मोदी और अमित शाह ने कांग्रेस मुक्त भारत का बाकायदा अभियान चलाया था। जनता को यह समझाने की कोशिश की गई कि इस देश के लिए सबसे अधिक खतरनाक कुछ है, तो वो कांग्रेस है। कांग्रेस की मौजूदगी को लेकर भाजपा की सतर्कता इस हद तक थी कि उसे सत्ता से हटाकर भी



ध्यान लगाया। इसके लिए राहुल गांधी और सोनिया गांधी की छवियों पर गंभीर प्रहार हुए, जो अब तक जारी हैं। इसके अलावा कांग्रेस को तोड़ा गया, उसकी राज्य सरकारों को गिराने के षड्यंत्र हुए और इसमें भाजपा कामयाब भी हुई। दरअसल कांग्रेस को लेकर भाजपा और संघ इसलिए सशंकित रहते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि अपनी तमाम बुराइयों, कमियों और कई गलत फैसलों के बावजूद कांग्रेस कभी भी इस देश की मूल संरचना पर प्रहार नहीं करेगी। न ही कभी नेहरू-गांधी-आजाद-बोस-अंबेडकर-पटेल-भगत सिंह के आदर्श भारत की परिकल्पना को भूलेगी। कांग्रेस हर हाल में संविधान की भावनाओं के अनुरूप ही देश को चलाएगी। यूपीए शासनकाल के 10 बरस इसका प्रमाण हैं, जिनमें मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार जैसे कई फैसले लिए गए, जिनसे पूंजीपतियों और सुविधा संपन्न उच्च तबके को उलझन होने लगी। खुद कांग्रेस के भीतर भी इन फैसलों पर अंतर्विरोध हो रहे थे, क्योंकि सोनिया गांधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद जो प्रगतिशील फैसले ले रही थी, वह संपन्न, सवर्ण तबके की सोच के खिलाफ थे। ये तबका उस सोच का हिमायती रहा है, जहां किसी रिक्शाचालक या दर्जी या मोची या किसान अगर शहरों के मॉल में जाकर अपनी मेहनत की कमाई खर्च करे तो यह उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में दखल लगने लगता है।समाज में गरीबी और अमीरी, अगड़ों और पिछड़ों की जो व्यवस्था बनी हुई है, वह बनी रहे, यह उच्च और सवर्ण तबके की सोच है। भाजपा ने सत्ता में आने के बाद इस सोच को और मजबूत किया। इसलिए देश में आर्थिक गैरबराबरी भी पहले से कई गुना बढ़ गई, इसके साथ ही अल्पसंख्यकों और दलितों पर अत्याचारों में भी बढ़ोत्तरी आई। आरक्षण को खत्म करने की कोशिशें नए सिरे से भाजपा के शासनकाल में शुरु हुईं। 2015 में बिहार विधानसभा चुनावों के वक्त संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आरक्षण की समीक्षा करने के विचार प्रकट किए थे, लेकिन इसका नुकसान भाजपा को हुआ तो कुछ वक्त के लिए आरक्षण पर बयान देने से बचा गया। फिर मोहन भागवत जातिगत भेदभाव को समाज के लिए अभिशाप बताने लगे और पिछले साल उन्होंने कहा कि निचली जातियों द्वारा 2,000 वर्षों से झेले गए भेदभाव की भरपाई के लिए अगर आरक्षण को अगले 200 वर्षों तक जारी रखना होगा, तो वह इसका समर्थन करेंगे। मगर अब संघ के ही मुखपत्र पांचजन्य के संपादकीय में संपादक हितेश शंकर ने लिखा है कि जाति व्यवस्था एक चेन सिस्टम की तरह है जो भारत के विभिन्न वर्गों को उनके पेशे और परंपरा के अनुसार वर्गीकृत करने के बाद एक साथ रखती है। पांचजन्य में लिखा है %भारत के उद्योगों को नष्ट करने के अलावा, आक्रमणकारियों ने भारत की पहचान को बदलने के लिए धर्मांतरण पर ध्यान केंद्रित किया। जब जाति समूह झुके नहीं तो उन्हें अपमानित किया गया।% इसके अलावा जाति जनगणना पर पांचजन्य ने लिखा कि %हिंदू जीवन, जिसमें गरिमा, नैतिकता, जिम्मेदारी और सांप्रदायिक भाईचारा शामिल है, जाति के इर्द-गिर्द घूमता है। ...तो कांग्रेस ने इसे हिंदू एकता में एक बाधा के रूप में देखा। वह अंग्रेजों की तर्ज पर लोकसभा सीटों को जाति के आधार पर बांटकर देश में बंटवारा बढ़ाना चाहती है। यही कारण है कि वह जाति जनगणना चाहती है।इस तरह संघ ने स्पष्ट कर दिया है कि वह न केवल आरक्षण की विरोधी है, बल्कि जाति जनगणना भी वह नहीं चाहता। क्योंकि इससे देश की कई जातियों को अब तक जिन हकों से वंचित रखा गया था, वो उनके लिए आवाज उठाने लगेंगे। दरअसल डरो मत का जो मंत्र राहुल गांधी ने समाज में फूंक दिया है, उसकी काट के लिए भाजपा को कोई और मंत्र नहीं मिल रहा है। राहुल गांधी जिस सहजता के साथ सब्जी विक्रेता को अपने घर बुलाकर सम्मान से बात करते हैं, उतने ही प्यार से मोची से भी मिलते हैं और उतनी ही सहजता के साथ टैक्सीचालक के परिवार से बातें भी करते हैं। मैकेनिक से बाइक सुधारना सीखना, चाय पीते हुए बढ़ई के साथ मेज-कुर्सी बनाना या फुटपाथ पर बैठकर मजदूरों से बात करना। इस तरह की राजनीति का कौन सा और कैसा जवाब भाजपा दे, यह उसकी समझ ही नहीं आ रहा है। क्योंकि चायवाले की तथाकथित छवि अब दस लाख के सूट की फ्रेम में जड़ चुकी है। इसलिए अब संघ जाति जनगणना के कांग्रेस या राहुल गांधी के वादे को हिंदू एकता में बाधा की तरह समाज को दिखाना चाह रहा है।हालांकि 21 अगस्त के भारत बंद ने यह साबित कर दिया कि भाजपा या संघ के नजरिए से अब व्यापक समाज ने असहमति दर्ज करनी शुरु कर दी है। अयोध्या में भाजपा की हार इसका सटीक उदाहरण है, जहां हिंदुत्व का कार्ड नहीं चला। इसके अलावा अब प्रधानमंत्री मोदी से लेकर उनके सारे मंत्री जितनी बार भी बाबा अंबेडकर और संविधान की माला जप लें, देश के दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों को संदेह हो रहा है कि उनके हुकूक की रक्षा भाजपा कर पाएगी। ओमप्रकाश वाल्मिकी की कविता का एक अंश है-



# फेसपैक रात के लिए

दलिया से बने फेसपैक को रात में आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है, जो काफी लाभप्रद होता है। इसे बनाने के लिए दो चम्मच दलिया लें। इसमें ऑयल की कुछ बूंद डालकर पेस्ट बना लें और इस पेस्ट में एक चम्मच शहद और 2-3 चम्मच नींबू का रस मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगा लें। जब मिश्रण सूखने लगे तो स्क्रब कर लें बाद में निकाल दें। गर्म पानी से चेहरा धोएं।


## जब सिर में हो खारिश

केले में शहद मिला कर मसल लें। उसमें प्याज का रस मिक्स करें। फिर इसे बालों की जड़ों में लगा कर 20 मिनट तक छोड़ दें और बाद में शैंपू कर लें। इस मास्क से रूसी खत्म होगी। जै तून का तेल लें और उसे गरम करें। उसमें शहद की कुछ बूंदें डालें और उससे सिर की कुछ देर मसाज करें। बीस मिनट के बाद सिर को शैंपू से धो लें। खारिश दूर हो जाएगी।



# हाथों को सुंदर बनाने के टिप्स

*खूबसूरत हाथ सभी को आकर्षित करते हैं। अपने हाथों को सुंदर बनाने के लिए आप मैनिक्योंर करवा कर हाथों को हमेशा नर्म और मुलायम बना सकती हैं। हाथों को खूबसूरत बनाएं रखने के लिए जानें ये मेनिक्योंर टिप्स-*



हाथ रुखे होने पर आप इनमें तेज खुशबू वाला लोशन लगाएं।

अक्सर नेलपॉलिश हटाने के बाद नेल्स रुखे हो जाते हैं ऐसे में आप नेल रिमूवर में कुछ बूंदें जोजोबा ऑयल की डालें और इसे नेपॉलिया हटाने केबाद नाखूनों पर लगाएं।

नेलपॉलिश को ज्यादा दिनों तक फ्रेश बनाए रखने के लिए शीशी के मुंह पर क्यूटिकल ऑयल लगाएं और शीशी बंद कर दें।

गीले हाथों पर नेल फाइलिंग न करें, क्योंकि गीले होने पर नाखून कमजोर हो जाते हैं। नाखूनों को एक ही दिशा में फाइल करें नहीं तो वे टूट भी सकते हैं।




# घर सजाओ कुछ हटकर

होम डेकोर में कुशन, कर्टन, बेड कवर आदि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि इनसे आप कम समय में घर का मेकओवर कर सकती हैं, इसलिए अलग-अलग उत्सव के लिए खास कलेक्शन रखें।

दीवारों पर सॉफ्ट कलर का पेंट है, तो एक्सेसरीज ब्राइट कलर की और दीवारों का कलर हाईलाइट करना हो, तो एक्सेसरीज सॉफ्ट रखें। घर का लुक अच्छा आता है।

पहले ही डिसाइड कर लें कि आपको कमरे का लुक एथनिक चाहिए या फिर मॉडर्न। इस बात को ध्यान में रखकर ही कमरे को सजाने की शुरूआत करनी चाहिए। कुशन और बेड कवर्स के साथ भी एक्सपेरिमेंट किया जा सकता है। अजकल मार्केट में कई तरह के कुशन कवर्स और बैड कवर्स उपलब्ध है जो आपके कमरे की सजावट को कॉम्प्लीमेंट करेगा। दीवारों पर भी रंग कुछ हटकर चुन सकते हैं। इससे कमरे की काया ही बदल जाएगी।





# बटुआ बना नया फैशन ट्रेंड





यह सच है कि फैशन हर पल बदलता रहता है। इन दिनों बटुओं को सबसे ज्यादा फैशन है। जहां पहले लड़कियां बड़े बैग्स कैरी करना पसंद करती थीं वहीं इन दिनों बड़े बैग की जगह उनके हाथों में छोटा बटुआ देखने को मिलता है। कमाल की बात यह है कि ये बटुए हर शेप, साइज और रंग में मिलते हैं। इन बटुओं की खासीयत यह है कि इन्हें आप हाथ में रख सकती है और साथ ही जब चाहें कंधे पर टांग भी सकती हैं।

यह हर ड्रेस के हिसाब से मैंचिग की जा सकती है।



अब आपको इंडियन आउटफिट पसंद हो या वेस्टर्न बटुआ हर ड्रेस के साथ मैच हो जाता है। बटुए अब हर तरह के मैटीरियल में उबलब्ध हैं। लैदर, रैक्सीन, जूट, कपड़े में यह मार्केट में पाए जाते हैं। एम्ब्रॉएडरी, सीक्रेंस वर्क, स्टोन वकआदि हर रूप में पाया जाता है। बटुआ हर एज ग्रुप को इम्प्रेस करता है। चहे फिर वह कॉलेज गोइंग गर्ल्स हो या फिर हाउसवाइफ या फिर वर्किंग वुमन। यह सबका फेवरेट है।



# डाइनिंग टेबल डेकोर

घर की शोभा बढ़ाने में डाइनिंग टेबल का भी बड़ा हाथ होता है। डायनिंग टेबल से लिविंग रूम की शोभा चार गुना बढ़ती है और अगर यह ठीक से अरेंज हो तो इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा देती है। डायनिंग टेबल सैट करते वक्त कुछ बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

1. डानइनिंग टेबल साफ रखें। अपनी डायनिंग टेबल को हमेशा साफ रखें। अगर आपके घर पर पार्टी है या फिर गेस्ट आने वाले हैं तो अपनी डायनिंग टेबल को पोंछ कर ही उस पर नैपकिंस और पल्ट्स सजाएं।

* डाइनिंग टेबल पर टेबल मैट ऐसा होना चाहिए चाहिए जो दिखने में खूबसूरत होने के साथ-साथ साफ करने में भी आसान हो।
* टेबल पर बीचों-बीच एक सेंटर पीस रख देने से टेबल पर रखें अन्य समान अपनी जगह पर ठीक से अरेंज हो जाएंगे। सेंटर पीस के रूप में आप फूलों का वास या शो पीस आदि रख सकती हैं। अगर आपको सेंटरपीस नहीं रखने का मन है तो आप वहां पर नैपकिन का सेट भी रख सकती हैं।
* कटलरी परोसे गए खाने के आइटम के हिसाब से होनी चाहिए। इसे बाहर से अंदर के हिसाब से रखना चाहिए।
* डाइनिंग टेबल पर ज्यादा भीड़ न लगाएं. डिनर के लिए अपने डायनिंग टेबल को यूजर फ्रेंडली बनाइए। वहां पर केवल वही चीजें रखें जिनकी जरूरत हों।

# हेल्थ प्लस

## नियम से ही भोजन करें

- प्रात: का नाश्ता भारी, दिन का खाना सही और रात को हल्का भोजन करना चाहिए।
- यदि दिन का भोजन रात्रि तक पचा हुआ महसूस न हो तो ऐसे में रात्रि में केवल खिचड़ी या फल और दूध लें।
- भोजन करने से पहले अच्छी तरह हाथ, मुंह धोकर भोजन करें।
- जब भूख जोर से लगी हो, उस समय खाली जल पीना भी नुक्सान पहुंचाता है। ऐसे में यदि खाना उपलब्ध होने में देर लगे तो एक बिस्कुट के साथ एक गिलास पानी पी लें।
- प्रयास करें कि भोजन नियमित समय पर ही खाएं।
- दोपहर के भोजन में दही, मट्ठा और लस्सी लेना उचित है। रात्रि के भोजन में इन चीजों से परहेज करना चाहिए।
- बासी और जला हुआ खाना स्वास्थ्य को लाभ के स्थान पर हानि पहुंचाता है। ताजा भोजन स्वास्थ्य के लिए अति उत्तम माना जाता है।



- भोजन शांत मन से बनाएं, खिलाएं और खाएं। भोजनोपरांत क्रोध करना स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालता है।
- अपने पेट को 'डस्टबिन' समझ कर उसमें सब कुछ मत ठूंसें। भूख से कम भोजन खाना चाहिए।
- रात्रि का भोजन कम से कम सोने से 2 घंटे पूर्व करें। दिल के मरीजों को भोजन के बाद टहलना नहीं चाहिए।
- भोजन के बीच में थोड़ा पानी पिएं। भोजनोपरांत पानी मत पिएं। कम से कम एक घंटे बाद पानी का सेवन करें।
- भोजन चबा कर खाना चाहिए। शीघ्र भोजन करना शरीर में अपच पैदा करता है।
- जहां भोजन खा रहे हैं, ध्यान रखें, वह स्थान स्वच्छ होना चाहिए।
- प्रयास करें कि टी.वी. देखते समय भोजन न खाएं क्योंकि भोजन की अधिक मात्रा शरीर में चली जाती है।
- भोजन के तुरंत पश्चात व्यायाम न करें।

## मेथीदाना छोटा मत समझो

- मेथीदाने में आयरन भरपूर मात्रा में होता है। इससे खून की कमी से लड़ा जा सकता है।
- मेथीदाने को पानी में उबाल कर गरारे करें। खराब गला ठीक हो जाएगा।
- दो चम्मच मेथीदाने को एक कप चावल के साथ पकाएं और हल्का नमक मिला कर 15 दिन तक खाएं। इससे शरीर में खून की कमी में सुधार होगा।
- 2 चम्मच मेथीदाने के पाऊडर को रोज दूध के साथ 1 महीने तक खाएं। शूगर की बीमारी के शुरूआती दिनों में आराम मिलेगा।
- लिवर खराब होने पर मेथीदाने को अंकुरित करें और रोज सुबह नाश्ते में खाएं।
- 2 चम्मच मेथीदाने को नारियल पानी या छाछ में कुछ घंटे भिगो कर रखें। इसे पीने से पेचिश में आराम मिलता है।
- अल्सर या छाला होने पर मेथीदाने को पीस कर पेस्ट बनाएं और छालों पर लगाएं।
- स्तनपान कराने वाली माएं आधा चम्मच मेथीदाने के पाऊडर को दलिए में मिला कर खाएं। इससे बच्चे को दूध की मात्रा अधिक मिलेगी।

## अमृतफल है आंवला

**आंवला** खूबसूरती में चार चांद लगाता है। इससे ढीली पड़ती त्वचा में कसाव आता है और झुर्रियां भी नहीं पड़ती।



- कब्ज होने पर 1 चम्मच सूखा आंवला पानी में भिगोएं और सुबह छान कर उसमें शहद मिलाकर पिएं।
- यूरीन की समस्या से ग्रस्त होने पर 2 चम्मच सूखा आंवला और किशमिश पानी में भिगोएं। अगले दिन उसको मसल कर छान लें, फिर उस पानी को पिएं। कुछ दिनों तक इसका सेवन करने से समस्या में आराम मिलता है।
- सिर दर्द या सिर के भारी होने पर ताजे आंवले को पीस कर उसका पेस्ट सिर पर लगाएं। दर्द में आराम मिलेगा।
- मुंह में छाले होने पर आंवले की छाल पीस कर पाऊडर बना लें। उसमें शहद मिलाकर छालों पर लगाएं।
- त्वचा की समस्या होने पर आंवले का पाऊडर साबुन की जगह इस्तेमाल करें।
- याददाश्त कम होने पर 1 छोटा चम्मच सफेद तिल और 1 चम्मच आंवले की जड़ का पाऊडर बराबर मात्रा में मिलाएं। इस मिश्रण को 1 चम्मच शहद के साथ कुछ समय तक खाएं। स्मरण शक्ति में लाभ मिलेगा।

## स्वस्थ रहें

**ब्लड** प्रैशर, डायबिटीज, हृदयरोग, पेट संबंधी रोग आजकल आम होते जा रहे हैं। शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा मिलेगा जो किसी न किसी रोग से ग्रस्त न हो।

आजकल का रहन-सहन, उलटा-सीधा खाना, पदार्थों में मिलावट, समय से न खाना आदि अनेक कारणों से भी रोग हो रहे हैं।

रोग होने पर इलाज कराना जरूरी है। इलाज के लिए डाक्टर के पास जाएं। हम अगर कुछ बातों पर ध्यान दें तो काफी हद तक रोग को दूर रख सकते हैं :

- रोज सुबह घूमने जाएं। योग या अन्य व्यायाम नियमित करना हितकर है।
- खाना समय पर ही खाएं। बाजार की तेज मसाले वाली और बासी चीजें खाने से बचें। हर समय मुंह न चलाते रहें।
- पैदल चलने की आदत डालें। कम दूरी के लिए स्कूटर या अन्य वाहन का सहारा लेना सही नहीं है।
- खाने में हरी सब्जियों का प्रयोग ज्यादा करें। चिकनाई व कोलैस्ट्रॉल बढ़ाने वाली चीजें कम खाएं।
- मौसम के अनुसार फलों का सेवन जरूर करें।
- खाने के साथ सलाद लेने की आदत डालें।
- संयम, संतुलित आहार, शारिरिक श्रम से हम काफी हद तक बीमारियों को अपने से दूर रख सकते हैं।
- व्यायाम के साथ-साथ पौष्टिकता से भरपूर भोजन लेने से आपका शरीर स्वस्थ, सुन्दर एवं आकर्षक लगने लगेगा।
- खाने-पीने की आदतों में सुधार लाएं।

## सेहत के लिए वरदान हैं पत्तियां

**प्राचीन** काल से पेड़-पौधे मानव जीवन का महत्वपूर्ण अंग रहे हैं। पेड़ों के फल व फूल जहां मानव का पेट भरने व मानसिक शांति प्रदान करने में सहायक हैं, वहीं पत्तियों की भी हमारे जीवन में विशेष भूमिका है। ये मानव के स्वास्थ के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। अधिकांश लोग इस बात से अपरिचित हैं कि पत्तियों का प्रयोग औषधि के रूप में भी किया जाता है।


- नीम की पत्तियों से साबुन व टूथपेस्ट बनाए जाते हैं। इसकी पत्तियों को पानी में उबालकर उस पानी से नहाने से खुजली आदि में आराम मिलता है। नीम की पत्तियों को सुबह चबा कर खाने से खून साफ होता है व कील-मुंहासे नहीं निकलते हैं। झाइयां व दाग-धब्बे दूर करने में नीम की पत्तियों का लेप लाभप्रद है।



- मुंह के छाले होने पर मेहंदी के पत्ते को पानी में उबालकर उस पानी से गरारे करें। इसके पत्तों को पीस कर सिर पर मलने से सिरदर्द व आंखों की जलन में राहत मिलती है।
- पालक के पत्ते पेट को साफ रखने में सहायक हैं। इसके पानी से गरारे करने से गले के दर्द में आराम मिलता है। पालक के पत्तों में मौजूद कैल्शियम दांतों व मसूड़ों को मजबूत बनाता है। इसके नियमित प्रयोग से कब्ज की बीमारी से मुक्ति मिलती है। पालक में विटामिन-ए विशेष मात्रा में होता है। इससे आंखों की ज्योति बढ़ती है।
- पेचिश रोग होने पर अमरूद के पत्तों का रस उबाल कर पिएं।
- दांत के दर्द में अमरूद की पत्तियां चबाने से आराम मिलता है।
- नेत्र-ज्योति में वृद्धि करने हेतु बंदगोभी के पत्तों को सलाद के रूप में नियमित प्रयोग करें।
- मूली के पत्तों का रस पथरी रोग में लाभप्रद है।
- सिरदर्द होने पर हरे धनिये के पत्तों का रस नाक में टपकायें।
- नींबू के रस में मेथी के पत्तों को पीसकर बालों में लगाने से बाल घने, काले व मुलायम हो जाएंगे।
- तुलसी की 2-3 पत्तियों को प्रतिदिन खाली पेट खाने से स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है। शहद के साथ तुलसी के पत्ते खाने से खांसी दूर होती है।
- बुखार व बदन दर्द में इसके पत्तों का काढ़ा बना कर पिएं।
- पान के पत्ते पर घी लगाकर जख्म को सेकने से उसमें मवाद आसानी से निकल जाता है।
- आम की पत्तियों में फ्लोराइड होता है अत: इन्हें चबाने से दांत चमकदार व मजबूत रहते हैं।
- करेले के पत्तों का रस पेट के कीड़ों को नष्ट करता है।
- गुर्दे के दर्द में अंगूर के पत्तों का रस थोड़े से पानी में उबालकर काले नमक के साथ पिएं।

## सुबह की सैर

**सुबह** की सैर एक उत्तम व्यायाम है। इससे शरीर की समस्त इंद्रियां चुस्त-दुरूस्त रहती हैं। सैर करने से शरीर की अनावश्यक चर्बी घटती जाती है और बदन सुडौल व स्वस्थ बना रहता है। सैर हमेशा शौचादि क्रिया से निवृत्त होकर करनी चाहिए। जहां तक संभव हो हरियाली वाले क्षेत्र यानी बाग-बगीचे में ही सैर करें। हरी घास पर नंगे पैर चलने से आंखों की ज्योति बढ़ती है। घुटनों में जकड़न या दर्द हो, आर्थराइटिस या गठिया रोग हो तो नियमित रूप से सैर करने से पीड़ित व्यक्ति को फायदा पहुंचता है। जो लोग हृदय रोग के शिकार हैं उनके लिए पैदल चलना सबसे अच्छा व्यायाम है। उन्हें साधारण गति से पैदल चलना चाहिए। इससे हृदय की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है और हृदय सुचारू रूप से कार्य करता है। सुबह की सैर से पाचन तंत्र ठीक रहता है। पेट संबंधी रोग व स्वास्थ्य की दुश्मन कब्ज भी दूर होती है। नियमित सैर करने से शरीर की ही नहीं दिमाग की कार्यकुशलता भी बढ़ती है। सैर करते समय तंग कपड़े नहीं पहनने चाहिएं और न ही सैंडिल या तंग जूते। बीमार व्यक्ति को सैर नहीं करनी चाहिए। पैदल चलने से ऊर्जा नष्ट होती है जिससे बीमार व्यक्ति और सैर नहीं करनी चाहिए। पैदल चलने से ऊर्जा नष्ट होती है जिससे बीमार व्यक्ति और अधिक थक जाता है। इससे उसके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-7-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-2-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक-3-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला** (रा री रू रे रो ता ती तू ते): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-2-7-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-1-3-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-5-9

## काकुरो पहेली - 2565




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 2564 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

भिखारी - भगवान के लिए भिखारी को कुछ दे दो बाबा.

राहगीर - भीख तो दे दूं, पर कैसे मानूं कि तुम अंधे हो?

भिखारी - साहब, क्या सामने वाले लाल मकान के पीछे नीले मकान की छत पर बैठा सफेद कबूतर आपको दिखा रहा है.

राहगीर - हां, मुझे तो दिखा रहा है.

भिखारी - लेकिन वह कबूतर मुझे दिखाई नहीं दे रहा है.

☺ ☺ ☺

दो पड़ोसियों में किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया. मामले ने तूल पकड़ा और दोनों ओर से पथराव और मारपीट के पश्चात बंदूकें तन गयी. मोहल्ले वालों की तमाम कोशिशों के बावजूद कोई नहीं रुका.

तभी एक आदमी दोनों पक्षों के बीच में कूद पड़ा और बोला- अगर तुम लोगों को गोली ही चलानी है, तो मुझ पर चलाओ, मुझे मार डालो.


फौरन दोनों पक्षों की बंदूकें नीची हो गयी. बाद में पता चला-बीच में कूदने वाला व्यक्ति दोनों पक्षों का कर्जदार है.

☺ ☺ ☺

रमेश (मुकेश से)- 'इस महंगाई के जमाने में गरीब आदमी क्या सोचता है?'

मुकेश (रमेश से)- शादीशुदा नहीं है तो शादी के बारे में. शादीशुदा है तो मौत के बारे में.'

## फिल्म वर्ग पहेली - 2565



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अक्षय, करिश्मा की 'दिल लगाने की' गीत वाली फिल्म-२,२
३. 'आते आते तेरी' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-२,१,२
६. दिलीपकुमार, निम्मी की 'आग लगी तन मन में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'धक धक करने लगा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-२
९. 'कमसिन कली हूँ' गीतवाली फिल्म-२
१०. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की रामगोपाल वर्मा निर्देशित फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, शबाना की 'दिन महीने साल' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'उंगली में अंगूठी' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
१४. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'दोस्तों तुम सबको' गीतवाली अनिल, जैकी, टीना, हेमा की फिल्म-२
१८. नायक सुनीलदत्त वाली फिल्म 'मिलन' की नायिका कौन थी-३
२०. 'सनी' में अमृता सिंह का नायक-२
२२. अशोक, मधुबाला की 'मुश्किल है बहुत मुश्किल' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तुम्रा तुम्रा तक तक तुम्रा' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-३
२४. सुनील शेट्टी, रवीना टंडन की 'बप्पा मोरिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. 'ऐ दिल कहाँ तेरी मंजिल' गीतवाली देव आनंद, माला की फिल्म-२
२९. दीनो मोरिया, बिपाशा बसु की 'तुम अगर सामने' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिरोज खान, संजय, मुमताज की फिल्म-२
३२. ऋषिकपूर, शाहरुख, दिव्या की 'तेरी उम्मीद तेरा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'मेरा कँगना झाँझर चूड़ी' गीत वाली सुनील शेट्टी, रंभा की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, रेखा की 'मैं ने कह दी तूने सुन ली' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'दिलबर दिलबर' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
३. 'सच कहते हैं हम' गीत वाली अक्षय कुमार, करिश्मा की फिल्म-४
४. 'तेरा जादू चल गया' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-२
५. 'सुन सजना तेरे' गीत वाली मिथुन, जयाप्रदा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-५
८. सलमान खान, रेवती की 'साथिया तूने क्या किया' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'कालीचरण' में 'लॉयन' के नाम से कौन प्रसिद्ध हुआ-३
१२. 'इस टूट दिल की पीर' गीतवाली फिल्म-२
१५. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
१६. फिल्म 'प्यार दिवाना होता है' में गोविंदा के साथ नायिका -२
१७. मिथुन, संगीता बिजलानी की 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२०. फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
२१. १९४२ ए लव स्टोरी' के गीत 'क्यों नये लग रहे हैं' की गायिका कौन ?-३
२५. फिल्म 'अमर प्रेम' में नायिका कौन थी-३
२७. 'छू कर मेरे मन को' गीत वाली फिल्म-३
२८. धर्मेंद्र, सायरा 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
३०. संजय खान, डैनी, जीनत की 'उलझन सुलझे ना' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 2564



## सूडोकु - 2565

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2564 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## शब्द पहेली -2565




**बाएँ से दाएँ**

1.दयालु,उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

शब्द पहेली -2564 का हल



# सेबी ने अनिल अंबानी समेत 24 अन्य को कैपिटल मार्केट से किया बैन




एजेंसी

**मुंबई ।** बाजार नियामक सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) की ओर से अनिल अंबानी समेत अन्य 24 को पूंजीगत बाजार से पांच वर्ष के लिए बैन कर दिया है। इसके साथ ही किसी अन्य सूचीबद्ध कंपनी से उनके जुड़े रहने पर भी रोक लगा दी गई है।सेबी द्वारा कारोबारी के साथ अन्य 24 को रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) से फंड को डाइवर्ट करने के लिए बैन किया गया है। मार्केट से बैन करने के अलावा नियामक द्वारा अनिल अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इस आदेश के बाद अनिल अंबानी अगले पांच वर्ष तक किसी भी लिस्टेड कंपनी में मैनेजमेंट के पद पर भी नहीं रह पाएंगे। सेबी की ओर से रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) को भी बाजार से छह महीने के लिए बैन कर दिया गया है। साथ ही 6 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सेबी द्वारा 222 पेज के आदेश में कहा गया कि अनिल अंबानी ने आरएचएफएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर गलत तरीके से लोन ऐसी कंपनियों को दिए जो उनसे जुड़ी थी।

# उप्र. के मुख्यमंत्री ने नेपाल बस हादसे का लिया संज्ञान, एसडीएम महाराजगंज को घटनास्थल पर भेजा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी देश नेपाल में हुए बस हादसे का संज्ञान लिया है। राज्य सरकार ने एसडीएम महराजगंज को घटना स्थल पर भेजा है। इसके बाद राहत आयुक्त जीएस नवीन ने नेपाल सरकार के अधिकारियों से वार्ता की। राहत आयुक्त ने बताया कि विदेश मंत्रालय नेपाल डिवीजन के अनुसार शुक्रवार पूर्वाह्न 11.30 बजे यूपी परिवहन निगम की बस (यूपी 53 एफडी 7623) में चालक और एक सहायक सहित महाराष्ट्र के कम से कम 41 यात्री सवार थे। यह बस नेपाल के तनहूं जिले के अम्बुखेरेनी क्षेत्र में मार्स्यांगडी नदी में लगभग 150 मीटर नीचे गिर गई। हादसे में कुछ लोगों की जनहानि हुई है। उप्र.सरकार ने एसडीएम महराजगंज को घटना स्थल पर भेजा है।

उल्लेखनीय है कि गोरखपुर से नेपाल जा रही एक बस शुक्रवार को तनहूं के ऐनापहारा नामक स्थान से मार्स्यांगडी नदी में गिर गई। मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने 14 बस यात्रियों के शव बरामद किये हैं। घटनास्थल से 16 घायल लोगों को बचाया गया है। बस नदी के किनारे फंसी हुई है। बस के 13 लापता यात्रियों को ढूंढने के लिए नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस के 10 गोताखोरों की टीम को नदी में उतारा गया है।

# मानवाधिकार आयोग ने अनकापल्ली विस्फोट मामले में मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली की एक औद्योगिक इकाई में 21 अगस्त को हुए विस्फोट के मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी ) ने संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। मानवाधिकार आयोग ने सुरक्षा मानकों में लापरवाही के लिए गहन जांच के निर्देश दिए हैं। दो सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने शुक्रवार को यह नोटिस जारी किया है। आयोग ने नोटिस के तहत एफआईआर की स्थिति, घायलों के स्वास्थ्य और चिकित्सा उपचार एवं मृतकों और घायलों के परिवारों को मुआवजे के वितरण की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है। एनएचआरसी ने औद्योगिक इकाई में हुए विस्फोट मामले की खबर मीडिया में आने के बाद स्वतः संज्ञान में लिया है। उल्लेखनीय है कि 21 अगस्त को आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले के विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) अच्युतपुरम की एक निजी औद्योगिक इकाई के रिएक्टर विस्फोट में 17 श्रमिकों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। विस्फोट होने के कारण अभी भी स्पष्ट नहीं हैं। आयोग ने पाया है कि मीडिया रिपोर्टों की सामग्री से स्पष्ट है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा बरती गई लापरवाही के कारण पीड़ितों के जीवन के अधिकार का उल्लंघन हुआ है।

# पोखरण फायरिंग रेंज में सुखोई-30 से गिरी थी इजराइली बैलिस्टिक मिसाइल रैम्पेज

**नई दिल्ली।** राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज के पास 21 अगस्त को अनजाने में एयर स्टोर के रिसाव की घटना में इजराइली एयर लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल रैम्पेज भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई-30 से गिरी थी। हालांकि, घटना की जांच के लिए वायु सेना ने आदेश दिए हैं, जिसमें संभवतः उस तकनीकी खराबी की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसके कारण मिसाइल दुर्घटनाग्रस्त हुई। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रोटोकॉल का आकलन भी किया जाएगा। वायु सेना ने पोखरण फायरिंग रेंज के पास इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा था कि तकनीकी खराबी के कारण एक लड़ाकू विमान से एयर स्टोर का अनजाने में रिसाव हो गया। इस घटना की जांच के लिए आदेश देते हुए वायु सेना ने यह भी कहा था ।

# भारत-अमेरिका मिलकर वैश्विक शांति और समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं : सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका संयुक्त रूप से दुर्जेय शक्ति हैं और ये दोनों मिलकर वैश्विक शांति और समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं।

अमेरिका की यात्रा पर गये श्री सिंह ने भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि मोदी सरकार मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध भारत बनाना चाहती है।

रक्षा मंत्री ने भारत और अमेरिका को स्वाभाविक सहयोगी बताते हुए कहा कि इनके बीच मजबूत भागीदारी नियति है और इस दिशा में सहयोग लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में वैश्विक मंच पर भारत का कद बढ़ा है। उन्होंने कहा, ÷इससे पहले अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की बातों पर ध्यान नहीं दिया जाता था। लेकिन आज पूरी दुनिया ध्यान से सुन रही है।÷

श्री सिंह ने कहा कि 2014 से पहले, भारत 'कमजोर पांच' देशों में



से एक था, जैसा कि निवेश फर्म मॉर्गन स्टेनली ने कहा है लेकिन आज यह दुनिया की 'शानदार पांच' अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कंपनी की हालिया रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोविड-19 महामारी के प्रति सरकार की नीतियों ने यह सुनिश्चित किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था अन्य देशों की तुलना में ज्यादा प्रभावित नहीं हुई। रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की चर्चा की, जिसमें 5,000 से अधिक वस्तुओं वाली सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों की अधिसूचना शामिल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि घरेलू कंपनियों द्वारा देश में अत्याधुनिक रक्षा वस्तुओं का निर्माण किया जाए।

श्री सिंह ने कहा कि रक्षा निर्यात, जो वर्तमान सरकार के सत्ता में आने से पहले 600 करोड़ रुपये था, अब काफी बढ़कर 21,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि नवाचार को बढ़ावा देने के लिए किए गए उपायों के कारण, देश में स्टार्टअप की संख्या 2014 में लगभग 400 से बढ़कर 1 लाख 20 हजार हो गई। उन्होंने इन उपलब्धियों का श्रेय सरकार की नीतियों और योजना के साथ-साथ इच्छाशक्ति को दिया। प्रधानमंत्री के विजन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ÷ हम भारत को मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र के रूप में विकसित करना चाहते हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने दी चेतावनी, बोले- अगर निकाय चुनाव में हुई देरी तो सड़कों पर उतरेंगे

एजेंसी

**अल्मोड़ा ।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने प्रदेश की भाजपा सरकार को चेतावनी दी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगर निकाय चुनाव में देरी हुई तो कांग्रेस भाजपा के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी। हरीश रावत ने कहा कि निकाय चुनाव के साथ पंचायतों का चुनाव भी समय पर होना चाहिए। राज्य सरकार यह स्पष्ट करे कि संविधान संशोधन के जरिए नगर निकायों और पंचायतों को जो अधिकार मिले हैं, वह अधिकार उन्हें दिए जाएंगे।

हरीश रावत ने आगे कहा कि गैरसैंण के अब दो पहलू हैं। एक तो यह है कि गैरसैंण और उत्तराखंड में जो लोग गैरसैंण को राजधानी देखना चाहते हैं, उन पर भाजपा ने घाव लगाया है और अब उस पर नमक डालने का काम कर रहे हैं। भाजपा इसे ग्रीष्मकालीन राजधानी कह रहे हैं, लेकिन हम यह पूछना चाहते कहां हैं ग्रीष्मकालीन राजधानी? हरीश रावत ने कहा कि इसे लेकर हम मुहिम चलाएंगे। भाजपा का यह बहुत बड़ा झूठ है।2027 में जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आएगी तब हम गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाएंगे।बता दें कि



हाल में कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रदर्शन के दौरान हरीश रावत ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा था कि सरकार ने कुछ अधिकारियों के भरोसे गैरसैंण को छोड़ दिया है। यहां एसडीएम से लेकर चिकित्सा अधिकारियों तक के पद प्रभारियों के भरोसे छोड़ दिया गया है। जिसके चलते यहां का विकास रुक गया है। ग्रीष्मकालीन राजधानी के नाम पर आज तक यहां पर विकास के नाम पर एक नई ईंट नहीं लगी है।

# जन्माष्टमी से पहले मथुरा जलमग्न, सड़कों पर भरा पानी, जाम में घंटों फंसे लोग

एजेंसी

**मथुरा ।** कान्हा की नगरी मथुरा जन्माष्टमी से पहले भारी बारिश के चलते तालाब में तब्दील हो गई है। सभी मुख्य मार्ग जलमग्न हो गए हैं, जिससे राहगीरों को काफी मुश्किल हो रही है। उन्हें घंटों तक ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है।

मथुरा के नए बस स्टैंड से भूतेश्वर की तरफ आने वाली रोड पर भी जलभराव हो गया है। इसके कारण कई वाहन रास्ते में फंस गए हैं और जाम की स्थिति पैदा हो गई है। स्कूल की एक बस भी खराब हो गई जिसके बच्चों को काफी दिक्कत हुई। बारिश के चलते जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है।

शहर का यह हाल तब है जब 26 अगस्त को जन्माष्टमी मनाई जानी है। मथुरा वासियों को इस खास पर्व की तैयारी करनी है, जिसके लिए उन्हें बाजार खरीदारी करने के लिए भी जाना है। लेकिन उन्हें भारी बारिश के चलते अपने कामों के लिए पानी से भरी सड़कों पर चल कर जाना पड़ रहा है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब शहर में बारिश के चलते यह स्थिति उत्पन्न हुई है। स्थानीय लोगों



का कहना है कि मानसून के समय शहर में यही आलम रहता है। नगर निगम और जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन देते हैं, लेकिन अब तक कुछ नहीं हो सका है। स्कूल बस ड्राइवर सुनील ने कहा कि भारी बारिश के चलते सड़क पर जलभराव हो गया है, जिसकी वजह से बस पानी में फंस गई। सड़क पर निकलने की जगह नहीं है, इसलिए गाड़ियां बंद हो गईं। नालियां नहीं बनी तो पानी कैसे निकलेगा, नगर निगम इसका जिम्मेदार है।एक और स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि इस बार मथुरा में बहुत बारिश हुई है। इसकी वजह से सड़कों और पुल के नीचे जलभराव हो गया है। लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# अनुपूरक बजट पर बोले सीएम धामी, विकास की गति को तेज करेंगे

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन सदन से अनुपूरक बजट पारित होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने अनुपूरक बजट को लेकर कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में विकास योजनाओं के लिए बजट में कमी नहीं आने देना चाहती। अनुपूरक बजट के माध्यम से राज्य और केंद्र की योजनाओं को गति मिलेगी। जिन विभागों को बजट की जरूरत थी, उनके लिए भी बजट आवंटित किया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा, हमारा सामान्य बजट किसी कारणवश धरातल पर उतर नहीं सका, लेकिन इस अनुपूरक बजट में गरीबों को प्रमुखता दी गई है। मौजूदा समय में गरीबों द्वारा झेली जा रही समस्याओं का निस्तारण करने की दिशा में पूरी रूपरेखा तैयार की गई है, जिसे आगामी दिनों में जमीन पर उतारा जाएगा। इसके अलावा, युवाओं के कौशल पर विशेष फोकस किया जाएगा, ताकि वे देश प्रदेश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा, इस अनुपूरक बजट में मातृ शक्ति और किसानों को विशेष प्रमुखता दी गई है। अनुपूरक बजट में हमने प्रयास किया है



कि केंद्र सरकार की ओर से प्रदेश के लिए जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही हैं, उसे कैसे जमीन पर उतारना है, इस बारे में हमने व्यापक स्तर पर विचार विमर्श किया है। हमने बजट के जरिए यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि कोई भी व्यक्ति विकास से अछूता ना रहे। अगर कोई ऐसा रहता है, तो हम अपने स्तर से सभी प्रकार के लाभ मुहैया कराने की दिशा में समुचित कदम उठाएं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, इसके अलावा, हमने बजट के जरिए यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि हमारे राज्य की परिसंपत्तियों को किसी भी प्रकार की क्षति ना पहुंचे और भविष्य में हम अपनी आगामी पीढ़ी को एक अच्छा परिवेश देकर जाएं। इस दिशा में हमने उल्लेखनीय प्रयास करने होंगे, तो कुल मिलाकर मैं यही कहना चाहूंगा कि सामान्य बजट में आने वाली कमियों को दूर करने के लिए हमने अनुपूरक बजट का खाका तैयार किया है।

# जिले में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू

एजेंसी

**डीग।** जिले में 26-27 अगस्त को मनाए जाने वाले भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर हर ओर उत्साह है। बाजार में जन्माष्टमी की खरीदारी शुरू हो गई है। ब्रज क्षेत्र में लड्डू गोपाल के वस्त्रों व आभूषणों की मांग भी बढ़ी है। मंदिरों को सुसज्जित करने का काम जोर-शोर से चल रहा है। पूजा का सामान बेचने वालों ने दुकानों को सजा लिया है। लोग भगवान के वस्त्र और सजावट का सामान खरीद रहे हैं। अभी से ही शहर व आसपास क्षेत्र श्री कृष्ण के रंग में रंगने लगा है। जिला कलेक्टर डीग श्रुति भारद्वाज ने बताया कि कृष्ण जन्मोत्सव (कामां उत्सव) 26 और 27 अगस्त दोनों दिन मनाया जायेगा। भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदर्शन कार्यक्रम सोमवार, 26 अगस्त को रात्रि 12 बजे श्री गोकुल चंद्रमा जी मंदिर एवं श्री मदन मोहन जी मंदिर कामां में आयोजित किया जाएगा। जबकि मंगलवार, 27 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को भव्य रूप में मानने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी मटकी फोड़ कार्यक्रम रामलीला मैदान कोट ऊपर, कामां में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए पर्यटन विभाग के सभी अधिकारी दिन रात मेहनत कर रहे हैं। कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रुति भारद्वाज की अध्यक्षता में बैठक भी की गई है। इस बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डीग संतोष कुमार मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, उपनिदेशक पर्यटन विभाग संजय जौहरी, प्रभारी अधिकारी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग मनीष कुमार पाण्डेय, उपखंड अधिकारी कामां सुनील कुमार झिंगोनिया, प्रबंधक गोकुल चंद्रमा जी मंदिर कामां आनंद चतुर्वेदी के अलावा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। जिला कलेक्टर ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं जल्द से जल्द पूरी की जाए। श्रीकृष्ण जन्महोत्सव को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं?। शोभायात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान पार्किंग प्वाइंट पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि यातायात व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। इस बार जन्माष्टमी का पर्व बड़ी ही भव्यता और दिव्यता के साथ मनाने की योजना है। भगवान हर बार की तरह इस साल भी सुबह की मंगल आरती से लेकर रात्रि जन्म अभिषेक तक भक्तों को दर्शन देंगे। जिला कलेक्टर ने बताया कि सोमवार 26 अगस्त को प्रातः 5:30 बजे श्री गोकुल चंद्रमा जी, श्री मदन मोहन जी एवं श्री गोपीनाथ जी मंदिर कामां में शहनाई वादन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# श्री कृष्ण बलराम मंदिर में जन्माष्टमी पर धूमधाम से होगा यशोदानंदन का अभिनन्दन

एजेंसी

**जयपुर।** श्री कृष्ण बलराम मंदिर, जगतपुरा में जन्माष्टमी के अवसर पर 26 अगस्त को भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस खास दिन को लेकर मंदिर में व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। मंदिर के अध्यक्ष अमितासना दास के अनुसार, इस वर्ष जन्माष्टमी महोत्सव की शुरुआत सुबह मंगला आरती से होगी, जो रात्रि 12:00 बजे श्री कृष्ण के जन्म के साथ महा आरती के साथ समाप्त होगी।

मंदिर में विशेष रूप से तैयार की गई रेशमी सुनहरी पौशाक में भगवान कृष्ण और बलराम को सजाया जाएगा। यह पौशाक मथुरा के कारीगरों द्वारा डेढ़ महीने में तैयार की गई है। मध्यरात्री को 12 बजे यशोदानंदन का महाभिषेक होगा, जिसमें नारियल पानी, दिव्य जल, जड़ी-बूटियाँ, पंचामृत और पंचगव्य से अभिषेक किया जाएगा। इस आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।पूरे दिन मंदिर में हरे कृष्ण महामंत्र का जाप और कीर्तन होगा, जिसमें भक्त भाव विभोर होकर नृत्य करेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से, मंदिर में 250 सीसीटीवी कैमरे और मेटल डिटेक्टर युक्त द्वार लगाए गए हैं। दर्शन के लिए भक्तों को केवल 20 मिनट में भगवान के दर्शन होंगे, इसके लिए दो पंक्तियाँ बनाई गई हैं।

# सरकार की मंशा, तत्काल हो जन-समस्याओं का समाधान : बिजेंद्र सिंह

एजेंसी

**चूरू।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार गुरुवार रात्रि चूरू एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने सातड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रात्रि चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों के अभाव अभियोग सुने और जन समस्याओं के समाधान के लिए ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

इस मौके पर एसडीएम ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं समुचित समाधान हो। इसे देखते हुए समस्या समाधान के लिए अनेक प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं तथा त्रि स्तरीय जन सुनवाई की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा अधिकारियों द्वारा रात्रि चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की सुनवाई की जा रही है। ग्रामीणों को अपनी



जायज समस्याएं यहां रखनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे पूरी संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याएं सुनें और उनका समाधान करें।

उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे जागरूक रहकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें और गांव के अन्य वंचित पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, बिजली व पेयजल आपूर्ति, पशु चिकित्सालय की चारदीवारी व टिन शैड निर्माण, पीडब्लयूडी, शिक्षा व अन्य सेवाओं से संबंधित विषयों पर अपने परिवाद पेश किए। उपखण्ड अधिकारी ने सभी शिकायतों को तसल्लीपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को राहत प्रदान करने के निर्देश प्रदान किए।

पूर्व प्रधान रणजीत सातड़ा ने ग्राम पंचायत की समस्याओं, जरूरतों एवं विकास कार्यों से अवगत करवाया। इस दौरान महेन्द्र भार्गव बीडीओ, मुकेश देवड़ा, सुरेश कुमार पीए, श्रवण गिरदावर, विजयपाल वीडीओ, डॉ. अश्विनी शर्मा, सुनिल मेहरा, शीतल बत्रा, कविता पटवारी, कृषि पर्यवेक्षक पूजा, डॉ. नीतु ढाका, सानिवि एईएन बाबूलाल, राजेन्द्र, देवन्द्र कुमार, नरेश, श्रवण आदि मौजूद रहे।

# बिहार का टैलेंट दुनिया में अद्भुत : शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी

**पटना ।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहां शुक्रवार को कहा कि बिहार का टैलेंट दुनिया में अद्भुत है। इस टैलेंट का ठीक से उपयोग कर न केवल बिहार भारत का सिरमौर बन सकता है बल्कि इसका उपयोग कर भारत को दुनिया का सिरमौर भी बना सकता है।

पटना के कृषि भवन में किसानों के साथ परिचर्चा में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा। प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने मुझे किसानों की सेवा का काम मुझे दिया है। किसानों की सेवा ही मेरे लिए भगवान की पूजा है।

किसानों को भरोसा देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी पूरी कोशिश है कि हम देश के किसानों का कल्याण कर सकें। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि यहां का मखाना, चावल, शहद, मक्का, चाय सब अद्भुत है। उन्होंने कहा कि बड़े जमीन के टुकड़े हमारे पास नहीं हैं, 91 प्रतिशत सीमांत किसान हैं, लेकिन फिर भी किसान चमत्कार कर रहे हैं। खेती से आय दोगुनी करने का अभियान प्रधानमंत्री मोदी जी ने शुरू किया है।

चौहान ने छह सूत्रों की चर्चा करते हुए कहा कि इसी पर सरकार काम कर रही है। अच्छे उत्पादन के लिए अच्छे बीज जरूरी हैं। उत्पादन अच्छा है लेकिन और संभावना है। फल, सब्जी, अनाज, दलहन, तिलहन के अच्छे बीज जरूरी हैं।उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि 65



फसलों की 109 प्रजातियों के बीज प्रधानमंत्री जी ने किसानों को समर्पित किये हैं। ऐसी धान की किस्म है, जिसमें 30 प्रतिशत कम पानी लगता है। बाजरे की एक किस्म है जिसकी फसल 70 दिन में आ जाती है। ऐसे बीज हैं जो जलवायु परिवर्तन के अनुकूल हैं। बढ़ते तापमान में भी अच्छा उत्पादन देते हैं।

कृषि मंत्री ने कहा कि उत्पादन की लागत घटाना हमारा संकल्प है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को बहुत मदद मिलती है। केसीसी से खाद के लिए सस्ता लोन मिल जाता है। उत्पादन के ठीक दाम मिले, इसका प्रयास भी जारी है। उन्होंने मखाने की चर्चा करते हुए कहा कि यहां का मखाना धूम मचा रहा है। मखाना एक्सपोर्ट क्वालिटी का पैदा हो रहा है। चीजें एक्सपोर्ट होती हैं तो किसान को ज्यादा फायदा होता है। इससे जुड़ा कार्यालय बिहार में आये, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। चौहान ने कहा कि कृषि का विविधीकरण सरकार के रोडमैप में है। परंपरागत फसलों के साथ ही ज्यादा पैसे देने वाली फसलों को बढ़ावा देने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने की बात करते हुए उन्होंने कहा कि इससे उर्वरक क्षमता भी कम होती है और जो उत्पादन होता है, उनका शरीर पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है।

# मध्य प्रदेश में कृष्ण जन्माष्टमी पर सियासत, सीएम मोहन यादव ने कांग्रेस के आरोपों पर दिया जवाब

एजेंसी

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी स्कूलों और कॉलेजों में कृष्ण जन्माष्टमी मनाने के आदेश दिए हैं। मोहन सरकार के इस आदेश पर अब सियासत तेज हो चुकी है। सरकार के इस आदेश को कांग्रेस ने शिक्षा का धर्मांतरण बताया, तो प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उसका जवाब दिया। सीएम मोहन यादव ने कहा कि भगवान कृष्ण ने 5 हजार साल पहले शिक्षा की महत्ता बताई थी। भगवान कृष्ण मथुरा से उज्जैन शिक्षा ग्रहण करने आए थे। इससे अच्छा सौभाग्यशाली समय कब रहेगा? गरीब-अमीर की दोस्ती का सबसे बड़ा उदाहरण नारायण धाम पर कृष्ण-सुदामा की दोस्ती है। भगवान कृष्ण की वीरता के प्रतीक के स्थान को सामने लाने में क्या गलत है? उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान कृष्ण के स्थानों को स्मरण नहीं करेंगे तो फिर मथुरा को क्यों स्मरण करते हैं? मथुरा में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाने पर कांग्रेस के लोग मथुरा जाना छोड़ देंगे? यह अश्रद्धा करना है, अटपटी बाते करना है। छतरपुर मामले में इमरान प्रतापगढ़ी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट पर सीएम यादव ने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के लिए कानून अपना रास्ता बनाएगा। सरकार समाज के काम में मददगार रहती है और असामाजिक तत्वों से निपटने में सक्षम है। मध्य प्रदेश सरकार ने बुधवार को सभी डिविजनल कमिश्नर और जिला कलेक्टरों को एक आदेश जारी कर कहा था कि 26 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हर जिले स्थित कृष्ण मंदिरों की साफ-सफाई की जाए और वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

# कोलकाता में आलू और सब्जियों की कीमतों पर काबू पाने के लिए छापेमारी

एजेंसी

**कोलकाता।** आलू और अन्य सब्जियों की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए राज्य टास्क फोर्स और प्रवर्तन शाखा ने गुरुवार को मध्य हावड़ा के कालीबाबू बाजार समेत अन्य बाजारों में छापेमारी की। इस अभियान के दौरान अधिकारियों ने खुदरा विक्रेताओं और खरीदारों से बातचीत की। टीम ने पाया कि आलू का थोक मूल्य 27 रुपये प्रति किलोग्राम है, जबकि खुदरा में इसे 30 रुपये प्रति किलोग्राम बेचा जा सकता है। लेकिन कालीबाबू बाजार में आलू की कीमत 35 रुपये प्रति किलोग्राम पाई गई। अधिकारियों ने व्यापारियों को अधिक कीमत वसूलने पर चेतावनी दी और स्थानीय थाने को निगरानी रखने का निर्देश दिया। खरीदारों ने बताया कि उन्हें बाजार में आलू की कीमत 35 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से खरीदना पड़ रहा है, जो कि पहले से काफी अधिक है। इसके अलावा, लहसुन, अदरक और कच्चे अनाज की कीमतों में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है। अधिकारियों ने कहा कि खुदरा विक्रेताओं को थोक बाजार दरों के अनुरूप कीमतें तय करनी चाहिए, ताकि खरीदारों को उचित दाम पर सामान मिल सके।



**कॅरियर गाइडेंस देश व दुनिया में आज हेल्थ सेक्टर का जितना विस्तार हो रहा है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि आगे चलकर काबिल फिजियोथेरेपी की मांग और बढ़ेगी। फिजियोथैरेपी विज्ञान की ऐसी विधा है जिसके अंतर्गत शारीरिक व्यायाम के जरिए व्यक्ति के रोगों व व्याधियों का उपचार किया जाता है।**

# फिजियोथैरेपी

## वक्त की मांग

फिजियोथैरेपिस्ट का काम रोगियों में किसी बीमारी, चोट, अक्षमता या बढ़ती उम्र की वजह से उपजी शारीरिक व्याधियों का उपचार करना है। आज लोग बीमारी के उपचार के लिए समग्र नजरिया अपनाने लगे हैं। इसकी वजह से दुनिया भर में फिजियोथैरेपिस्ट्स की मांग में तेजी से इजाफा हुआ है।

### काम का दायरा

फिजियोथैरेपिस्ट्स अस्पतालों, विकलांगों की लिए बने पुनर्वास केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों, शारीरिक व मानसिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए बने स्कूलों, स्वास्थ्य संगठनों के



अलावा डिफेंस मेडिकल प्रतिष्ठानों और स्पोर्ट्स क्लबों में भी अपनी सेवाएं देते है। इंजुरी व फैक्चर्स, जोड़ों के दर्द, खिंचाव, मोच, स्ट्रोक्स के उपचार में काबिल फिजियोथैरेपिस्ट की सेवाएं कारगर साबित होती हैं।

### बढ़ती मांग

आज जिस तरह के अत्याधुनिक अस्पताल, स्वास्थ्य केन्द्र व क्लीनिक्स खुल रहे हैं और हेल्थ सेक्टर का विस्तार हो रहा है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि फिजियोथैरेपिस्ट की मांग आगे चलकर और बढ़ेगा। कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी खुद को फिट रखने व फिटनेस संबंधी सुझाव लेने के लिए फुलटाइम पर्सनल फिजियोथैरेपिस्ट्स की सेवाएं लेते हैं। विदेशों में और खासकर अमेरिका कनाडा व आस्टेलिया जैसे देशों में पर्सनल फिजियोथैरेपिस्ट्स की जबदस्त मांग है।

### योग्यता

फिजियोथैरेपी में कोई डिग्री अथवा डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स करने के लिए अभ्यर्थी को फिजिक्स, केमिस्ट्री या बायोलॉजी के साथ 12वीं या इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। अस्पताल व क्लीनिक्स अमूमन ऐसे लोगों को रोजगार देते हैं, जिनके पास फिजियोथैरेपी में बैचलर डिग्री (बीपीटी) हो। बीपीटी करने के बाद छात्र यदि चाहें तो अपनी विशेषज्ञता बढ़ाने के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन भी कर सकते हैं।
फिजियोथैरेपी में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि छह महीने से लेकर दो साल तक हो सकती है। डिग्री स्तर अवधि



तीन से चार साल तक होती है। प्रतिष्ठित संस्थान कॉमन टेस्ट सीईटी के जरिए बीपीटी में छात्रों की दाखिला देते है।

### व्यक्तिगत योग्यता

फिजियोथैरेपिस्ट्स बनने के चाह रखने वाले अभ्यर्थियों में लंबे समय तक खड़े रहकर काम करने की क्षमता होनी चाहिए। काबिल फिजियोथैरेपिस्ट वहीं है जो मरीज की जरूरत को अच्छी तरह समझ सके, उसके प्रति संवेदनशील रवैया अपनाए। सफल फिजियोथैरेपिस्ट बनने के लिए व्यक्ति में इन खूबियों के अलावा मानवीय संरचना का सम्पूर्ण ज्ञान होना भी अति आवश्यक है।

### पारिश्रमिक

इस क्षेत्र से जुड़े कोई फ्रेश ग्रेजुएट किसी हॉस्पिटल या क्लीनिक में ट्रेनी फिजियोथैरपिस्ट के तौर पर 8,000 से 12,000 रूपए वेतन पाने की उम्मीद कर सकता है। हालांकि प्रतिष्ठित अस्पतालों में आपको और भी अच्छा वेतन मिल सकता है। अनुभव हासिल करने के बाद आपके वेतन में खासा इजाफा हो सकता है। अनुभवी फिजियोथैरपिस्ट चाहे तो निजी क्लीनिक खोल कमाई कर सकते हैं।

# डायटीशियन

## कॅरियर का बेहतर विकल्प

आहार जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है। हम जो आहार लेते है उसका शरीर में पाचन किया जाता है। प्रकृति ने विभिन्न खाद्य-पदार्थों को भोजन का रूप दिया है जिसे कच्चा या पका कर हम उपयोग करते हैं ऐसे पदार्थ हमारे पाचक अंगों द्वारा पचा लिए जाते हैं, जिनसे ऊतकों का निर्माण एवं पोषण होता है। चलने, फिरने दौडने या अन्य शारीरिक कार्य करते रहने से शरीर के भीतर के ऊतक टूटते-फूटते एवं घिसते रहते है। भोजन द्वारा हमारे शरीर की संरचना तथा मरम्मत के लिए विभिन्न पोषक तत्व मिलते रहते हैं, जिनसे हमें शक्ति मिलती हैऔर हमारे शीरीरिक के विभिन्न अंग अपना कार्य सुचारू रूप से करते रहते हैं।सन्तुलित आहार और सही आहार हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी है लिहाजा हमारी शारीरिक जरूरतों के अनुसार कितने पोषक तत्वों की जरूरत होती हैं और कौन से खाद्य-पदार्थ से सेहत को नुकसान पंहुच सकते है, इसका जवाब डायटीशियन ही बता सकता है। जीवनशैली में आ रहे बदलावों और उसके दुष्णपरिणाम के चलते डायटीशियन एक बेहतर केरियर ऑप्शन के रूप में उभरा है। यह कोर्स अपनाकर आप अपना ही नहीं दूसरो की सेहत का भी ख्याल रख सकते है। एक डायटीशियन के रूप में आप नवजात शिशु से लेकर बुजुर्ग, बीमार, अभिनेताओं और खिलाडियों तक की डाइट का चार्ट बना सकते हैं। डायटीशियन लोगों को सलाह देता है, कि उसे स्वस्थ रहने के लिए किस तरह का भोजन करना चाहिए। डायटीशियन का कार्य जितना आसान दिखाई देता है वास्तव में वह उतना आसान नहीं हैं, क्योंकि रोगियों के लिए व्यक्तिगत आहार योजना बनाते हुए विभिन्न क्लीनिकल घटकों को ध्यान में रखना होता है। साथ ही रोगियों की जीवनशैली, खान-पान की आदतों पर भी विचार करना होता है।पोरेट स्तर पर डायटीशियन की मांग बढ रही है और पांच सितारा होटलों में भी डायटीशियनों की सेवाएं ली जा रहीं हैं।




# करादे- दुश्मन को बिना किसी हथियार से हराने की तकनीक

कराटे निहत्थे लडने की एक मार्शल आर्ट है। यह एक प्रकार की कला है जिसमें हाथों तथा पैरों से वार करना तथा दुश्मन के वार को रोकना शामिल होता है। जिस व्यक्ति को कराटे की तकनीक पता हो वह अपने दुश्मन को बिना किसी हथियार के हरा सकता है। एक कराटे एक्सपर्ट सामने वाले को एक ही वार में चित भी कर सकता है। जहां जूडो आत्मरक्षा के लिए इस्तेमाल की जाती है वहीं कराटे में दुश्मन पर वार भी किया जा सकता है। कराटे में शारीरिक संपर्क बहुत सीमित रखा जाता है और चोट से बचने के लिए वार को नियंत्रित रखा जाता है।

कराटे एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है 'खाली हाथ'। कराटे में शरीर की ताकत स्ट्राइकिंग प्वाइंट पर केंद्रित की जाती है। स्ट्राइकिंग प्वाइंट में हाथ, पैर का अलग भाग, एड़ी, बाजू, घुटना तथा कोहनी शामिल होते हैं। इन सभी भागों को कड़ी मेहनत और प्रैक्टिस से कठोर बनाया जाता है। एक कराटे एक्सपर्ट कई इंच मोटी लकड़ी को अपने हाथ या पैर से तोड़ सकता है। सही टाइमिंग, कुशलता तथा जज्बा तो इसके लिए जरूरी है ही साथ ही जरूरी होती है शारीरिक कठोरता।

कराटे के खेल में वार को शरीर के संपर्क में आने से एक इंच पहले ही रोक लिया जाता है। करादे में मैच सिर्फ 3 मिनट के होते हैं। एक खेल के तौर पर इसमें कुशलता का स्तर परखने के लिए दोनों में नकली लड़ाई और औपचारिक परीक्षण दोनों का आयोजन किया जाता है। यदि प्रतियोगी अच्छे से वार न कर पाए तो जज अपना फैसला मूवमैंट्स और डिफेंस तकनीक के आधार पर सुना सकते हैं।जजों द्वारा खिलाडियों के प्रदर्शन को वैसे ही रेटिंग दी



जाती है, जैसे जिम्नास्टिक में होता है। कराटे एशिया में विकसित हुआ जिसे कई शताब्दियां लग गई और 17वीं शताब्दी के दशक में जाकर यह कला के रूप में व्यवस्थित होने लगा। 1920 के दशक में यह जापान में बहुत प्रसिद्ध हुआ। आज पूरे विश्व में कई स्कूल कराटे की ट्रेनिंग देते हैं। 1970 में कराटे वर्ल्ड चैम्पियनशिप टाइटल की स्थापना की गई थी।

प्राचीन चीन से शुरू और जापान में प्रसिद्ध हुआ युद्ध कौशल (मार्शल आर्ट) कराटे आज पूरे विश्व में अत्यधिक लोकप्रिय है। कराटे खेल भी, कला भी कराटे निहत्थे लडने की एक मार्शल आर्ट है। यह एक प्रकार की कला है जिसमें हाथों तथा पैरों से वार करना तथा दुश्मन के वार को रोकना शामिल होता है।

जिस व्यक्ति को कराटे की तकनीक पता हो वह अपने दुश्मन को बिना किसी हथियार के हरा सकता है। एक कराटे एक्सपर्ट सामने वाले को एक ही वार में चित भी कर सकता है। जहां जूडो आत्मरक्षा के लिए इस्तेमाल की जाती है वहीं कराटे में दुश्मन पर वार भी किया जा सकता है। कराटे में शारीरिक संपर्क बहुत सीमित रखा जाता है और चोट से बचने के लिए वार को नियंत्रित रखा जाता है। कराटे एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है 'खाली हाथ'। कराटे में शरीर की ताकत स्ट्राइकिंग प्वाइंट पर केंद्रित की जाती है। स्ट्राइकिंग प्वाइंट में हाथ, पैर का अलग भाग, एड़ी, बाजू, घुटना तथा कोहनी शामिल होते हैं।



### स्वरोजगार

# कागज़ उद्योग

देश में सामाजिक-आर्थिक विकास की दृष्टि से कागज़ उद्योग देश का सबसे पुराना और अति महत्वपूर्ण उद्योग है। इस उद्योग का अनुमानित आकार 25000 करोड़ रुपये ( 5.95 बिलियन डॉलर) है। विश्व के कागज और कागज बोर्ड उत्पाद में इसका हिस्सा लगभग 1.6 प्रतिशत है। इस उद्योग से 1.20 लाख लागों को प्रत्यक्ष रूप से और 3.40 लाख लोगों को परेक्ष रूप से रोजगार मिला हे। अधिकतर पेपर मिल पिछले लम्बे अर्से से कार्य कर रहे हैं और इस प्रकार वर्तमान समय में इनमें पुरानी से लेकर अति आधुनिक तकनीक वाली दोनों प्रकार की प्रौद्योगिकियाँ इस्तेमाल हो रही हैं।
पिछले पाँच वर्षों से कागज़ की खपत लगभग 6 प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ रही है। कागज़ उद्योग को कागज के उत्पादन की किस्म के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है; जैसे क्रीमवोव, मैपलिथो, कोपलर, कोटेड पेपर, इंडिस्ट्रयल पेपर और स्पेस्लिटी पेपर। इंडिस्ट्रयल पेपर अधिक मात्रा में इस्तेमाल होता है, जो कि कुल खपत का लगभग 60 प्रतिशत है। अभी तक कागज उद्योग की वृद्धि सकल घरेलू उत्पाद में हुई वृद्धि के बराबर रही है और पिछले कुछ वर्षों के दौरान इसमें औसतन 6-7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विश्व स्तर पर भारत में कागज का बाजार तेजी से बढ़ रहा है ओर यह उत्सावर्धक स्थिति को दर्शाता है। आर्थिक संवृद्धि के साथ कागज की खपत में भी अत्याधिक उछाल आने की संभावनाएँ हैं और यह 2015-16 तक 13.95 मिलियन टन तक पहुँच सकता है। भावी अनुमान यह हे कि कागज की खपत में सकल घरेलू उत्पाद के गुणांकों में वृद्धि होगी और इस प्रकार प्रति व्यक्ति 1 किलाग्राम खपत की वृद्धि से उसकी मांग में 1 मिलियन टन की वृद्धि होगी। उद्योग के अनुमानानुसार वर्ष 2012-13 तक कागज़ उत्पादन 8.4 प्रतिशत संचयी वार्षिक वृद्धि दर(सीएजीआर) से बढ़ा है, जबकि कागज की खपत 9 प्रतिशत संचयी वार्षिक वृद्धि दर(सीएजीआर) से बढ़ी है। कम खर्च व लागत में कागज उद्योग स्वरोजगार का बेहतर जरिया बन सकता है।




# पैरा-मैडीकल कोर्सेज में संवारें कॅरिअर

यदि आपकी बारहवीं परीक्षा की श्रेणी या अंक बहुत अच्छे नहीं हैं तो निराश होने की आवश्यकता नहीं है। इसकी वजह यह है कि पैरा-मैडीकल कोर्सेज में प्रवेश के लिए सी.पी.एम.टी. जैसी कठिन प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होती। डॉक्टर जब मरीज को देख लेता है उसके बाद (कुछ मामलों में डाक्टर से पहले भी) सारा काम पैरा-मैडीकल के लोग ही संभालते हैं।

मरीज के खून, पेशाब, बलगम, वीर्य, टिश्यू आदि की जांच करनी हो, उसका एक्स-रे, ई.सी.जी., ई.ई.जी., एम.आर.आई., अल्ट्रा साऊंड, सी.टी. स्कैन, टी.एम.टी.,पी.एफ.टी., मैमोग्राफी आदि इंजेक्शन व दवा देनी हो तथा इसके अलावा भी अनेक ऐसे काम हैं जिसे पैरा-मैडीकल स्टाफ ही करता है। आप्रेशन करते समय एक डाक्टर को असिस्ट करने के लिए पैरा-मैडीकल स्टाफ होता है। मैडीकल फील्ड का लगभग सारा टैक्निकल स्टाफ पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही आता है।

इसके तहत प्रमुख कोर्स व संबंधित कार्य इस प्रकार हैं- मैडीकल लैब टैक्नोलॉजी , एक्स-रे टैक्नोलॉजी एंड रेडियोलॉजी/रेडियोग्राफी, ऑप्टोमीट्री या ऑप्थाल्मिक टैक्नोलॉजी, प्रॉस्थैटिक एवं ऑथोटिक इंजीनियरिंग, फिजियोथैरिपी एंड ऑकुपेशनल थैरेपी, डैंटिस्ट असिस्टैंट, स्पीच थैरेपी एंड ऑडियोलॉजी, क्लीनिकल चाइल्ड डिवैल्पमैंट, रिहैबिलिटेशन, मैडीकल ट्रांसक्रिप्शन, कम्युनिटी हैल्थ वर्कर्स कोर्स (मेल/फीमेल/मल्टीपर्पज़) ऑप्रेशनल थैरेपिस्ट असिस्टैंट/ ऑप्रेशन थिएटर असिस्टैंट व टैक्नीशियन कोर्स, कॉर्डियोलॉजी टैक्नीशियन कोर्स, सी.टी. स्कैन टैक्नीशियन कोर्स।

इनके साथ ही फॉर्मेसी, नर्सिंग एवं मिडवाइफरी तथा साइकोलॉजी की गणना भी पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही की जाती है। उपरोक्त सभी कोर्सों में सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, बी.एससी., एम.एससी., बैचलर या मास्टर डिग्री विभिन्न मान्यता प्राप्त संस्थानों में प्रदान की जाती है।

संस्थान

- पोस्ट ग्रैजुएट इंस्टीच्यूट ऑफ मैडीकल एजुकेशन एंड रिसर्च, सैक्टर-11,चंडीगढ़-1600012
- पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रैजुएट इंस्टीच्यूट ऑफ मैडीकल साइंसेज, रोहतक-124001, हरियाणा।
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110007

## मणिपुर के डीजीपी ने पेरिस ओलंपियन मीराबाई चानू, नीलकांत शर्मा को किया सम्मानित

**एजेंसी**

**इंफाल।** मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह ने अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले एथलीट मीराबाई चानू और शांगलाकपम नीलकांत शर्मा को पुलिस मुख्यालय, इंफाल में सम्मानित किया। पेरिस ओलंपिक में भारत का अभियान पांच कांस्य और एक रजत सहित छह पदकों के साथ समाप्त हुआ।

मणिपुर पुलिस ने एक्स पर सम्मान समारोह की झलकियाँ साझा कीं और लिखा, मणिपुर के 2024 पेरिस ओलंपियन अर्थात् सुश्री मीराबाई चानू और शांगलाकपम नीलकांत शर्मा को पुलिस मुख्यालय, इंफाल में अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ डीजीपी मणिपुर द्वारा सम्मानित किया गया। मणिपुर पुलिस उनकी उपलब्धियों और राष्ट्र के प्रति योगदान पर गर्व है और उनके भविष्य के प्रयासों में सभी प्रोत्साहन और समर्थन का आश्वासन दिया गया है।चानू और नीलकांत शर्मा मणिपुर से हैं। चानू मामूली अंतर से पोडियम स्थान से चूक गईं और महिलाओं की 49 किग्रा भारोत्तोलन स्पर्धा में कुल 199 किग्रा के साथ चौथा स्थान हासिल किया।

इस बीच, नीलकंठ शर्मा को कृष्ण बहादुर पाठक और जुगराज सिंह के साथ भारत की पुरुष हॉकी टीम की वैकल्पिक खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्पेन पर 2-1 की जीत के बाद ओलंपिक में 52 वर्षों में पहली बार लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीता।

## ह्यूजेस अगले सत्र में सभी चैंपियनशिप और टी20 विटैलिटी ब्लास्ट मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा अगले साल काउंटी चैंपियनशिप के लिए ससेक्स की टीम का हिस्सा नहीं होंगे, क्योंकि इंग्लिश क्लब ने उन्हें हटाकर ऑस्ट्रेलियाई डेनियल ह्यूजेस की सेवाएं बरकरार रखने का फैसला किया है। बाएं हाथ के ह्यूजेस अगले सत्र में सभी चैंपियनशिप और टी20 विटैलिटी ब्लास्ट मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। क्लब ने यह भी घोषणा की कि वेस्टइंडीज के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडन सेल्स चैंपियनशिप के पहले ब्लॉक में खेलेंगे। पुजारा ने ह्यूजेस के आने से पहले पहले सात चैंपियनशिप मैच खेले थे।

ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फारब्रेस ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा, चेतेश्वर की जगह लेना कोई आसान काम नहीं है, लेकिन डैन ने शानदार तरीके से काम किया है और हम सभी खुश हैं कि वह अगले पूरे सत्र के लिए वापस आ जाएंगे। ह्यूजेस इस साल के ब्लास्ट के ग्रुप स्टेज में 43.07 की औसत से 560 रन बनाकर सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, जिसमें पाँच अर्द्धशतक और नाबाद 96 रन का उच्चतम स्कोर शामिल था। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने 4 सितंबर को घरेलू मैदान पर लंकाशायर लाइटनिंग के खिलाफ़ क्वार्टर फ़ाइनल में ससेक्स की मदद की। वह इस सीजन में ससेक्स के अंतिम पाँच चैम्पियनशिप खेलों में भी शामिल होंगे।

## यूटीटी 2024 : बेंगलुरु स्मैशर्स ने अल्वारो रॉबल्स को कप्तान नियुक्त किया

**चेन्नई।** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) 2024 में स्टार स्पेनिश पैडलर अल्वारो रॉबल्स बेंगलुरु स्मैशर्स टीम की कप्तानी करेंगे। यूटीटी 2024 की शुरुआत शुक्रवार को चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में हो रही है, पहले मैच में चेन्नई लायंस का सामना बेंगलुरु स्मैशर्स की टीम से होगा। 33 वर्षीय रॉबल्स प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की एक टीम का नेतृत्व करेंगे, जिसमें भारतीय शीर्ष खिलाड़ी मनिका बत्रा, यूएसए की सनसनी लिली झांग, युवा जीत चंद्रा और तनीषा कोटेचा और बेहद अनुभवी अमलराज एंथोनी शामिल हैं।

रॉबल्स अल्टीमेट टेबल टेनिस में अपने चौथे वर्ष में हैं और पीबीजी बेंगलुरु स्मैशर्स के साथ उनका यह पहला वर्ष है। दो बार के ओलंपियन, रॉबल्स ने पिछले सीज़न के यूटीटी फ़ाइनल में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें भारतीय महान अचंता शरथ कमल को 3-0 से हराया था। पीबीजी बेंगलुरु स्मैशर्स के मालिक पुनीत बालन ने कहा, हम अल्वारो रॉबल्स को पीबीजी बेंगलुरु स्मैशर्स का कप्तान बनाकर बहुत खुश हैं। अल्वारो का ट्रैक रिकॉर्ड अपने आप में बहुत कुछ कहता है - वह एक सिद्ध चैंपियन हैं और उनके पास लीडर का दिल है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और इस लीग में उनका अनुभव उन्हें हमारी टीम का नेतृत्व करने के लिए एकदम सही विकल्प बनाता है। हम एक ऐसी टीम बनाने में विश्वास करते हैं जो उत्कृष्टता और टीमवर्क का प्रतीक हो, और अल्वारो के नेतृत्व में, हम इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि इस सीज़न में स्मैशर्स के लिए क्या होने वाला है।

## मैंने 5 आईपीएल ट्रॉफी जीती हैं, अब मैं रुकने वाला नहीं हूं : रोहित शर्मा

**मुंबई।** रोहित शर्मा ने अपने टी20 करियर की शुरुआत 2007 में विश्व कप खिताब जीतकर की थी। आखिरकार 2024 का टी20 विश्व कप जीतकर उन्होंने अपने टी20 करियर को विराम भी दे दिया। रोहित आईपीएल में सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। उनकी कप्तानी में ही मुंबई इंडियंस ने पांच ट्रॉफियां जीती हैं। वह अपनी कप्तानी में एशिया कप भी जीते हैं। अब उनकी योजना भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और चैंपियंस ट्रॉफी में जीत दिलाने की है। रोहित ने मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मेरे पास 5 आईपीएल ट्रॉफी जीतने का एक कारण है। मैं रुकने वाला नहीं हूं, क्योंकि एक बार जब आपको खेल जीतने, कप जीतने का स्वाद मिल जाता है, तो आप रुकना नहीं चाहते हैं ।

# बीबीएल 2024 : ब्रिसबेन हीट में वापसी कर सकते हैं पॉल वाल्टर

**एजेंसी**

**मेलबर्न।** पिछले सत्र में ब्रिसबेन हीट की बिग बैश लीग (बीबीएल) खिताबी सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर पॉल वाल्टर अगले महीने के ड्राफ्ट के लिए नामांकन के नवीनतम बैच में शामिल होने के बाद प्रतियोगिता में वापसी कर सकते हैं।



बाएं हाथ के तेज गेंदबाज और आक्रामक बल्लेबाज वाल्टर ने पिछले संस्करण में हीट के लिए 17 विकेट लिए थे और उन्हें आठ मुख्य कोचों द्वारा वोट किए गए टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम में नामित किया गया था। हीट के पास वाल्टर को रिटेन करने के अधिकार हैं। एक महत्वपूर्ण कारक यह है कि वह फ्लाइट सहित पूरी तरह से उपलब्ध है और माइकल नेसर, जेवियर बार्टलेट, स्पेंसर जॉनसन और स्पिन ट्विन्स मैट कुहनेमैन और मिशेल स्वेपसन सहित उनके विविध आक्रमण को पूरक बनाने के बाद वह फिर से उनके लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं। हालांकि अधिकांश केवल छह से नौ खेलों के लिए ही उपलब्ध हैं। इंग्लैंड को न्यूजीलैंड में टेस्ट सीरीज खेलनी है जो बीबीएल शुरू होने के तीन दिन बाद खत्म होगी और फिर अगले साल 22 जनवरी से भारत का सीमित ओवरों का दौरा शुरू होगा। काफी संख्या में खिलाड़ियों के पास आईएलटी20 या एसए20 डील भी हैं। हालांकि, ओली स्टोन, डैन लॉरेंस, जॉर्डन कॉक्स और जो क्लार्क सहित कुछ खिलाड़ियों की दिलचस्पी बढ़ सकती है। लेगस्पिनर रेहान अहमद, जिन्हें पिछले सीजन में सिडनी सिक्सर्स ने ड्राफ्ट किया था, लेकिन जब उन्हें वेस्टइंडीज दौरे के लिए चुना गया तो उन्होंने नाम वापस ले लिया, उन्होंने फिर से नामांकन किया है।पाकिस्तान के ऑलराउंडर इमाद वसीम, जिनके लिए मेलबर्न स्टार्स के पास रिटेंशन अधिकार हैं, पूरी तरह से उपलब्ध हैं, साथ ही पिछले सीजन में सिडनी थंडर के लिए खेलने वाले तेज गेंदबाज जमान खान भी पूरी तरह से उपलब्ध हैं।

इंग्लैंड के खिलाड़ियों का भी डब्ल्यूबीबीएल के नवीनतम नामांकन में मजबूत प्रतिनिधित्व है। पिछले हफ्ते हंड्रेड फाइनल में निर्णायक भूमिका निभाने वाली और कप्तान हीथर नाइट की प्रशंसा पाने वाली डैनी गिब्सन ने पिछले सीजन में चैंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए मध्य क्रम में 147.43 की औसत से रन बनाए और दस विकेट लिए। उन्हें फिलहाल पूरी तरह से उपलब्ध नहीं माना जा रहा है, हालांकि इंग्लैंड को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज खेलनी है, जो डब्ल्यूबीबीएल फाइनल के साथ ओवरलैप होती है।

**बीबीएल क्लबों द्वारा रिटेंशन खिलाड़ियों की सूची-**

एडिलेड स्ट्राइकर्स: एडम होज़, जेमी ओवरटन, डेविड पायने

ब्रिस्बेन हीट: पॉल वाल्टर, टॉम बैंटन

होबार्ट हरिकेंस: कोरी एंडरसन, सैम हैन

मेलबर्न रेनेगेड्स: जो क्लार्क, जॉर्डन कॉक्स, मुजीब उर रहमान

मेलबर्न स्टार्स: डैन लॉरेंस, इमाद वसीम, लियाम डॉसन, ओली स्टोन, उसामा मीर, हारिस राऊफ़

पर्थ स्कॉर्चर्स: जैक क्रॉली, स्टीफन एस्किनाज़ी, लॉरी इवांस, टाइमल मिल्स

सिडनी सिक्सर्स: इज़हारुलहक नवीद, रेहान अहमद, जेम्स विंस

सिडनी थंडर: एलेक्स हेल्स, ज़मान खान, टॉम कोहलर-कैडमोर

## हाकी चैंपियनशिप : साइ ने नार्दर्न रेलवे का दी मात



**एजेंसी**

**लखनऊ।** हाकी लीग सीनियर मेन चैंपियनशिप टूर्नामेंट में दो मैच खेले गये। पहले मैच में साइ लखनऊ की टीम ने नार्दन रेलवे को हरा दिया। वहीं दूसरा मुकाबला उप्र पुलिस और स्पार्ट्स हास्टल के बीच हुआ, जिसमें दोनों टीमें बराबर पर रहीं। ट्राइ ब्रेकर के माध्यम से स्पोर्टस हास्टल ने मैच में विजय प्राप्त की। दोपहर बाद मोहम्मद शाहिद स्टेडियम, विजयंत खंड में शुरू हुए पहले मैच में साइ और नार्दन रेलवे ने पहले हाफ में जबरदस्त टक्कर दिये और कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ में 27वें मिनट में साइ ने एक गोल कर बढ़त बना ली। इसके बाद लगातार साइ की टीम आगे बढ़ती गयी। तीसरे हाफ में 35वें और 43 मिनट में एक-एक गोल दागे। वहीं चौथे हाफ में 47वें मिनट, 49वें मिनट, 57वें मिनट, 59वें मिनट में गोलकर नार्दन रेलवे को 7-0 से हरा दिया।

वहीं दूसरे मैच में स्पोर्टस हास्टल और उप्र पुलिस के बीच जबरदस्त टक्कर हुई। पहले हाफ में काई भी टीम गोल नहीं कर सकी। वहीं दूसरे हाफ में 20वें मिनट में उप्र पुलिस ने पहला गोल किया, लेकिन तुरंत 22वें मिनट में स्पोर्टस हास्टल ने एक गोल कर बराबरी कर दी। तीसरे हाफ में 32वें मिनट में पुनः उप्र पुलिस ने एक गोल किया। इसके बाद तीसरे हाफ के ही 39वें मिनट में स्पोर्टस हास्टल ने एक गोल कर बराबरी करते हुए चौथे हाफ के 52वें मिनट में एक गोल कर बढ़त बना ली। 53वें मिनट में उप्र पुलिस ने एक गोलकर बराबरी कर ली। इसके बाद ट्राई ब्रेकर माध्यम से हुए मैच में स्पोर्टस हास्टल ने तीन-एक से मैच को जीत लिया।

## उम्मीद है कि कबड्डी 2036 ओलंपिक का हिस्सा होगा : पोलैंड कबड्डी महासंघ अध्यक्ष स्पिज़्को

**एजेंसी**

**वारसॉ।** पोलैंड के कबड्डी महासंघ के अध्यक्ष मिशल स्पिज़्को को उम्मीद है कि कबड्डी ओलंपिक 2036 का हिस्सा होगा। मिशल स्पिज़्को ने यह भी उम्मीद जताई कि पीएम मोदी को 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत पर दबाव डालना चाहिए और इस टूर्नामेंट में कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देना चाहिए। कबड्डी के माध्यम से भारत और पोलैंड के बीच संबंध के बारे में बात करने के एक दिन बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वारसॉ में पोलैंड के कबड्डी महासंघ के अध्यक्ष मिशल स्पिज़्को और इसके बोर्ड सदस्य अन्ना कलबार्स्की से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद स्पिज़्को ने कहा, मैंने उनसे बहुत सकारात्मक ऊर्जा महसूस की। उन्हें इस बात पर बहुत गर्व था कि अहमदाबाद में स्टेडियम बनाने की जिम्मेदारी उन्हीं की थी, क्योंकि वे गुजरात से हैं और इसी स्टेडियम में मैंने 2016 में अहमदाबाद में हुए विश्व कप के दौरान खेला था। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे व्यक्ति का इस पद पर होना, भारत को हर खेल में मजबूत बनाने का एक शानदार अवसर है। भारत को 2036 के ओलंपिक खेलों के लिए प्रयास करना चाहिए और मुझे उम्मीद है कि कबड्डी इस ओलंपिक में शामिल होगी।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पोलैंड में कबड्डी को आगे बढ़ाने और यूरोप में खेल को लोकप्रिय बनाने के लिए उनके समर्पण के लिए स्पिज़्को और कलबार्स्की की सराहना की। उन्होंने भारत और पोलैंड के बीच द्विपक्षीय संबंधों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में खेलों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इससे पहले, वारसॉ में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पोलैंड और भारतीयों का कबड्डी के माध्यम से भी संबंध है।

प्रधानमंत्री ने कहा, आप जानते हैं कि भारत के हर गांव में कबड्डी खेली जाती है। यह खेल भारत से पोलैंड पहुंचा और पोलैंड के लोगों ने कबड्डी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। पोलैंड लगातार दो वर्षों से यूरोपीय कबड्डी चैंपियन रहा है। मुझे बताया गया है कि 24 अगस्त से फिर से कबड्डी चैंपियनशिप होने जा रही है और पहली बार पोलैंड इसकी मेजबानी कर रहा है। मैं आपके माध्यम से पोलिश कबड्डी टीम को अपनी शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय विविधता के साथ जीना जानते हैं और उसका जश्न मनाना भी जानते हैं। पोलैंड की पुरुष राष्ट्रीय टीम ने अहमदाबाद में 2016 कबड्डी विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। उनका शानदार पल तब आया जब उन्होंने प्रारंभिक ग्रुप मैच में तत्कालीन विश्व चैंपियन ईरान को हराया।

भारत की प्रो कबड्डी लीग में दो पोलिश खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। पोलिश स्टार डिफेंडर मिशल स्पिज़्को प्रो कबड्डी लीग में खेलने वाले पहले यूरोपीय खिलाड़ी थे, जब उन्हें 2015 में बेंगलुरु बुल्स ने खरीदा था। वह प्रतियोगिता के 2016 संस्करण में भी टीम के साथ थे। 2023 की खिलाड़ी नीलामी में बेंगलुरु बुल्स द्वारा चुने जाने के बाद पियोट्र पामुलक प्रो कबड्डी लीग में खेलने वाले दूसरे पोलिश खिलाड़ी बन गए।

## डूरंड कप क्वार्टर फाइनल : मोहन बागान का पीएफसी से मुकाबला; बेंगलुरु के सामने केरला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की चार टीमें - गत चैंपियन मोहन बागान एसजी, पंजाब एफसी (पीएफसी), बेंगलुरु एफसी और केरला ब्लास्टर्स एफसी - डुरंड कप 2024 के अंतिम दो सेमीफाइनल स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और शिलांग लाजोंग एफसी पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर चुके हैं, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने भारतीय सेना फुटबॉल टीम को हराया और शिलांग लाजोंग एफसी ने ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ आश्चर्यजनक जीत हासिल की। ??

आईएसएल की मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी बनाम शिलांग लाजोंग एफसी मैच का विजेता फाइनल में पहुंचेगा। अब ध्यान शेष क्वार्टर फाइनल मुकाबलों पर केंद्रित है। मोहन बागान एसजी का मुकाबला पंजाब एफसी से होगा, जबकि बेंगलुरु एफसी का सामना केरला ब्लास्टर्स एफसी से होगा। टूर्नामेंट के तीसरे नॉकआउट गेम में पुराने और नए का मिश्रण होगा क्योंकि मोहन बागान एसजी का मुकाबला पंजाब एफसी से होगा।

बेंगलुरु एफसी की टीम साल्ट लेक स्टेडियम में केरला ब्लास्टर्स की मेज़बानी में अपने अपराजित रिकॉर्ड के अनुसार, बेंगलुरु एफसी ने तीन मैचों में 10 गोल किए हैं और 9 अंक अर्जित किए हैं, जबकि केरल ब्लास्टर्स ने समान मैचों में 16 बार गोल किया है।



को परखने उतरेगी। केरला ब्लास्टर्स अपने ग्रुप में शीर्ष पर रही, जिसमें सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स, पंजाब एफसी और मुंबई सिटी शामिल थे। दूसरी ओर, बेंगलुरु एफसी ने इंडियन नेवी, इंटर काशी और मोहम्मडन एससी के खिलाफ़ कड़ी टक्कर के बाद अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। दोनों टीमें डिफेंसिव रूप से मजबूत रही हैं और दोनों ने मिलकर केवल तीन गोल खाए हैं। आईएसएल

मैच विवरण:

क्वार्टर-फाइनल नंबर 3 - 23 अगस्त, शाम 4:00 बजे: मोहन बागान सुपर जायंट बनाम पंजाब एफसी (जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जमशेदपुर)

क्वार्टर-फाइनल नंबर 4 - 23 अगस्त, शाम 7:00 बजे:बेंगलुरु एफसी बनाम केरल ब्लास्टर्स एफसी (विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन, कोलकाता)।

## लुसाने डायमंड लीग 2024 : पुरुष भाला फेंक फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 89.49 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके लुसाने डायमंड लीग में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने 90.61 मीटर का शानदार फाइनल थ्रो करके शीर्ष स्थान हासिल किया।

नीरज ने रात के अधिकांश समय 83 मीटर की रेंज में थ्रो करने के बाद, पांचवें और छठे प्रयास में दो क्लच थ्रो कर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में शीर्ष दो में रहने के रिकॉर्ड को बरकरार रखा। 26 वर्षीय नीरज ने 82.10 मीटर, 83.21 मीटर और 83.13 मीटर की थ्रो के साथ शुरुआत करते हुए संघर्ष किया। इससे अधिक ऊंचाई तक पहुंचने में उनकी असमर्थता का मतलब था कि पीटर्स, जूलियन वेबर, आर्टुर फेलनर और रोडरिक डीन जेनकी जैसे खिलाड़ी उनसे आगे निकल गए। थ्रो के चौथे राउंड के अंत तक नीरज चौथे स्थान पर थे। इसके बाद मौजूदा विश्व चैंपियन ने पांचवें प्रयास में 85.58 मीटर थ्रो करके शीर्ष तीन में जगह बनाई, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि वह अंतिम थ्रो के लिए प्रतिस्पर्धा में बने रह सकते हैं। पिछली बार नीरज शीर्ष तीन से बाहर 2018 में ज्यूरिख में डायमंड लीग में रहे थे। पीटर्स ने 90.61 मीटर का बड़ा थ्रो करके अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अंतिम के लिए बचाकर रखा, जो उनका इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ और मीट रिकॉर्ड है। वेबर अपने अंतिम थ्रो में केवल 82.33 मीटर ही फेंक पाए।

नीरज ने अंतिम थ्रो में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, लेकिन भाला 90 मीटर के निशान से थोड़ा कम रह जाने के कारण वे निराश हो गए। उनका 89.49 मीटर का थ्रो उनके इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ और अब तक का उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, लेकिन वे एक बार फिर 90 मीटर के निशान से चूक गए।

## टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए नई रणनीति पर काम कर रहा ICC, खिलाड़ियों को होगा फायदा

**एजेंसी**

**सिडनी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम 150 लाख अमेरिकी डॉलर का अलग से कोष तैयार करने पर विचार कर रहा है जिससे खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने में मदद मिलेगी और उन्हें केवल आकर्षक टी20 फ्रेंचाइजी लीग पर ध्यान केंद्रित करने से रोका जा सकेगा। रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इस तरह का प्रस्ताव रखा है जिसे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) का समर्थन हासिल है। शाह अभी आईसीसी अध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। इस कोष से टेस्ट क्रिकेटरों की न्यूनतम मैच फीस में बढ़ोतरी होगी और यह विदेशी दौरों पर टीमों को भेजने की लागत को कवर करेगा। इससे वेस्टइंडीज जैसे क्रिकेट बोर्ड को मदद मिलेगी जिसके खिलाड़ी के टेस्ट क्रिकेट के बजाय वैश्विक टी20 प्रतियोगिताओं में खेलने को प्राथमिकता दे रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया, 'इस कोष के बनने के बाद सभी खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम भुगतान सुनिश्चित होगा जो लगभग 10000 डॉलर होगा।

## जापान ओपन 2024: सतीश कुमार करुणाकरण की हार के साथ ही भारतीय चुनौती समाप्त

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय शटलर सतीश कुमार करुणाकरण की योकोहामा में पुरुष एकल स्पर्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल में हार के साथ ही जापान ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।

विश्व में 47वें स्थान पर काबिज सतीश कुमार करुणाकरण को विश्व स्तर पर 40वें स्थान पर मौजूद थाईलैंड के कांटाफोन वांगचारोएन के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। एक घंटे और 10 मिनट तक चले इस मैच में करुणाकरण को 21-18, 18-21, 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। मजबूत शुरुआत के बावजूद, जहां




वह पहले गेम में 18-13 से पिछड़ने के बाद वापसी करने में सफल रहे, हालांकि बाद के गेम में वह अपनी गति बरकरार नहीं रख सके। दूसरे गेम में, सतीश ने शुरुआत में मध्य-खेल के अंतराल में 11-9 की बढ़त बना ली और अपनी बढ़त को 15-11 तक बढ़ा दिया। हालाँकि, वांगचारोएन ने अगले 13 में से 10 अंक जीते, जिससे मैच निर्णायक तीसरा गेम में चला गया।

अंतिम गेम में वांगचारोएन ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और 13-3 की बढ़त बना ली और अंततः क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

बता दें कि पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन सहित भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों ने जापान ओपन में भाग नहीं लिया था।

## सैफ अंडर-20 चैंपियनशिप : मालदीव के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखना भारत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम नेपाल के एएनएफए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सैफ अंडर-20 चैंपियनशिप में मालदीव के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखना चाहेगी।भारतीय टीम ने भूटान के खिलाफ अपना पहला मैच 1-0 से जीता था, इस मैच में मोनिरुल मोल्ला ने केल्विन सिंह ताओरेम के सहयोग से मैच का एकमात्र गोल किया। ।लेकिन मुख्य कोच रंजन चौधरी को वनलालपेका गुइटे और प्रमवीर के प्रतिस्थापन खोजने के लिए टीम की गहराई में जाना होगा, दोनों को उनके शुरुआती गेम में लाल कार्ड के बाद निलंबित कर दिया गया है। चौधरी ने एआईएफएफ वेबसाइट से बातचीत में कहा, जिस तरह से हमारे लड़कों ने दो रेड कार्ड के बाद



संघर्ष किया वह वास्तव में सराहनीय है। नौ खिलाड़ियों के साथ एक स्थिर संरचना स्थापित करना आसान नहीं है, लेकिन वे किले पर कब्जा करने में कामयाब रहे। यह उनके चरित्र के बारे में बहुत कुछ बताता है। भारत अपना पहला मैच जीतकर ग्रुप बी में शीर्ष पर है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए भारत 26 अगस्त को नेपाल से खेलेगा। मेजबान नेपाल ने आज ग्रुप चरण मैच में बांग्लादेश को 2-1 से हराया। भारत के कप्तान रिकी मैतेई ने एआईएफएफ वेबसाइट को बताया, बेशक, हम यहां सैफ चैंपियन बनने के लिए हैं। यह पहली बार है जब मैं अंडर-20 स्तर पर खेल रहा हूं, इसलिए चीजें थोड़ी अलग हैं। हर देश धीरे-धीरे सुधार कर रहा है, लेकिन हम भी एक मजबूत पक्ष हैं, लेकिन हमने पिछले साल से बहुत सुधार किया है। यहां हर खिलाड़ी घरेलू फुटबॉल में वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ किसी क्लब में खेल रहा है, जिसका मतलब है कि यहां हर कोई एक निश्चित स्तर के अनुभव के साथ आता है। दूसरी ओर, मालदीव 21 अगस्त को भूटान से अपना एकमात्र गेम 1-2 से हारकर अभी तक एक अंक अर्जित नहीं कर पाया है।

# लखनऊ के आदित्य ने मेरठ के नुकुल को हराया, मेरठ के अमन ने कानपुर के अर्णव को दी मात

**एजेंसी**

**लखनऊ।** लखनऊ जोन ए के आदित्य सिंह अलेरिया, मोहम्मद अयान खान, प्रांजल जोशी, दिव्यांशु बिष्ट ने सीआईएससीई (यूपी-यूके) रीजनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में अपने-अपने वर्गों में सेमीफाइनल मुकाबलों में जीत के साथ फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। पहले दिन खेले गए अंडर-14 आयु वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में 34-36 किग्रा में कानपुर उत्तर के अक्षत सिंह ने कानपुर दक्षिण के आर्यन द्विवेदी को व लखनऊ जोन ए के आदित्य सिंह अलेरिया ने मेरठ के नुकुल को हराया। सेंट थॉमस मिशन हाई, स्कूल, लखनऊ द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बाक्सिंग हाल में आयोजित तीन दिवसीय टूर्नामेंट के पहले दिन लखनऊ जोन बी के अविरल गुप्ता, उन्नत गुप्ता, यजदान ने भी सेमीफाइनल में जीत दर्ज की। 28-30 किग्रा भार वर्ग में लखनऊ जोन बी के अविरल गुप्ता ने कानपुर-दक्षिण जोन के अहद खान को व मेरठ के अमन ने कानपुर उत्तर के अर्णव मिश्रा को हराया। 30-20 किग्रा वर्ग में लखनऊ जोन बी के उन्नत गुप्ता ने कानपुर दक्षिण के अग्रज पाण्डेय को व लखनऊ जोन ए के मोहम्मद अयान खान ने कानपुर उत्तर के अंकित मिश्रा को हराया।40-42 किग्रा में मेरठ के इंद्रजीत



सिंह ने कानपुर दक्षिण के प्रथम शुक्ला को व लखनऊ जोन ए के दिव्यांशु बिष्ट ने कानपुर उत्तर के रेहान अख्तर को हराया। 48-50 किग्रा भार वर्ग में कानपुर उत्तर के शौर्य वर्द्धन ने कानपुर दक्षिण के मयंक यादव को व मेरठ के अविरल दीक्षित ने लखनऊ जोन ए के अक्षत द्विवेदी को हराया।इसके अलावा अन्य सेमीफाइनल मुकाबलों में 36-38 किग्रा में लखनऊ जोन ए के प्रांजल जोशी ने कानपुर उत्तर के क्षितिज मिश्रा को, 42-44 किग्रा में कानपुर उत्तर के वैभव कुमार शर्मा ने कानपुर दक्षिण के विनायक तिवारी को, 44-46 किग्रा में मेरठ के अणर्व सिंह ने कानपुर दक्षिण के सूर्यांश कुमार को व 46-48 किग्रा में लखनऊ जोन बी के यजदान ने लखनऊ जोन ए के मयंक चौरसिया को हराया।टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के खेल व युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ.रुपम दुबे तथा लखनऊ के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी की भी मौजूदगी रही। मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि खेल का आज जीवन में महत्व काफी बढ़ गया है। इसी के चलते अब ये कहा जाने लगा है कि पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब और खेलोगे कूदोगे, तब भी बनोगे नवाब।

## अर्चना कामथ ने उच्च अध्ययन के लिए टेबल टेनिस को कहा अलविदा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अर्चना कामथ, जो पेरिस ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम का हिस्सा थीं, ने उच्च अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रतिस्पर्धी खेल से संन्यास ले लिया है। मीडिया को जारी एक बयान में, दुनिया में 122वें स्थान पर काबिज बेंगलुरु की 24 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह पूरी तरह से शिक्षा के प्रति अपने प्यार के कारण खेल से दूर जा रही है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह निर्णय लेना आसान नहीं था, लेकिन अगर मैंने प्रतिस्पर्धी टेबल टेनिस से संन्यास लिया है, तो यह केवल और केवल शिक्षाविदों के प्रति मेरे प्यार के कारण है। टेबल टेनिस एक अद्भुत खेल है जिसे मुझे लंबे समय तक खेलने का सौभाग्य मिला है और इसके प्रति मेरा प्यार जारी है। मैंने वित्तीय रिटर्न को ध्यान में रखकर टीटी के बारे में कभी नहीं सोचा और न ही खेला है।' अर्चना, जिनके माता-पिता नेत्र विज्ञान में विशेषज्ञता वाले डॉक्टर हैं, ने कहा कि टीटी और शिक्षाविदों दोनों ने उनके जीवन में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है और दोनों ने उन्हें वह व्यक्ति बनाया है जो वह हैं। उन्होंने कहा,' मैंने सार्वजनिक नीति में पूर्णकालिक दो वर्षीय मास्टर कार्यक्रम में दाखिला लेकर, पेरिस ओलंपिक के बाद अपनी उच्च शिक्षा को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।

## Don 3 में आइटम सॉन्ग करती नजर आएंगी

# शोभिता धुलिपाला

## मेकर्स के संग चल रही है बातचीत





शोभिता धुलिपाला इन दिनों नागा चैतन्य के साथ अपनी सगाई को लेकर चर्चा में हैं। कपल बहुत जल्द शादी भी करने वाला है। वहीं अब एक्ट्रेस से जुड़ी एक और जानकारी सामने आ रही है। खबर है कि रणवीर सिंह की डॉन 3 में शोभिता धुलिपाला को एक रोल ऑफर हुआ है।

**क्या होगा शोभिता का किरदार**

एक्ट्रेस इस समय फरहान अख्तर के साथ मीटिंग्स कर रही हैं और अगर बात बनती है तो नागार्जुन की बहू बहुत जल्द इस फिल्म में नजर आएंगी। जी न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार फरहान अख्तर ने शोभिता को एक आइटम सॉन्ग के लिए अप्रोच किया है। हालांकि अभी कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है लेकिन अगर बात बनती है तो दर्शकों को उनकी अदाओं का जादू जरूर देखने को मिलेगा।


**फैंस हुए नाराज**

डॉन 3 पर काफी समय से बातचीत चल रही है। पिछले साल फरहान अख्तर ने इसका टीजर ड्राप करके सभी को चौंका दिया था। दर्शकों को जब पता चला कि रणवीर सिंह नए डॉन होंगे तो कई लोग नाराज हो गए क्योंकि वो शाह रुख खान को दोबारा देखना चाहते हैं। बता दें कि साल 2006 में डॉन का पहला पार्ट आया था जिसमें शाह रुख खान नजर आए थे। इस एक्शन थ्रिलर के पार्ट 2 में भी उन्हीं का जलवा बरकरार रहा।

**फरहान ने दी थी सफाई**

फरहान अख्तर ने डॉन 3 में शाहरुख खान की जगह लेने के लिए उन्हें मिली आलोचना पर एक इंटरव्यू में अपनी बात रखी थी। उन्होंने कहा था,卐मैं हकीकत में इसे शुरू करने के लिए एक्साइटेड हूं। रणवीर एक अद्भुत इंसान हैं और एनर्जी से भरे हुए हैं। वह इस भूमिका के लिए बहुत अच्छे हैं। जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं रणवीर के अलावा फिल्म में कियारा आडवाणी नजर आएंगी। फिल्म अगले साल रिलीज होगी।

## आयरा खान ने शेयर किया VIDEO,पति नुपुर पर दिल खोलकर लुटाया प्यार, आमिर खान के दामाद का दिखा अलग अंदाज



आमिर खान की लाडली आयरा ने हाल ही में अपने पति नुपुर के संग एक वीडियो शेयर की है. इस वीडियो में दोनों की खास बॉन्डिंग नजर आ रही हैं. ये वीडियो उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है. आखिर क्या है इस वीडियो में खास आइए देखते हैं.बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की बेटी आयरा खान ने इसी साल लॉन्ग टर्म बॉयफ्रेंड नुपुर शिखरे के साथ शादी रचाई थी. कपल की शादी में आमिर खान और उनकी पूरी फैमिली ने खूब एंजॉय किया था. शादी के बाद से ही आयरा अक्सर पति संग अपने वीडियो शेयर करती रहती हैं. अब एक अनसीन वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह पति संग कोजी होती नजर आ रही हैं.

**क्या खास है लेटेस्ट वीडियो में**

बॉलीवुड के 'परफेक्शनिस्ट' आमिर खान की बेटी आयरा खान ने अपने पति नुपुर शिखरे का एक मजेदार और प्यारा वीडियो शेयर करते हुए उन्हें 'क्यूटी' कहा है.आयरा और आमिर के आधिकारिक फिटनेस ट्रेनर नूपुर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील वीडियो शेयर किया, जिसमें प्रेमी जोड़े की अनदेखी फुटेज देखी जा सकती है.

**आमिर की लाडली ने लुटाया पति पर प्यार**

सामने आए इस वीडियो में हम नूपुर को आयरा पर प्यार बरसाते हुए देख सकते हैं. वह इसमें उन्हें नेल पेंट लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं. उन्होंने अपने पोस्ट में सोहेल सेन और अक्षय राजे शिंदे के गाने 'इमोशनल फूल' का संगीत दिया है. नूपुर ने क्लिप को कैप्शन दिया,जब मैं तुम्हारे साथ होता हूं तो मैं 'मैं' होता हूं..सोहेल का यह गाना 'इमोशनल फूल' मुझे बहुत पसंद हैंकितनी प्यारी वाइब..यह बहुत पुरानी यादें ताजा कर देता है. 'बता दें कि आयरा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो को फिर से शेयर किया और लिखा, कितना प्यारा है. वीडियो को नेटिजन्स से बहुत प्यार मिला है. गौरतलब है कि दोनों ने 3 जनवरी, 2024 को मुंबई के बांद्रा इलाके में ताज लैंड्स एंड में दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में शादी रचाई थी. इसके बाद राजस्थान के उदयपुर में ताज लेक पैलेस में शादी सम्पन्न हुई थी.

## अनुष्का शर्मा-विराट कोहली लंदन से लौटेंगे भारत? बेटे अकाय के जन्म के 7 महीने बाद एक्ट्रेस बोलीं- जल्द मिलती हूं



बॉलीवुड एक्ट्रेस और भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा पिछले करीब 7 महीने से लंदन में हैं. बेटे अकाय के जन्म के बाद से एक्ट्रेस बेटी वामिका के साथ लंदन में ही हैं. विराट कोहली भी उनके साथ ही हैं और फैमिली टाइम एंजॉय कर रहे हैं. हाल ही में टी-20 वर्ल्डकप जीतने के बाद विराट के लंदन वापस जाने पर ये कयास लगने लगे थे कि दोनों अब लंदन में ही शिफ्ट हो रहे हैं. लेकिन, दोनों ने इस मामले पर चुप्पी साधे रखी. अब एक्ट्रेस ने अपने वतन वापसी को लेकर एक हिंट दिया है, जिसके बाद से फैंस काफी एक्साइटेड हैं.अनुष्का शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. अपने दोनों बच्चों के साथ ये स्टार कपल पिछले 7 महीनों से लंदन में हैं. कभी लंदन की सड़कों पर तो कभी भक्ति में डूबे नजर आए. अब अनुष्का ने अपनी वतन वापसी का इशारा किया है.

**क्या दिया हिंट**

दरअसल, अनुष्का ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक प्रोडक्ट का विज्ञापन शेयर किया है. उसे शेयर करते हुए अनुष्का ने लिखा, जल्द मिलती हूं. दरअसल, इस विज्ञापन में बताया है कि एक कंटेस्टेंट होगा और इसके जरिए फैंस को अनुष्का से मुंबई में मिलने का मौका मिलेगा. वीडियो में इसके बाद वो स्टेप्स बताए गए हैं, जिसके जरिए फैंस अनुष्का से मिल सकते हैं. हालांकि, इसमें यह नहीं बताया गया है कि अनुष्का फैंस से वर्चुअली मिलेगी या आमने-सामने. अब ये पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है.

**लंदन शिफ्टिंग पर कपल ने बनाई रखी चुप्पी**

पिछले दिनों ऐसी भी खबरें आई थी कि हो सकता है कि अनुष्का और विराट हमेशा के लिए लंदन शिफ्ट हो जाएं. खबरें थीं कि विराट रिटायरमेंट के बाद वहीं रहना चाहते हैं. हालांकि इस मसले पर दोनों ने कभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी.

**'चकदा एक्सप्रेस' में नजर आएंगी अनुष्का**

वर्कफ्रंट की बात करें तो विराट कोहली श्रीलंका सीरीज के खेलकर वापस लंदन लौटे हैं. वहीं, अनुष्का आखिरी बार साल 2018 में फिल्म 'जीरो' में नजर आई थी. ये फिल्म उनके अब तक के करियर की सुपरफ्लॉप फिल्म रहीं. इसके बाद से उन्होंने फिल्मी पर्दे से दूरी बना ली. पिछले साल उन्होंने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट की अनाउंसमेंट की, जिसमें बताया गया वह 'चकदा एक्सप्रेस' में नजर आएंगी. इस फिल्म में वह क्रिकेटर झूलन गोस्वामी का किरदार निभाने वाली हैं.

# करण जौहर

## और मनीष मल्होत्रा में कैसे हुई गहरी दोस्ती? डिजाइनर ने बताया डिनर डेट का किस्सा



बॉलीवुड गलियारों में करण जौहर और फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दोस्ती के चर्चे हैं। इनकी दोस्ती को तीन दशकों से अधिक समय हो चुका है। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में मनीष मल्होत्रा ने करण जौहर के साथ अपने करीबी रिश्ते के बारे में बात की और बताया कि वे कैसे दोस्त बने ?मनीष ने खुलासा किया कि वह करण से पहली बार तब मिले थे जब वह 1993 की फिल्म गुमराह में काम कर रहे थे,जिसे करण के पिता यश जौहर ने प्रोड्यूस किया था।



**मनीष मल्होत्रा ने सुनाया किस्सा**

मनीष ने वी आर युवा यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा, मैं तुम्हें बताऊंगा कि मैं उससे कैसे मिला। श्रीदेवी ने मुझे गुमराह के लिए बुलाया था, जिसे यश जौहर जी ने प्रोड्यूस किया था और सेट पर ही मेरी मुलाकात करण से हुई थी। इसके बाद मैं जब भी मैं सवालों के लिए यश जी को फोन करता था, करण फोन उठाते थे। मैं बस यही कहता था कि क्या मैं यश जी से बात कर सकता हूं ?

इसके बाद उन्होंने मुझे एक दिन टोक दिया कि तुम मुझे कभी हाय नहीं कहते। मैंने कहा उन्हें सॉरी बोली और हाय करण कहकर यश जी से बात करवाने के लिए कहा। फिर मैं सेट पर उनसे कई बार मिला और एक रात हमने डिनर के लिए बाहर जाने का फैसला किया और खूब सारी बातें कीं। इस तरह हम दोस्त बन गए।